माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद, बुधवार, 31 जनवरी 2024

वर्ष 4, अंक 311, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 16

मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा 15

# तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ, 60 सवाल दागे

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए ।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया

जमीन के बदले नौकरी घोटाला



और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

## घोटाला मामले में सीबीआई दाखिल करेगी आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को अवगत कराया कि वह राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में एक माह के भीतर पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष यह दलील दी। कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी।

## लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सोरेन ने ईडी को ईमेल भेजकर सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान देने के लिए तैयार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपये, एक एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

### भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

# पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी।

## सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

## श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई- महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

## फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

## एक नजर

### पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी की हादसे में मौत

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें अलवर के सोलंकी अस्पताल ले जाया गया, चिकित्सक विक्रांत सोलंकी ने बताया कि मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। मानवेन्द्र सिंह और उनके बेटे हमीर सिंह तथा चालक नरेंद्र का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक नेताओं ने शोक जताया है।

### रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मैडम तुसाद न्यूयॉर्क के प्रवक्ता टियागो मोगोडोरो ने कहा कि स्वामी रामदेव की प्रतिमा आध्यात्मिक ज्ञान और स्वास्थ्य के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिलासपुर आएंगे

**रामपुर/बिलासपुर।** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र गुरकीरत सिंह के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार की दोपहर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर अपराह्न 1:45 बजे बिलासपुर से सटी कालोनी में उतरेगा। कृषि राज्यमंत्री के पुत्र के विवाह समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत कई कैबिनेट और राज्यमंत्रियों के आने की संभावना है।

# सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत तीन परिवार के

## लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।



पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

- उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में
- अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

### सपा ने मारी बाजी

लोस चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

# जम्मू-कश्मीर में शक्तिशाली विस्फोटक बरामद

**जम्मू।** पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मलेशियाई बैटरी से लैस दो शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा श्मशान घाट के पास बेईन नाला के किनारे सुबह-सुबह तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाई गई पॉलिथीन में पैक दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। तत्काल बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। जांच में पता चला कि दोनों वस्तुएं आईईडी थीं। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक आईईडी एक प्लास्टिक बोतल के भीतर थी। बोतल और इसमें एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक 9वी बैटरी (मलेशियाई), एक सर्किट, स्प्लिंटर्स के रूप में काम करने वाले स्क्रू और विस्फोटक सामग्री जैसे घटक शामिल थे। इसके अतिरिक्त आईईडी रखने वाले प्लास्टिक कंटेनरों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से लेपित किया गया था।

# सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद



- छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 अन्य घायल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

# 84 आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र शासन ने मंगलवार को 84 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें एक ही जिले में तीन साल से जमे और हाल ही प्रोन्नत अफसरों को नई तैनाती दी गई है। कुछ अफसरों को उनके तैनाती स्थल पर ही प्रमोशन दिया गया है। इस तबादले में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात कई अफसर बदले गए हैं। यह तबादला लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

गृह सचिव डॉक्टर संजीव गुप्त और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को तैनाती स्थल पर ही एडीजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। डीआईजी कानून व्यवस्था एल रवि कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था बनाया गया हैं। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात जेपीसी आकाश कुलहरि को उनकी तैनाती स्थल पर आईजी बनाया गया है। कानपुर कमिश्नरेट में जेपीसी आनंद प्रकाश तिवारी को हटाकर आईजी भवन कल्याण बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के डीआईजी शलभ माथुर को वहीं आईजी रेंज बना दिया गया है।

### बदलाव : अब संजय पीलीभीत और जोगिंद्र रामपुर के डीएम

**लखनऊ।** रामपुर और पीलीभीत में जिलाधिकारी पद के तबादले में फेरबदल किया गया है। अब संजय कुमार सिंह रामपुर की जगह पीलीभीत के डीएम होंगे, जबकि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रामपुर के डीएम होंगे। विशेष सचिव गृह राजेश राय कौशांबी और विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्र को मऊ का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह को फर्रूखाबाद का डीएम व मऊ में डीएम रहे अरुण कुमार को विशेष सचिव नमामि गंगे बनाया गया है। अमरोहा की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह आगरा की सीडीओ बनाई गई हैं।

## पेपर लीक मामला

# आरआरबी के पूर्व अध्यक्ष को पांच साल की जेल

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 2010 में 1,936 सहायक स्टेशन मास्टर और सहायक लोको पायलट की भर्ती के लिए प्रश्नपत्रों के लीक होने के सिलसिले में रेलवे भर्ती बोर्ड मुंबई के तत्कालीन अध्यक्ष सतेंद्र मोहन शर्मा और नौ अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई मामलों के लिए प्रधान विशेष न्यायाधीश (हैदराबाद) ने जिन लोगों को सजा सुनाई है, उनमें आसन-मैंगलोर रेल विकास निगम के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के जगन्नाधम भी शामिल हैं। अदालत ने शर्मा पर 1.75 लाख रुपये और जगन्नाधम पर 1.31 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सभी 10 आरोपियों पर कुल 7.87 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। एजेंसी ने 15 जून, 2010 को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और 13 सितंबर 2010 को तीन महीने के भीतर आरोप पत्र दाखिल किया था।

# भाजपा ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव जीता

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के दो दलों के पार्षदों ने चंडीगढ़ नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की। सोनकर को 16 मत मिले, जबकि कुमार के पक्ष में 12 मत आए। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा के उम्मीदवार कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

- आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

### भाजपा ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई : मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मंगलवार को भारतीय राजनीति के इतिहास में 'काले दिन' के तौर पर याद किया जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आज चंडीगढ़ के मेयर के चयन के दौरान लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई हैं। मान ने पंजाब भवन में पत्रकारों से कहा कि इस मौके को हमारे लोकतंत्र के इतिहास में काले दिन के तौर पर याद रखा जाएगा।

# छह माह की बच्ची से दरिंदगी में रिश्ते के मामा को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अदालत ने 4 माह 23 दिन में सुनाया फैसला
- 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** छह माह की बच्ची से दरिंदगी करने वाले रिश्ते के मामा को अदालत ने 4 माह 23 दिन में 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। घटना संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव मंडनपुर में उस समय हुई जब बच्ची अपनी मां के साथ नानी के घर आई हुई थी।

मंडनपुर निवासी वादी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 7 सितंबर 2023 को पड़ोस में रहने वाला रिश्तेदार संजीव पुत्र अमर सिंह निवासी मंडनपुर उसकी छह माह की बच्ची को घुमाने के लिए घर से ले गया था। संजीव ने उसके साथ दरिंदगी की। जिससे बच्ची घायल हो गई। परिजनों ने संजीव को पुलिस के हवाले कर दिया। आठ सितंबर को पुलिस ने धारा 376 आईपीसी व धारा 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की और बच्ची का मेडिकल कराया । विवेचक निरीक्षक वेद प्रकाश गुप्ता ने पीड़ित बच्ची की मां और गवाह के बयान लिए। पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष से नरेंद्र कुमार यादव विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो ने कोर्ट में दलीलें पेश कीं। मंगलवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने अभियुक्त संजीव को धारा 376 ए बी आईपीसी सपठित धारा 6 लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम के आरोप में दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर करावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को उसके संरक्षक के जरिए पुर्नवास हेतु प्रदान की जाएगी।

# वसूली मामले में मुंबई के पुलिस आयुक्त को दी क्लीनचिट

**ठाणे।** सीबीआई ने पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज कथित जबरन वसूली के मामले को बंद करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की है।

एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले में तथ्य और परिस्थितियां आरोपों को साबित नहीं करतीं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी सबूत का खुलासा नहीं करतीं।

# प्रोन्नति को टीईटी अनिवार्य करने पर फैसला ले सरकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए, राज्य सरकार से कहा है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले। उक्त अधिसूचना के तहत एनसीटीई ने जूनियर बेसिक व नर्सरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका तथा सीनियर बेसिक स्कूलों के सहायक व प्रधान अध्यापक-अध्यापिका के पदों पर प्रोन्नति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने हिमांशु राना व अन्य की याचिका पर पारित किया।



याचिका में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 18 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचियों की ओर से अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दलील दी कि वर्ष 2010 में टीईटी लागू होने के बाद ही नियुक्ति व प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया था, इसके लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाए अध्यापकों के लिए यह व्यवस्था दी गई थी कि वे अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे परंतु प्रोन्नति पाने के लिए उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कहा गया कि 11 सितम्बर 2023 को अधिसूचना जारी करते हुए, एनसीटीई ने पुनः इस बात को स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य शर्त है, बावजूद इसके नियम 18 के तहत टीईटी न पास करने वाले अध्यापकों को प्रोन्नति दी जा रही है।

- सहायक अध्यापकों को लेकर हाईकोर्ट ने दिया आदेश
- एनसीटीई ने प्रोन्नति के लिए टीईटी को किया है अनिवार्य
- सभी प्रतिवादियों को 3 सप्ताह में जवाबी हलफनामा देने का आदेश

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए, मामले में विचार की आवश्यकता जताई व केंद्र तथा राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही एनसीटीई के 11 सितम्बर 2023 के अधिसूचना के तहत निर्णय लेने के उपरांत ही प्रोन्नति करने का आदेश दिया है। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश अर्ह अध्यापकों के प्रोन्नति में बाधा न माना जाए तथा इस सम्बंध में की गई कार्रवाई वर्तमान याचिका के परिणाम के अधीन होंगी।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा अभियान में बसों की जांच की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान मंगलवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आनंद निर्मल, एआरएम मुरादाबाद डिपो नरेश गुप्ता ने यात्री बसों की जांच की। उधर, आरएसडी एकेडमी तथा अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज में स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के पंफलेट बांटे गए। बताया गया कि किसी भी दशा में दो पहिया वाहन पर पीछे बैठते समय बिना हेलमेट लगाए न बैठे क्योंकि, दो पहिया वाहन पर पीछे बैठने वाले व्यक्ति या महिला दोनों के विरुद्ध बिना हेलमेट लगाए चलने की कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में डॉ. मोनिका रस्तोगी एवं कपिल रस्तोगी भी उपस्थित रहे।

### अखण्ड रामायण पाठ के समापन पर भंडारा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों के प्रयास से ग्राम सिकंदरपुर पट्टी में श्री शिव मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का मंगलवार को समापन हो गया। गांव में भगवान की झांकियां निकालकर साधु संत व धर्माचार्य के संरक्षण में बालाजी भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति की स्थापना कराई गयी। ग्रामवासियों व राहगीरों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार कत्याल ने कहा कि सभी के प्रयास से आयोजन हुआ है। आयोजन में महेश सैनी, इंद्रजीत गुलाटी, वंश सैनी, महंत रविन्द्र पुरी, नितिन अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, कमल सिंह आदि ने सहयोग किया।

### मादक पदार्थ की तस्करी में तीन साल का कारावास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में मंगलवार को न्यायालय ने अभियुक्त जाहिद को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 15,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में छजलैट थाने में अभियुक्त के विरुद्ध दरोगा कृपाल सिंह ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। इसे पुलिस ने भीकनपुर गांव में बिजली घर के पास से 350 ग्राम चरस के साथ दबोचा था। अभियुक्त जाहिद पुत्र अब्दुल वहीद भीकनपुर का रहने वाला है।



**हद है लापरवाही की...** रामपुर रोड पर दोपहर के समय इस तरह जान जोखिम में डालकर अपने परिवार को लेकर जाता बाइक सवार। बाइक पर दो बच्चों सहित पांच लोग सवार हैं, लेकिन इस ओर जिम्मेदारों का भी ध्यान नहीं है।

### बजट से आसः कर्मचारी बोले- आठ लाख रुपये तक की आय पर मिले छूट

# नौकरीपेशा, किसान और उद्यमियों को मिले राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** आम बजट को लेकर लोगों की जिज्ञासा है। चर्चा हो रही है कि यह बजट लोकसभा चुनाव का प्रभाव लेकर आएगा। कर्मचारियों को आयकर में राहत मिलेगी ? बजट देश को विकास की राह पर ले जाने वाला होगा आदि विषयों पर चर्चा हो रही है।

व्यापारी, युवा, नौकरीपेशा, किसान, उद्यमी और महिलाएं इस कयास में हैं कि सरकार उनके लिए पिटारा खोलेगी। केंद्रीय और राज्यकर्मियों की अपनी उम्मीदें हैं।



कर्मचारियों को आठ लाख की आमदनी पर आयकर में छूट मिलनी चाहिए। हमें पुरानी पेंशन योजना के तहत लाया जाए। डीए और यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाए। कोरोना काल के डीए के लाखों रुपये फंसे हैं। उम्मीद है कि सरकार इस मुद्दे पर विचार करेगी। वेतन आयोग का गठन होना चाहिए।
–शलभ सिंह, मंडल, मंत्री (उरमू)



कर्मचारियों का वेतन बढ़े। विभागों में खाली पद भरे जाएं। परिवहन विभाग को केंद्र की ओर से और बजट मिले, जिससे विभाग मजबूत हो। सरकार से हमारी यही उम्मीद है। आम बजट जन सामान्य को सीधे प्रभावित करता है। ऐसे में बाजार नियंत्रित रखने वाला बजट होना चाहिए। खेती को बढ़ावा मिले।
–सत्यवीर सिंह, कर्मचारी नेता



देश के समग्र विकास में आयकर महत्वपूर्ण विषय है। मेरा मानना है कि हर आदमी को आमदनी पर कर देना चाहिए। जबकि सरकार को भी कर्मचारी, श्रमिक, किसान, युवा और नौजवानों के जरूरी विषयों पर विचार करना चाहिए। किसान और उद्यमी के लिए सरकार और योजनाएं दे।
–प्रो. अनामिका त्रिपाठी, हिंदू कॉलेज



महिलाएं बजट से सीधा प्रभावित होती हैं। उसे बहुत सारी चीजें व्यवस्थित करनी होती हैं। ऐसे में आम बजट से उम्मीद है कि घरेलू महिला की स्थिति को वित्त मंत्री समझें। नौकरीपेशा और खासतौर से केंद्रीय कर्मचारी आमदनी का बड़ा हिस्सा आयकर में देने को मजबूर हैं। सरकार से उम्मीद है कि वह कर्मचारियों को राहत दे।
– लिली डीक्रूज, केंद्रीय कर्मचारी

# धूप से मिली राहत, पार्कों में बच्चों ने लिया आनंद

## न्यूनतम तापमान बढ़कर 8 और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** धूप निकलने से एक महीने से पड़ रही कड़ाके की ठंड से मंगलवार को थोड़ी राहत मिली। न्यूनतम और अधिकतम तापमान बढ़ने से गलन कम हुई है।

मंगलवार को सुबह से निकली धूप से लोगों को ठंड से फौरी राहत मिली। न्यूनतम तापमान बढ़कर 8 और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जबकि पिछले दिनों न्यूनतम तापमान 4 और अधिकतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया था। जिससे लोग ठंड और शीतलहर से कांप गए। सोमवार को भी हल्की धूप निकली थी जबकि मंगलवार को सुबह कोहरा छंटने के बाद धूप निकलने से लोगों को काफी राहत मिली। घरों के बाहर, छत और पार्क में लोगों ने धूप सेंक कर ठंड से राहत पाई। वहीं सिविल लाइंस, आशियाना क्षेत्र के पार्क गुलजार रहे। बच्चों ने पार्कों में धूप में झूला झूलने के साथ अन्य खेल खेलकर आनंद लिया।



दोपहर में धूप निकलने पर पार्क में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के सेवानिवृत्त मौसम वैज्ञानिक डा. आरके सिंह ने बताया कि मौसम थोड़ा साफ रहेगा। अभी कहीं घना और कहीं मध्यम कोहरा छाया रहेगा। बारिश का अनुमान नहीं है। शीतलहर अभी जारी रहेगी।

# ट्रेनों के इंतजार में ठिठुर रहे यात्री बीकानेर साप्ताहिक 11 घंटे लेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कोहरा कम होने के बाद भी ट्रेनों के देर से चलने का क्रम जारी है। मंगलवार को बीकानेर साप्ताहिक ट्रेन 11 घंटे 8 मिनट की देरी से पहुंची। हिमगिरी 2 घंटे 44 मिनट से चली। राजधानी के यात्री 1 घंटा 38 मिनट से ट्रेन की प्रतीक्षा करते रहे।

देहरादून लिंक 4 घंटे 14 मिनट, पोरबंदर 1 घंटा 6 मिनट, कुंभ 2 घंटा 20 मिनट और श्रमजीवी 1 घंटा 35 मिनट, जनसाधारण 1 घंटा 48 मिनट, सियालदह एक्सप्रेस 2 घंटे 11 मिनट, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 2 घंटे 48 मिनट, गंगा-सतलुज एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट, कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक एक्सप्रेस 3 घंटा 15 मिनट, सुपरफास्ट सप्तक्रांति 40 मिनट की देरी से चली। मुरादाबाद-रामनगर, सहारनपुर पैसेंजर मेमू, अलीगढ़, गजरौला सवारी गाड़ी की देरी को लेकर यात्रियों ने स्टेशन पर हंगामा किया।

### अवध- असम ने 30 मिनट की यात्रा ढाई घंटे में पूरी की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अवध–असम एक्सप्रेस ने अमरोहा से मुरादाबाद तक का सफर पूरे दो घंटा 30 मिनट में पूरा किया। एक्सप्रेस अपराह्न दो बजे अमरोहा पहुंची। 20 मिनट बाद चली और हकीमपुर रुकने के बाद ट्रेन लोधीपुर में लूपलाइन में खड़ी हो गई। यहां से सवा चार बजे रवाना हुई और साढ़े चार बजे स्टेशन पहुंची। दैनिक रेल यात्री संगठन के अध्यक्ष सुधीर पाठक ने इसे हास्यास्पद करार दिया। आरोप लगाया कि 30 मिनट का सफर 2 घंटा 30 मिनट में पूरा होना यात्रियों के साथ मजाक है।

# ग्राम प्रधान के बजाय पति के नाम से जारी कर दी आरसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मनमानी**

- प्रधान के पति ने सचिव पर लगाया फंसाने का आरोप
- डीपीआरओ से की जांच की मांग

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायतों में कभी विकास कार्यों में गबन तो कभी अभिलेखों में गड़बड़ी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। ऐसा ही वित्तीय वर्ष 2015-16 का एक मामला छजलैट ब्लॉक का सामने आया है। विकास कार्य के आडिट में गड़बड़ी कर 5 लाख रुपये के गबन का मामला पकड़ में आया है। जिसमें जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने ग्राम प्रधान के नाम की जगह उनके पति के नाम से आरसी जारी कर दी। वसूली के लिए तहसील का अमीन घर पहुंचा तो मामले की जानकारी हुई। प्रधान के पति ने निर्दोष बताते हुए डीपीआरओ से जांच कराने की मांग की है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 में छजलैट ब्लॉक की ग्राम पंचायत सफदरपुर मतलबपुर में तत्कालीन प्रधान सावित्री देवी ने उस समय 30 लाख रुपये की धनराशि से विकास कार्य कराए थे। गांव में हुए विकास में ग्रामीणों ने 5 लाख 34 हजार 562 रुपये के फर्जी बिल लगाकर धनराशि हड़पने का आरोप लगाया था। जिसकी तत्कालीन जिला पंचायत राज अधिकारी से शिकायत की गई थी। जिसका 2017 में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समिति जितेंद्र पाल सिंह ने आडिट किया था। जिसमें आरोप में दिखाई धनराशि के बिल फर्जी बताए थे। विभागीय कार्रवाई में महिला प्रधान सावित्री देवी के नाम की जगह उनके पति अशोक कुमार के नाम आरसी जारी की गई। गांव में वसूली के लिए अशोक कुमार के नाम की आरसी लेकर अमीन पहुंचा तो मामला पकड़ में आया। प्रधान के पति अशोक कुमार ने तत्कालीन पंचायत सचिव पर गबन के मामले में फंसाने का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा से जांच की मांग की है। प्रधान के पति ने बताया की कार्रवाई के अनुसार गबन करने के आरोप प्रधान पद पर है। मैं कभी भी प्रधान नहीं रहा। मेरी पत्नी ग्राम प्रधान रही है।

# डॉ. भास्कर लखनऊ में सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर कार्य के लिए जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उनके इस सम्मान पर जिले के अन्य चिकित्सकों ने प्रसन्नता जताई है।

डॉ. भास्कर अग्रवाल जिला कुष्ठ परामर्शदाता के पद पर पिछले नौ वर्ष से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समय जिले में 298 सक्रिय कुष्ठ रोगी हैं। जिनकी निशुल्क जांच और इलाज की सुविधा सरकारी अस्पताल में है। जिला कुष्ठ अस्पताल में आने वाले रोगियों को परामर्श और काउंसिलिंग के माध्यम से बताया जाता है कि कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है। समय से पहचान होने और इलाज से यह ठीक हो सकता है।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलाया गया। जिसमें 70 नये कुष्ठ रोगी चिह्नित हुए। वहीं अब 30 जनवरी से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान पखवाड़ा शुरू हुआ है। इसमें लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक करने के लिए गोष्ठी व अन्य प्रतियोगिता कॉलेजों में कराई जाएगी। उन्हें कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में अच्छे कार्य प्रचार प्रसार एवं निकुष्ठ पोर्टल पर विशेष कार्य करने के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। उनके सम्मानित होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य चिकित्साधिकारियों ने प्रसन्नता जताई है।



जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा।

**तैयारी**

- स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान पखवाड़े में लोगों की जागरूकता को होंगी गोष्ठी

### गांव चलो अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** गांव चलो अभियान कार्यशाला महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता और विशाल त्यागी के संचालन में हुई। जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से सीधी बात की।

कहा, सरकार के प्रयास, राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और निवेश समर्थक नीतियों से भारत शीर्ष पांचवी अर्थव्यवस्था में शामिल है। हमें यह बात लोगों के बीच रखनी है। महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हमें अपने बूथों को मजबूत करना है। युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजू कालरा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रिया अग्रवाल, महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, श्याम बिहारी शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी राहुल सेठी, क्षेत्रीय संयोजक मीडिया विभाग निमित जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, नवदीप टंडन, शम्मी भटनागर, सर्वेश पटेल, सुनीता शर्मा, शशि किरण, विजयलक्ष्मी पंडित आदि उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** 4 फरवरी से शुरू होगा भाजपा का गांव चलो अभियान, समापन 11 को

# एक–एक मतदाता को साधने की रणनीति बनाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा ने एक-एक मतदाता को साधने के लिए गांव चलो अभियान शुरू किया है। इसके लिए मंगलवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों की कार्यशाला हुई। जिसमें, एक-एक मतदाता को साधने की रणनीति बनी।


मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि 4 से 11 फरवरी तक चलने वाले अभियान के तहत सरकार और संगठन के पदाधिकारी गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे। एक-एक मतदाताओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा। हम इस बात का भी आकलन करेंगे कि कौन सा वोटर गैर भाजपा दल की तरफ रुख कर सकता है? ऐसे मतदाताओं को चिह्नित कर उन्हें अपने साथ जोड़ने की रणनीति पर भी शीर्ष प्रबंधन काम कर रहा है। कहा, हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। हर एक बूथ हमें जीतना है, इसके लिए मिलकर प्रयास करना होगा। जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि इस समय पूरा देश राममय हो गया है। लोगों में भाजपा के प्रति एक अलग ही लगन देखने को मिल रही है।



बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर गांव चलो अभियान कार्यशाला में मौजूद पदाधिकारी।

गांव चलो अभियान के माध्यम से हमें अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है। लोकसभा संयोजक डॉ.विशेष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर राकेश सिंह, राजपाल सिंह चौहान, जिला महामंत्री राजन विश्नोई ने अपनी बात रखी। कार्यशाला में चंद्रपाल सैनी, हरज्ञान सिंह, कमल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, पूर्व जिला महामंत्री चौधरी हुकुम सिंह, जिला मंत्री चकित चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, राजपाल सिंह, आदेश चौधरी, अरुण पंडित, सत्येंद्र चौधरी, देवराज सिंह जाटव, चौधरी ऋषि पाल सिंह, नवीन चौधरी, दीपक गोयल, मंडल अध्यक्ष डॉ.राम किशोर सिंह, दीपक चौधरी, जीवन सिंह आदि उपस्थित रहे।

- अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना लक्ष्य
- जिलाध्यक्ष बोले- इस समय पूरा देश है राममय



## शहर में आज

- परिवर्तन दी चेंज संस्था की ओर से सोनकपुर ओवरब्रिज के पास मलिन बस्तियों के बच्चों को बांटी जाएगी पठन पाठन सामग्री शाम 4 :00 बजे
- लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट व संगठनों की ओर से श्री रामकथा की शुरुआत ऋण मुक्तेश्वर मंदिर बुद्धि विहार से विशाल कलश यात्रा दोपहर 1.30 बजे

## एक नजर

### नशे की गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना पुलिस ने नवाबपुरा घोसियों की पुलिया निवासी शाहरुख को नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। नागफनी थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह दरोगा देवेंद्र सिंह की टीम गश्त पर थी। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कहारों के मंदिर के पास से आरोपी शाहरुख को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से नशे के लिए प्रयोग की जाने वाले एल्प्राजोलम की 110 गोलियां बरामद की गई हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले दो अभियुक्तों को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छेड़छाड़ के मामले में अभियुक्त सुंदर व संजीव को मंगलवार को न्यायालय ने पांच वर्ष के कारावास व प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में 2017 में पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। दोनों नया गांव मऊ के रहने वाले हैं। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता भूकन सिंह व अभिषेक भटनागर ने बताया कि सजा पाए दोनों अभियुक्तों ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की थी।

### गैंगस्टर को मिली सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गैंगस्टर अधिनियम के मामले में अभियुक्त महफूज को मंगलवार को न्यायालय ने पांच वर्ष चार महीने के कठोर कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में मुगलपुरा थाने में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह ने अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत मामला दर्ज कराया था। अभियुक्त महफूज पुत्र महमूद हुसैन वारसी नगर का रहने वाला है।

# पार्टियों में स्वागत करने वाली युवती से दुष्कर्म की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कुंदरकी

- पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** शादी-पार्टियों में वेलकम का काम करने वाली युवती को युवक ने जाल में फंसा कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। इस मामले में पीड़िता ने मैनाठेर थाने में अमरोहा जिले के थाना डिडोली कस्बा जोया के नदीम पाशा के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है।

पीड़िता मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार की है। 20 वर्षीय पीड़िता ने थानाध्यक्ष मैनाठेर को बताया कि आरोपी नदीम पाशा से उसकी पहचान दो महीने पहले हुई थी। आरोपी ने जोया में अपनी बर्तन की दुकान बताई थी। युवती ने बताया कि आरोपी 19 दिसंबर 2023 को कार से उसके घर पहुंच गया था। बाद में युवती को दुकान दिखाने के बहाने आरोपी अपने साथ ले गया। फिर उसे बहलाकर संभल रोड पर ताहरपुर बाजार की तरफ ले गया। वहीं रास्ते मे कार रोककर युवती से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती विरोध करते हुए कार से उतर गई। इस मामले में मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया है। पीड़िता के बयान के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### भाई के साथ मिलकर आरोपी ने घटना को दिया अंजाम, सोमवार की रात भी शराब के नशे में की थी गाली-गलौज

# कल्याणपुर में किसान के बेटे की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर (पीतल नगरी) में मंगलवार अपराह्न को किसान के बेटे को गोली मार दी। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। यहां खून से लथपथ अन्नू (30) तड़प रहा था। कुछ ही देर में घायल अन्नू पुत्र रवि यादव के घर वाले आ गए। छोटे भाई विनय ने तुरंत यूपी डॉयल-112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। विनय घायल को इलाज के लिए बाइक से जिला अस्पताल ले जाने लगा लेकिन, रास्ते में ही अन्नू ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया था।



मृतक अन्नू की पत्नी रचना।

गांव पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और फोरेंसिक टीमों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। घटना के बाद कटघर थाने पहुंची अन्नू की पत्नी रचना ने बताया कि सोमवार की रात आठ-नौ बजे आपसी मामले को लेकर उसका पति अन्नू छोटे भाई अंकुश को डांट रहा था। उसी दौरान शराब के नशे में पड़ोस का रॉकी उनके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। जिस पर अन्नू ने विरोध किया। इसके बाद रॉकी घर से बाहर निकल गया और दरवाजे पर खड़ा होकर गालियां देता रहा। उसके हाथ में तमंचा भी था। रचना ने बताया कि उसका पति अन्नू रेत का काम करता है। मंगलवार को डनलप पर रेत लेकर वह घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में प्राथमिक विद्यालय के पास रॉकी व उसके भाई ने उसे रोक लिया। इसके भाई ने अन्नू के पीछे से हाथ पकड़ लिए थे और रॉकी ने उसे दो थप्पड़ मारे थे। बिना प्रतिक्रिया दिए अन्नू घर आ गया। बाद में वह फिर रॉकी के पास समझाने गया तो राकी ने तमंचे से अन्नू के सीने पर गोली दाग दी और मौके से भाग गया। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया है।

**तीन भाइयों में बड़ा था अन्नू :** रवि यादव ने बताया कि उनके तीन बेटों में अन्नू सबसे बड़ा था। इससे छोटे अंकुश और विनय हैं। अन्नू व अंकुश विवाहित हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी रॉकी पुत्र शमशेर भी तीन भाइयों में बड़ा है।

### आज थी शादी की चौथी सालगिरह

मृतक की पत्नी रचना ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2020 में हुआ था। उसकी 31 जनवरी को शादी की सालगिरह होने वाली थी लेकिन, उससे एक दिन पहले ही उसके पति को पड़ोसी के बेटे ने गोली दाग कर मार डाला। रचना की गोद में दो साल की बेटी मानसी है।

### रॉकी ने ही मारी है गोली : थानाध्यक्ष

कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि सोमवार शाम को दो भाई आपस में लड़ रहे थे। बीच में रॉकी उनके घर पहुंच गया। अन्नू ने रॉकी से कुछ कह दिया होगा, बस इसी बात को लेकर उसने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी है। इस मामले में पीड़ित परिवार वाले यदि घटना में किसी और के भी नाम देते हैं तो उनको भी नामजद कर एफआईआर दर्ज करेंगे। अभी तहरीर नहीं मिल पाई है।

# 30 एकड़ में बनेगा उद्यम विहार, होंगे सात अजूबों के दर्शन

## ढकिया चमन तक बढ़ी प्राधिकरण की सीमा, नया मुरादाबाद बनेगा व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ट्रांसपोर्ट नगर, देहरी मुस्तकम मऊ व ढक्का-मझोला समेत 12 योजनाएं होंगी नगर निगम को हस्तांतरित

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक प्राधिकरण के समागम सभागार में हुई। इसमें 490 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी प्रदान की गई। प्राधिकरण की सीमा दिल्ली रोड पर हाईवे पर बागड़पुर की जगह ढकिया चमन तक बढ़ा दी गई है। गजरौला में भी प्राधिकरण की सीमा का विस्तार कर दिया गया है।

नया मुरादाबाद के सेक्टर-2 में लगभग 30 एकड़ क्षेत्रफल की व्यावसायिक उद्यम विहार योजना और 3 एकड़ के वेस्ट-टू-वंडर भारत दर्शन-सात अजूबा पार्क बनाने की भी मंजूरी बोर्ड ने दी। प्राधिकरण द्वारा लगभग 3 दशक पूर्व विकसित ट्रांसपोर्ट नगर योजना सहित, मऊ, सीतापुरी दससराय, देहरी मुस्तहकम, ढक्का-मझोला व प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कुल 12 योजनाओं को नगर निगम को स्थानांतरित करने की स्वीकृति दे दी।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बैठक की शुरुआत में एजेंडा के बिंदुओं को पढ़कर सभी को सुनाया। इसके बाद बिंदुवार चर्चा शुरू हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि प्राधिकरण के कार्यों को आदर्श रूप में किया जाए। देश के महानगरों की तर्ज पर विकास करने पर जोर दिया जिससे दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा व आसपास के लोग भी मुरादाबाद में प्राधिकरण की कालोनियों में आकर बसेंगे। बैठक में नया मुरादाबाद के सेक्टर 2 में 30 एकड़ में भारत दर्शन पार्क बनाने के प्रस्ताव को बोर्ड ने मंजूरी दी। उपाध्यक्ष ने बताया कि इसमें पांच सितारा होटल, इंडिया गेट, लाल किला, कुतुब मीनार, गेटवे ऑफ इंडिया, नालंदा विश्वविद्यालय, सांची स्तूप, हंपी रथ, हवा महल, मीनाक्षी मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर आदि बनाए जाएंगे। साथ ही स्टेचू ऑफ लिबर्टी, ऐफिल टावर, रोमन थिएटर, पीसा की मीनार के साथ दुनिया भर के अजूबे भी लघु रूप में स्थापित किए जाएंगे। दिल्ली हाईवे पर प्राधिकरण की सीमा को विस्तारित कर बागड़पुर की बजाय अब ढकिया चमन तक कर दिया गया।



एमडीए के समागम सभागार में आयोजित बैठक में बोलते मंडलायुक्त। ● अमृत विचार

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2024-25 का 490 करोड़ रुपये का बजट बोर्ड बैठक में पारित किया गया। यह धनराशि विकास कार्यों पर प्राधिकरण खर्च करेगा। डिडोरा-डिडोरी गांवों में जमीन खरीदने के लिए सर्किल दर की चार गुना मुआवजे की स्वीकृति बैठक में दी गई। बैठक का संचालन प्राधिकरण की सचिव अंजूलता ने किया। बैठक में अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, अपर जिलाधिकारी सत्यम मिश्र, नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सहायक नगर नियोजक विवेक भास्कर, जल निगम, प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधियों सहित प्राधिकरण के अधिकारी, बोर्ड के सदस्य राजू कालरा, विकास जैन आदि भी मौजूद रहे।

**नया मुरादाबाद में बनेगा थाना :** बोर्ड बैठक में नया मुरादाबाद में ब्राइट स्टार हॉस्पिटल के पास करीब 1200 वर्गमीटर जमीन में नया थाना भवन बनाने के लिए प्राधिकरण की ओर से जमीन देने की स्वीकृति दे दी गई। इसके लिए 1200 वर्गमीटर जमीन पुलिस विभाग को आवंटित करने की सहमति प्राधिकरण बोर्ड से सहर्ष दी।

### कांठ रोड को दिल्ली हाईवे से जोड़ने के लिए बनेगी सर्विस लेन

महानगर में बढ़ रहे यातायात के दबाव को कम करने के लिए प्राधिकरण ने पहल की है। भविष्य में सुचारू यातायात के लिए कांठ रोड से दिल्ली रोड को जोड़ने वाले निर्माणाधीन 24 मीटर मार्ग के दोनों ओर न्यूनतम 7 .5 मीटर चौड़े सर्विस रोड का प्रावधान कर दिया गया। इसके अलावा नया मुरादाबाद में प्राधिकरण के बिक्री न हुए ग्रुप हाउसिंग के भूखंडों को बेचने के लिए भूखंडीय तथा लो-राइज डेवलपमेंट की अनुमति मिलेगी। 180 करोड़ की परिसंपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

### गजरौला विकास क्षेत्र को गढ़मुक्तेश्वर तक बढ़ाया

प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सीमा का विस्तार गजरौला में भी करने की मंजूरी दी गई। गजरौला विकास क्षेत्र को मुरादाबाद विकास क्षेत्र की सीमा से मिलाते हुए गढ़मुक्तेश्वर तक सीमा विस्तार का प्रस्ताव पारित किया गया। दिल्ली-बरेली मार्ग पर तेजी से हो रहे विकास को सुनियोजित करने के लिए गजरौला विकास क्षेत्र की सीमा विस्तार कर उसे मुरादाबाद विकास क्षेत्र की सीमा से गढ़मुक्तेश्वर तक विस्तारित किया गया। गजरौला 1995 में विकास क्षेत्र घोषित हुआ था जिसमें 22 ग्राम शामिल थे। लेकिन अब इसमें 98 नए ग्रामों को विकास क्षेत्र में सम्मिलित कर 234 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शासन की मंजूरी मिलने पर विकास क्षेत्र घोषित किया जाएगा। इस क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-09 के दोनों ओर लगभग एक-एक किलोमीटर चौड़े क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए तिगरी तीर्थ क्षेत्र को भी शामिल किया गया है।

### अगले वित्तीय वर्ष में कई परियोजनाएं लांच होंगी

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'सह्याद्रि' व 'शिवालिक' सहित प्राधिकरण की कई महत्वपूर्ण आवासीय व व्यावसायिक परियोजनाएं लांच होंगी। जिससे प्राधिकरण की संपत्तियों से राजस्व में वृद्धि होगी। साथ ही नये मास्टर प्लान आने व मानचित्र पास करने की सुगमता से विकास शुल्क सहित अन्य शुल्कों की प्राप्ति होगी। इससे भी प्राधिकरण की आय बढ़ेगी। विकास कार्यों व महानगर के मास्टर प्लान मार्गों के निर्माण पर विशेष जोर देते हुए अवस्थापना संबंधी कार्यों में व्यय बढ़ाया जाएगा। लैंड बैंक की स्थापना के लिए प्राधिकरण लगभग 350 करोड़ रुपये खर्च करेगा। नया मुरादाबाद नगरीय गतिविधियों का केंद्र बनेगा जिससे महानगरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

### मंडल में अप्रैल तक लगेंगे 250 नये ट्रांसफार्मर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिजली विभाग के आला अधिकारी गर्मी में मंडल में बेहतर बिजली देने का दावा कर रहे हैं। मुख्य अभियंता आरके बंसल के मुताबिक मंडल के लिए बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने स्वीकृत कर दिये हैं। अप्रैल तक तीन जिलों में नये ट्रांसफार्मर के साथ पुराने ट्रांसफार्मर के स्थान पर अधिक क्षमता वाले नये ट्रांसफार्मरों भी लगाए जाएंगे।

मंगलवार को मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि मंडल में ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण काफी सालों से नहीं बदले गए हैं। जिसके कारण फाल्ट होने के मामले अधिक सामने आते हैं। इसकी मुख्य वजह बिजली चोरी और क्षमता से अधिक बिजली फूंकना भी है। मुख्य अभियंता के अनुसार आने वाले गर्मी के मौसम में बढ़ने वाली बिजली की खपत से ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर नहीं फुंकेंगे। उन्होंने बताया कि मंडल के तीनों जिले मुरादाबाद, संभल व रामपुर में 13 लाख 50 हजार उपभोक्ता हैं। अभी नए कनेक्शन देने के अभियान में उपभोक्ताओं की संख्या और बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि तीनों जिलों के लिए 250 ट्रांसफार्मर मंगवा लिए गए हैं। जिन्हें अप्रैल में आवश्यकतानुसार लगवा दिया जाएगा।

# कंटेनर ने बाइक सवार महिला-ननदोई को रौंदा, मौत

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार महिला और उसके ननदोई को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक से साथ आ रहे जेठ और महिला के बच्चों की चीख निकल गई। हादसे के बाद राहगीरों ने कंटेनर को रोक लिया। लेकिन, ड्राइवर कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया। दोनों शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला और ननदोई की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रामपुर जिले के थाना टांडा के गांव होसपुर निवासी कृष्णा पत्नी पप्पू उर्फ प्रेमपाल (38 वर्ष) अपने ननदोई विवेक उर्फ बंटी पुत्र हरीकरन (35 वर्ष) निवासी ग्राम नाखूनका थाना डिलारी जिला मुरादाबाद हाल निवासी चैती वाले मंदिर के पास काशीपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड के साथ अपने मायके ग्राम मौढ़ा तेइय्या में भात न्योतने के लिए आए थे। साथ में दूसरी बाइक से महिला के जेठ सरजीत सिंह भी आए थे।



मौके पर चालक द्वारा छोड़ा गया कंटेनर।

सभी लोग दोनों बाइकों से वापस अपने घर को जा रहे थे। मौढ़ा तेइय्या से निकल कर जैसे अगवानपुर बाईपास पर ही गांगन पुल के पास पहुंचे थे। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने महिला एवं उसके ननदोई की बाइक को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में जा रहे जेठ सरजीत ने देखा तो उसकी चीख निकल पड़ी। बाइक रोक कर कंटेनर लेकर भाग रहे चालक को पकड़ लिया। लेकिन, चालक मौका पाते ही भाग निकला।

सरजीत ने महिला के मायके वालों को सूचना दी। सूचना पाते ही महिला के मायके वाले तुरंत मौके पर पहुंच गए। पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची। ट्रक को अपने कब्जे में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवेक के दो बेटी एवं एक बेटा है। परिजनों को सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

**हादसा**

- भाई के यहां भात न्योत कर लौट रही थी महिला
- कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हुआ चालक



विवेक उर्फ बंटी।



कृष्णा।

### मातम में बदलीं शादी की खुशियां

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** महिला अपने मायके में खुशी-खुशी भात न्योतने के लिए आई थी। सुबह से लेकर शाम तक अपने मायके में रहकर सभी से शादी में आने की गुजारिश की। सभी को आने के लिए निमंत्रण भी दिया। सभी खरीदारी हो चुकी थी। बड़ी खुश होकर के जैसे ही घर से निकली। उसके कुछ मिनट बाद ही उसकी मौत की खबर मायके में पहुंच गई। मौत की सूचना पाकर सभी सन्न रह गए। परिवार में कोहराम मच गया। महिला के जेठ सरजीत सिंह की बेटी की 6 फरवरी को शादी थी। जिसके लिए वह मायके में भात न्योतने आए थे। मौत की सूचना से शादी की खुशियां गम में बदल गई।

### पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मंगलवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मेजर राजीव ढल ने महात्मा गांधी के जीवन के बारे में छात्रों को जानकारी दी। साथ ही देश की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों को बताया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ दांडी मार्च व असहयोग जैसे आंदोलन चलाए थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र वंश ने किया। इस मौके पर खुशीराम, जगपाल सिंह, संजय कुमार, प्रखर सिंह, अनूप अग्रवाल, हेमंत कुमार, अंशु रानी, संगीता कुमारी, कुसुम चौहान, रति कौशिक, मोनिका शर्मा, नविदा गुल, कपिल यादव, अशोक कुमार, शर्मा वीरेंद्र, आशुतोष गुप्ता समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

# सीतापुर में नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते 13 ट्रेनें होंगी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दिक्कत**

- कुछ ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी कई को रास्ते में रोका जाएगा
- 13 फरवरी तक रेल ब्लॉक का असर ट्रेनों के संचालन पर होगा

**अमृत विचार:** सीतापुर जंक्शन और सीतापुर सिटी स्टेशन के बीच नान इंटरलाकिंग और इंटरलाकिंग कार्य की वजह से मंडल की ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। 13 फरवरी तक रेल ब्लॉक का असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ेगा। दोनों दिशा की 13 ट्रेनों को यात्रा के दौरान कुछ समय रोककर और कुछ स्टेशनों से रूट बदल कर चलाया जाएगा। मंगलवार से इस आधार पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया।

प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने यह जानकारी दी है। बताया है कि ट्रेन बालामऊ से सीतापुर के बीच चलने वाली (04353/54) तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। उधर, बालामऊ-सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04321/22) नौ से तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। अमृतसर से दरभंगा के बीच चलने वाली गाड़ी (15212) आठ से बाह फरवरी तक रोजा-लखनऊ- बाराबंकी-बुढवल के रास्ते चलेगी। गाड़ी संख्या (15211) आठ से बारह फरवरी तक बुढवल- बाराबंकी, लखनऊ- रोजा होकर चलेगी। अमृतसर- गोरखपुर को चलने वाली ट्रेन (22424) ग्यारह फरवरी को रोजा- लखनऊ- बुढ़वल- बाराबंकी रूट से चलेगी। यह ट्रेन 12 फरवरी को इसी रूट से वापसी करेगी। अमृतसर- सहरसा एक्सप्रेस (15532) बारह फरवरी को रोजा-लखनऊ-बाराबंकी-बुढ़वल से चलेगी। ग्यारह फरवरी को इस ट्रेन को बुढ़वल-बाराबंकी- लखनऊ- रोजा रूट से चलाया जाएगा। कानपुर सेंट्रल से सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04328) नौ से तेरह फरवरी को बालामऊ- सीतापुर के बीच निरस्त रहेगी जबकि, सीतापुर सिटी- कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बीच ट्रेन संख्या (04327) नौ से तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। रक्सौल से आनंद विहार के बीच चलने वाली (15274) बारह फरवरी को रास्ते में 55 मिनट रोकी जाएगी। सहरसा- अमृतसर के बीच चलने वाली (15531) ग्यारह फरवरी को रास्ते में 57 मिनट रोकी जाएगी। कामाख्या- वैष्णोदेवी ग्यारह फरवरी को कामाख्या स्टेशन से 210 मिनट बाद रवाना की जाएगी।

# बकाया रुपये मांगने गए दंपती से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आरोप**

- महिला से छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप
- दंपती की शिकायत पर पांच के विरुद्ध एफआईआर

**अमृत विचार :** पार्टनरशिप में प्लाटिंग का काम करने वाले दंपती ने अपने पार्टनर पर मारपीट एवं छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित दंपती का आरोप है कि उसके पार्टनर पर उनके 15 लाख रुपये बाकी हैं, जिसे वह लेने उसके घर गए थे। तभी घटना हुई। इस मामले में दंपती ने मंगलवार को सिविल लाइंस थाने में दो महिलाओं समेत सात आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें जाकिर अली व इनकी पत्नी रेशमा उर्फ नन्हीं और शाकिर अली व इसकी पत्नी अफसाना एवं जाफर हुसैन, राशिद अली, शाकिर अली, रिजवान नामजद हैं। सभी आरोपी विशुनपुर भीमाठेर गांव के हैं।

पीड़िता व उसका पति पाकबड़ा कस्बे की रहने वाली हैं। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह अपने पति और पार्टनर जाकिर अली के साथ मिलकर मकान-प्लाट खरीदने बेचने का काम करते थे। महिला का कहना है कि जाकिर अली दबंग किस्म का व्यक्ति है। इसने उसके 15 लाख रुपये भूखंड देने के नाम पर ले लिए और लौटा नहीं रहा है। महिला ने पुलिस को बताया है कि 17 जनवरी की शाम वह पति के साथ जाकिर अली के घर रुपये मांगने गई थीं तो आरोपी के घर में जाफर हुसैन, राशिद अली, शाकिर, रिजवान व दो महिलाएं रेशमा उर्फ नन्हीं व अफसाना थे। आरोप है कि इन लोगों ने महिला व उसके पति से गाली-गलौज कर मारपीट भी की। आरोप है कि पीड़ित दंपती को आरोपियों ने डंडों व सरिया से मारा है। यही नहीं, महिला से छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर दंपती को धक्के मारकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि घटना के दौरान उसका बेटा भी साथ में था। बेटे ने मारपीट देखकर यूपी डॉयल-112 पुलिस बुला ली थी। इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि दंपती की तरफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं।

**तैयारी** फरवरी में ही घोषित हो जाएगा परिणाम, तीन मार्च को होगी पासिंग आउट परेड

# 752 प्रशिक्षु दरोगा की आठ फरवरी से होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**2750** अंकों की होगी इनडोर व आउटडोर की परीक्षा

**1650** अंकों की होगी इनडोर विषयों की परीक्षा

- 752 प्रशिक्षु दरोगा परीक्षा में हो रहे हैं शामिल
- 12 प्रश्नपत्र इनडोर विषयों से जुड़े होंगे

**अमृत विचार :** उप्र डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद में प्रशिक्षण ले रहे 752 दरोगा का कोर्स पूरा हो चुका है। अब इनकी परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं आठ फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके बाद परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों की तीन मार्च को पासिंग आउट परेड होगी। फिर ये लोग पुलिस मुख्यालय से विभिन्न जिलों में तैनात हो जाएंगे और लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन में ड्यूटी के लिए मुस्तैद होंगे।

पुलिस अकादमी के अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में अभ्यर्थी असफल होंगे, उन्हें फिर से पढ़ाई के लिए 45 दिन का अवसर दिया जाएगा। यह परीक्षा दो श्रेणी की इनडोर और आउट डोर की रहेगी। इनडोर में कुल 1650 अंक के 12 प्रश्न पत्र होंगे, जबकि आउट डोर की परीक्षा के लिए कुल पूर्णांक 1100 अंकों का रहेगा और इसके लिए सात प्रश्न पत्र रहेंगे। इनडोर और आउट डोर परीक्षा के सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा, जो 100 अंक का रखा गया है। इनडोर की परीक्षा के प्रश्न पत्रों में सैद्धांतिक प्रश्न 900 अंक के रहेंगे और प्रयोगात्मक प्रश्न 150 अंक के होंगे। इसी तरह मध्यवर्ती प्रश्न कुल 550 अंक के पूछे जाएंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आधारभूत प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने वाले प्रशिक्षु जिलों में 12 महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और प्रशिक्षण पंजिका बनाएंगे। इसमें दिनांक समेत प्रतिदिन के प्रशिक्षण का विवरण दर्ज करेंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अनुपयुक्त पाए गए प्रशिक्षुओं की परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाएगी और 45 दिन बाद उनका फिर से साक्षात्कार लेकर उनका आकलन किया जाएगा। साक्षात्कार में उपयुक्त पाए जाने वाले प्रशिक्षुओं को नियमित नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

### इन विषयों पर आधारित होंगे 19 प्रश्न पत्र

पुलिस अकादमी के अधिकारियों के अनुसार, इंडोर के प्रश्न पत्रों में मध्यवर्ती, सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के प्रश्न विभिन्न विषयों पर आधारित होंगे, जैसे भारत गणराज्य और पुलिस की भूमिका, व्यवहार एवं संबंध प्रबंधन और प्रशासन, पुलिस संगठन एवं मानवाधिकार, अपराध एवं न्याय शास्त्र, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम विषय पर प्रश्न होंगे। इसी तरह केंद्र एवं राज्य के विशेष अधिनियम और अपराध नियंत्रण से भी जुड़े प्रश्न परीक्षा में पूछे जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र यातायात व सुरक्षा, विवेचना एवं परीक्षण के तरीके एवं कौशल, साइबर क्राइम जैसे विषय वस्तुओं पर भी प्रश्न परीक्षा में आएंगे। इसी तरह आउट डोर के प्रश्न पत्रों में टर्न आउट, स्क्वाड ड्रिल एवं कमांड लीडरशीप, शस्त्र सहित ड्रिल से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

## एक नजर

### पुलिस ने जुआ खेलते तीन युवकों को पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रात नौ बजे गश्त के दौरान सिविल लाइंस थाना पुलिस ने सीएल गुप्ता घाट रामगंगा नदी के पास से तीन लोगों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते दबोचा है। इनमें रियाज, आसिफ और हसीन हैं। रियाज चक्कर की मिलक में बाग वाली घोसिया मस्जिद के पास का और आसिफ व हसीन बाग वाली गली के रहने वाले हैं। इस मामले में हेड कांस्टेबल सोनू कुमार ने सिविल लाइन थाने में तीनों जुआरियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। हेड कांस्टेबल ने बताया कि वह लोग गश्त करते हुए गजल बार चौराहे पर पहुंचे थे। वहीं खबर मिली कि कुछ व्यक्ति राम गंगा नदी किनारे फड़ पर जुआ खेल रहे हैं। जिन्हें घेरकर तीनों जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया।

### शिव मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

**अगवानपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला पुरानी पुलिस चौकी स्थित शिव मंदिर में मंगलवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संगीता गुप्ता, प्रेमपाल सैनी, अरविंद सैनी, अभिनव गुप्ता, विशाल, संजू, सोनू ठाकुर, अजय, राकेश, रामोतार सैनी, शिव कुमार गुप्ता, अंशुल गुप्ता, राजीव गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, विनोद कुमार सैनी, मंगल सिंह सैनी, राम स्वरूप सैनी, बलवीर सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

### मैनाठेर के ताहरपुर में लगा साप्ताहिक बाजार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र में मुरादाबाद-संभल रोड के किनारे लगने वाला ताहरपुर का साप्ताहिक बाजार तीसरे मंगलवार को लगा। बाजार में बड़ी संख्या में व्यापारी व खरीदारी करने लोग पहुंचे। गौरतलब है कि कई बार से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने इस जगह पर साप्ताहिक बाजार नहीं लगने दिया था। जिसके चलते बाहर से आए दुकानदारों को निराश लौटना पड़ा था। जिन दुकानदारों ने दुकान लगाने का प्रयास किया था उन्हें भी पुलिस ने लाठी फटकार कर भगा दिया था। वहीं तीसरे मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकान लगा कर खुशी जाहिर की। वहीं इस संबंध में मैनाठेर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि तहसीलदार के आदेश पर बाजार लगा है।

### सेना के जवानों ने किया भूमि का निरीक्षण

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर में पड़ाव और ग्राम समाज की जमीन पर विवाद चल रहा है। जिसके चलते यहां से कुछ माह पहले रोड के किनारे बनी दुकान व टीनशेड के खोको को हटाया गया था। मंगलवार को यहां पहुंचे फौजियों ने पड़ाव की जमीन का मुआयना किया।

# भव्य भारत के निर्माण का संकल्प लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से मंगलवार को राजकला पीडीए कन्या इंटर कालेज में कर्तव्य बोध शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सभी ने उत्कृष्ट ज्ञान विज्ञान युक्त समरस भव्य भारत निर्माण का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला मंच के संस्थापक अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. महेश दिवाकर ने कहा कि महासंघ देश के शिक्षा संस्थानों में ऐसा शैक्षिक वातावरण सृजित करने के लिए प्रयत्नशील है, जिसमें कर्तव्य बोध भावना से प्रेरित राष्ट्र भक्त शिक्षक और विद्यार्थी भव्य राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

माध्यमिक संवर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि महासंघ राष्ट्र के लिए शिक्षा, शिक्षा के लिए शिक्षक और शिक्षक के लिए समाज इस त्रिसूत्रीय शैक्षिक दर्शन का मन्तव्य है। राष्ट्र की उन्नति का सर्वोच्च सशक्त साधन शिक्षा ही है। जो विद्यार्थियों में सदैव राष्ट्र सेवा और समर्पण का भाव भर सके। जिला महामंत्री डॉ. मधु बाला त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय पुनर्जागरण का महापर्व कर्तव्य बोध दिवस महासंघ द्वारा मनाया जाने वाला स्थायी राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है। उन्होंने अतिथियों को राष्ट्रीय पंचांग भेंट किया। जिला संरक्षक पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. बृज पाल सिंह यादव ने सभी का आभार जताया। इस दौरान महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार राम, मंजू तिवारी, रेखा रानी, डॉ. वीना सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. प्रगति शर्मा, पूनम रानी, नीतू सिंह, पल्लवी शर्मा, शालिनी, सुनीता सहित अन्य लोग शामिल रहे।



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से आयोजित गोष्ठी में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### रोगियों से भेदभाव खत्म करने की दिलाई शपथ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता के लिए सभा का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोगियों का पता लगाकर एमडीटी द्वारा उपचार करना और कुष्ठ के संचारण को 2027 तक शून्य स्तर पर ले जाना है।

मंगलवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. एपी शमशेरी व उपप्रधानाचार्य राकेश कुमार वर्मा ने छात्रों को इस रोग के प्रति जागरूक किया और रोग के लक्षणों व बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी दी। सभा में उपस्थित अध्यापकों और छात्रों को कुष्ठ रोग के उन्मूलन व भेदभाव को समाप्त करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंकज कुमार शर्मा, मोहम्मद शारिब, डॉ. नवनीत गोस्वामी, नकुल कुमार, ताराचंद ,पवन पाल आदि मौजूद रहे।

## गो-संरक्षण को लेकर आयोजित बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

# निर्माण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गो संरक्षण के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गोशाला निर्माण में देरी और लापरवाही पर कार्रवाई होगी। कहा कि सहभागिता योजना का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी उपलब्ध करा दें। जिन गोशालाओं में निर्माण में देरी हो रही है उसमें तेजी लाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील समाधान दिवस के दिन गोशालाओं का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाएगा। वहां पर पशुओं के सभी व्यवस्थाएं रहें इसे अधिकारी सुनिश्चित करें। गोशाला में चारा काटने की मशीन की व्यवस्था रखें। हर नोडल अधिकारी सक्रिय होकर कार्य करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि हर ग्राम में लेखपाल को निर्देशित कर रजिस्टर बनवा लें और गांव के हर खातेदार से निशुल्क भूसा लेने की व्यवस्था बनाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता, अधिशासी अधिकारी, नोडल अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में गो-संरक्षण के संबंध में बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

# शहीद स्मारक पर रामधुन गाकर दी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

## कांग्रेसियों ने कंपनी बाग में पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को याद किया, जीवन में उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को उन्हें कांग्रेस सहित अन्य संगठनों ने याद कर नमन किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि देकर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

शहीद स्मारक कंपनी बाग पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। महात्मा गांधी की प्रिय रामधुन कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गाई। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार मानवता पर आधारित दया, सत्य, अहिंसा मानवीय प्राकृतिक हैं। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को हिंसा की शिक्षा नहीं देते हैं। यही संदेश महात्मा गांधी के विचारों से संपूर्ण विश्व को प्राप्त होता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करती है।

26 जनवरी से 30 जनवरी तक पर ब्लॉक स्तर, नगर पंचायत, वार्ड स्तर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज समापन हुआ। महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचार विश्व में अमर हैं। इस दौरान पंडित देशराज शर्मा, अनूप दुबे, असद मोलाई, अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेंद्र वाल्मीकि, अनुराग शर्मा, अजय सारस्वत सोनी, नदीम अंसारी पार्षद, शमशेर अली पार्षद, मोहम्मद अब्बास, दाऊद खान, अनिल भटनागर, श्याम सरन, शिशुपाल सिंह, वाहिद हुसैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**गोकुलदास कालेज में मनाया कुष्ठ निवारण दिवस :** गोकुलदास गर्ल्स हिंदू कॉलेज में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया गया। इसका प्रारंभ शहीद दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने छात्राओं को कुष्ठ उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जन्म एक सामान्य परिवार में हुआ, लेकिन उनके असाधारण कार्यों एवं अहिंसा वादी विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलनों को एक नई दिशा प्रदान की। इस दिन को फ्रांसीसी मानवीय राउल फोलेरो ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए चुना था क्योंकि गांधी जी ने कुष्ठ रोगियों की बहुत सेवा की थी यह दिन सर्वप्रथम 1954 को बनाया गया था। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. शेफाली अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ता शामिल रहीं।



कंपनी बाग स्थित गांधी पार्क में रामधुन सुनते कांग्रेसी। ● अमृत विचार



गोकुलदास गर्ल्स हिंदू कॉलेज में छात्राओं को शपथ दिलातीं प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा।



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह।

### पुण्यतिथि पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कुष्ठ निवारण दिवस पर 23 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने रैली निकाली। जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से होकर सिविल लाइन थाना, पीलीकोठी जैन मंदिर आंबेडकर पार्क होती हुई फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली में एनसीसी कैडेट मेजर राजीव ढल के नेतृत्व में नारे लगाते हुए चल रहे थे। गांधी जी का था एक ही सपना कुष्ठ मुक्त हो भारत अपना, जन सहयोग की शक्ति से कुष्ठ मिटेगा बस्ती से लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. रामानंद वाजपेई ने बताया कि 13 फरवरी तक कुष्ठ निवारण पखवाड़ा मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कैडट्स को कुष्ठ निवारण में सहयोग की शपथ भी दिलाई। इस दौरान डॉ. नितिन यादव, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. भारत भूषण, डॉ. संजीव बेलवाल, विनोद पाल, मनोज कुमार, दानवीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# योजनाओं के संचालन को सचिवों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आयोजन**

- दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मंडल से पहुंचे 29 प्रशिक्षु
- समाज कल्याण विभाग ने किया शिविर का आयोजन

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की लाभार्थियों को जानकारी देने के लिए संबंधित अधिकारियों को शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिया। लाइनपार पेपटपुरा में स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में दो दिवसीय शिविर में मंडल से पहुंचे 29 सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, सुपरवाइजर को दो शिफ्टों में प्रशिक्षण दिया गया। जिन्हें रामपुर, अमरोहा और मुरादाबाद के जिला समाज कल्याण अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

मंडल स्तर पर पहली बार समाज कल्याण विभाग ने संचालित योजना के बारे में सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और सुपरवाइजर को प्रशिक्षण देने की पहल की है। जिसके लिए जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय में दो दिवसीय शिविर लगाया गया। मंगलवार को विभाग के उप निदेशक एसके राय व जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में पांच जिलों के 29 प्रशिक्षु पहुंचे। जहां विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण एवं ऑनलाइन कार्य किये जाने की स्थिति की समीक्षा की और इसका प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान योजनाओं से संबंधित नये और आसान तरीकों के बारे में अमरोहा के जिला समाज कल्याण अधिकारी आशीष सिंह ने जानकारी दी। वहीं योजना को लाभ लोगों तक किस तरह पहुंचाना है इसकी जानकारी रामपुर की जिला सूचना अधिकारी सूरज कुमारी ने दी। अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी मुरादाबाद शैलेंद्र गौतम ने पुरानी योजनाओं और उनमें परिवर्तनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) रामपुर प्रज्ञा वाजपेयी ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में लाभार्थियों को बताने का प्रशिक्षण दिया गया। अन्य योजनाओं के बारे बुधवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा।



शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ करते जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम।

### 11 सीएफओ की हुई पासिंग आउट परेड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उप्र डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद में प्रशिक्षण ले रहे 11 मुख्य अग्निशमन अधिकारियों का कोर्स पूरा हो गया है। सोमवार को इनकी पासिंग आउट परेड भी हो गई है। एडीजी राजीव सभरवाल ने इन्हें कर्तव्य-निष्ठा की शपथ दिलाई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारियों को पुलिस अकादमी से उन्नाव में स्थित राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय के लिए रवाना कर दिया गया है। पुलिस अकादमी में इन मुख्य अग्निशमन अधिकारियों को प्रशिक्षकों ने कानून के साथ ही बचाव के तरीकों और नई जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया है। अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि यह मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशिक्षण के लिए पुलिस अकादमी में 30 अक्टूबर 2023 को आए थे।

# महिला की मौत मामले में रिपोर्ट का आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला की मौत के बाद परिजनों ने एसएसपी से लगाई थी गुहार

**अमृत विचार :** आशियाना फेज एक में स्थित एक नर्सिंग होम में महिला के पेट के ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाकर परिवार वालों ने कार्रवाई के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। आरोप है कि ऑपरेशन में लापरवाही से ही महिला की मौत हो गई। मामले में आरोपी डॉक्टरों के विरुद्ध एसएसपी ने सिविल लाइंस थाने को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

प्रकरण छजलैट थाना क्षेत्र के कूड़ा मीरपुर गांव के प्रेमराज सिंह की पत्नी प्रवेश देवी का है। प्रेमराज सिंह पत्नी की ऑपरेशन से हुई मौत के मामले में मंगलवार को एसएसपी हेमराज मीना के सामने पेश हुए थे। उन्होंने एसएसपी को बताया कि उनकी पत्नी के पेट में पथरी थी। गांव के झोलाछाप डाक्टर ने आशियाना प्रथम में स्थित एक नर्सिंग होम में इलाज कराने और वहां से ठीक हो जाने का पूरा भरोसा देकर उन्हें ले आया था। उनकी पत्नी को उसने 25 सितंबर 2023 को नर्सिंग होम में भर्ती कराया था।

पीड़ित के मुताबिक, नर्सिंग होम के डॉक्टर ने पेट की पथरी निकालने के लिए ऑपरेशन बताया था और इलाज के लिए उनसे 20,000 रुपये जमा कराए थे।

ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों के नाम बताते हुए पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि ऑपरेशन के अगले दिन उनकी पत्नी के पेट में गैस बन गई और पेट फूल गया। वह पीड़ा से तड़प रही थी। उन्होंने जानकारी दी तो डॉक्टरों ने कह दिया कि ऑपरेशन के बाद थोड़ी-बहुत गैस की शिकायत रहती है, ठीक हो जाएगी। फिर 27 सितंबर प्रवेश देवी ने शाम चार बजे अस्पताल में ही दम तोड़ दिया था।

**हीलाहवाली** — कई बार देखे सीसीटीवी फुटेज, लुटेरों के चेहरे दिखे पर बाइक का नंबर स्पष्ट नहीं

# 20 दिन बाद भी लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 20 दिन पहले लाइनपार ढक्का रोड पर बाइक सवार लुटेरों ने लूट के विरोध पर अंडा व्यापारी हरि सिंह को गोली मार दी थी। गनीमत थी वह बच गए लेकिन, मझोला थाना पुलिस इस घटना में शामिल तीनों लुटेरों की आज तक न तो पहचान कर पाई है और न ही उनके बारे में कोई सुराग लगा सकी है।

इस मामले में सोमवार को भी रामतलैया चौकी प्रभारी विनय शर्मा अंडा व्यापारी के गोदाम पर पहुंचे थे। लेकिन, इन्होंने कहा कि वह दो दिन पहले ही तैनात हुए हैं, उन्हें अभी इस मामले में जानकारी नहीं है। वैसे इस घटना की विवेचना रामतलैया पुलिस चौकी के तत्कालीन प्रभारी राजेश शुक्ला विवेचना कर रहे हैं। फुटेज में लुटेरों के चेहरे दिख रहे हैं लेकिन, जिस बाइक पर सवार होकर भाग रहे हैं, उस बाइक का नंबर फुटेज में स्पष्ट नहीं दिख रहा। विवेचक ने बताया कि अभी इस घटना में कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

> अंडा व्यापारी के साथ हुई घटना मामले में पुलिस लगी है। हर बिंदु पर जांच हो रही है। घटना का खुलासा जल्द ही करेंगे।
> – हेमराज मीना, एसएसपी

**9 जनवरी की शाम को हुई थी घटना :** हरि सिंह ने बताया कि ढक्का रोड पर जयंतीपुर में बिजलीघर के सामने उनका दीपा एग स्टोर के नाम से व्यापारिक प्रतिष्ठान है। घटना नौ जनवरी की शाम 6.45 बजे हुई थी। बाइक पर सवार तीन युवक उनके काउंटर पर आए थे। उन पर तमंचा तान कर कहा, तेरे पास कितना कैश है, हमें दे दो। जिस पर उन्होंने कहा कि इस समय उनके पास कैश नहीं है। जिस पर लुटेरों ने कहा कि उन्हें पक्की खबर है...तेरे पास पांच लाख रुपये कैश है, दे-दे अन्यथा मारा जाएगा। मना करने पर उन्होंने सामने से फायर कर दिया था। फायर की आवाज सुनकर मजदूर बाहर आ गए। शोर मचाया तो चार-पांच राउंड फायर करते हुए बाइक सवार लुटेरे कन्या इंटर कॉलेज की तरफ भागे थे।

**पुलिस की ढिलाई से दहशत में है अंडा व्यापारी**

अंडा व्यापारी हरि सिंह ने बताया कि 20 दिन बाद भी पुलिस लुटेरों की पहचान तक नहीं कर पाई है। व्यापारी ने बताया कि लुटेरों ने उन पर तीन गोलियां दागी थीं। दाएं हाथ में उनके मोबाइल था तो एक गोली फोन पर लगी थी। दूसरी गोली उनके पीठ पर लगी थी। तीसरी गोली लगने से वह बच गए थे। घायल होने के बाद उनका 13 दिन तक कॉसमॉस हॉस्पिटल में इलाज चला था। अंडा व्यापारी मूल रूप से बिजनौर जिले में धामपुर के रहने वाले हैं। वह यहां लाइनपार में नेहरू पब्लिक स्कूल के पास दुर्गा नगर में रहते हैं।

### अस्पताल में महिला डॉक्टर पर रंजिशन फायरिंग, बाल-बाल बचीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में दबंगों ने सोमवार रात रामपुर दोराहा क्षेत्र के निजी अस्पताल में घुसकर महिला डॉक्टर पर फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली डॉक्टर के सिर से ऊपर होकर निकलकर दीवार में जा धंसी। सूचना पर पहुंचे कटघर थानाध्यक्ष ने घटना की प्रारंभिक जांच की है।

डॉ.शबानाज पुत्री अब्दुल रउफ ने बताया कि वह मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव चमरौआ खानपुर की निवासी है। उसका रामपुर दोराहा क्षेत्र में प्रेम वंडरलैंड के पास एआर हास्पिटल नाम से अस्पताल है। डॉक्टर ने बताया कि रामपुर दोराहा के ही कबीनगर निवासी युवक के परिवार से उनका जमीन का विवाद चल रहा था। पीड़िता ने बताया कि कुछ समय पहले आरोपी ने अपनी भांजी से उसके भाई पर दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया था, जो कोर्ट में विचाराधीन है। डॉ. शबानाज ने बताया कि आरोपी उसे पूर्व में भी दो बार धमकी दे चुका है। सोमवार रात करीब 10 बजे कबीरनगर निवासी युवक अपने तीन साथियों के साथ वहां आ धमका और गाली-गलौज करते हुए डॉक्टर को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद**

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांकः– 119 / निविदा–मु0वृत्त / 2023–24 दिनांक :–08.01.2024

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम–8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 01.02.2024 प्रातः 10 बजे से 07.02.2024 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम–5 एवं 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन / टैक्नीकल बिड दिनांक 07.02.2024 को दोपहर 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित / अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन / टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है–

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षाकाल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित(रू) में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | ठाकुरद्वारा–डिलारी मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। कि0मी0–1 से 19 एवं 20(470) | 448.56 | 8.98 | 12 माह | 300+2000+54 =2354 |

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender-up-nic.पद पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879(1) / 23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650 / 4एन–एल0सी0 / 2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

(मो0 नवेद अहमद खां)
अधिषासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

UP-201733 दिनांक 29.01.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## एक नजर

### एटीएम कार्ड बदल कर उड़ाए 20,000 रुपये

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट के किसान चौक पर स्थित एटीएम से कोचिंग की फीस के लिए रुपये निकालने आयी युवती से ठगों ने एटीएम कार्ड बदल कर खाते से 20,000 रुपये उड़ा दिए। रोशन जहां पुत्री यमन निवासी ग्राम मधुपुरी थाना कांठ की रहने वाली है, जो यहां कोचिंग कर रही है। छात्रा ने फीस जमा करने के लिए एटीएम से 3500 रुपये निकाले थे। तभी दो अनजान व्यक्ति वहां पर आए और छात्रा को अपनी बातों में फंसा कर एटीएम कार्ड चेंज कर दिया। इसके बाद उसके खाते से 20000 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने थाना छजलैट में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### प्रधान पर लगाया जबरन कब्जा करने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिलारी के ग्राम बढेरा निवासी मुस्तकीम ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी गांव में संक्रमणीय भूमि है। जिस पर ग्राम प्रधान दूसरे पक्ष से हमसाज होकर जबरन रास्ता निकाल रहा है। जबकि भूमि पर सिविल न्यायालय ने 3 फरवरी 2021 को विपक्षीगण को किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने के लिए निषेधित किया है।

### धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण करने की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील के ग्राम मानपुर दत्तराम निवासी आशुतोष कुमार ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि गांव में भादों की पंचमी को नवमी मेले के दिन पूजा पाठ का आयोजन जाहरवीर स्थल पर पिछले 40 वर्ष से किया जाता रहा है। यह भूमि राजस्व रिकार्ड में खलियान के रूप में दर्ज है। इस स्थल पर ही दिवाली एवं होली आदि त्योहारों पर भी पूजा-पाठ किया जाता है। जाहरवीर स्थल पर दूसरे समुदाय के लोग जबरन अपना सामान रखकर अतिक्रमण करते हैं। इससे धार्मिक क्रियाकलाप में व्यवधान उत्पन्न होता है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

### उपप्रधानाचार्य को दी धमकी

**काशीपुर,अमृत विचार :** एक निजी स्कूल की उप प्रधानाचार्य ने दो युवकों पर मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाया है। साथ ही युवकों पर कानूनी कार्रवाई करने पर धमकी देने का आरोप भी है।

# राष्ट्रपिता के आदर्शों पर चलने का आह्वान

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि स्पर्श कुष्ठ जागरुकता दिवस के रूप में मनाई

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज पसियापुरा पदार्थ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि ( शहीद दिवस ) को स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान दिवस के रूप में मनाई गई। राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानाचार्य और राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि गांधी जी का पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी गरीबों कमजोरों और असहाय लोगों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते थे। हमें समाज के ऐसे लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कुष्ठ रोगियों की सेवा का संकल्प लिया। वहीं कुष्ठ रोगों के बारे में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही कुष्ठ रोगियों की पहचान करते हुए उनके इलाज के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने में उनकी मदद करने का आह्वान किया।



ठाकुरद्वारा के रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में मौजूद प्रधानाचार्य व शिक्षक। ● अमृत विचार

- लघु नाटिका के माध्यम से दिया कुष्ठ रोग से बचाव का संदेश
- कुष्ठ रोगियों की मदद करने का लिया संकल्प

इस अवसर पर कुष्ठ रोग से संबंधित एक लघु नाटिका का विद्यालय की छात्राओं ने मंचन किया और इसके माध्यम से कुष्ठ रोग की पहचान कारण और निवारण पर प्रकाश डाला गया। छात्र अल्तमस ने गांधी जी की वेशभूषा धारण कर आकर्षित किया। कार्यक्रम में निर्वेश कुमारी, पुष्पा कुमारी, धर्मवीर सिंह, जयपाल सिंह, रघुवीर सिंह, अनिल कुमार, हसीन खान, पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, चंचल कुमारी, ज्योति, मधु ,पूनम शर्मा, संजना, मनीषा आदि ने भाग लिया।

### नगर निवासी सिख युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**कांठ, अमृत विचार:** एक सिख युवक की मुरादाबाद में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद नगर में शव आने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला पृथ्वी गंज निवासी हरजीत सिंह (27) पुत्र जसपाल सिंह मुरादाबाद बाजार में कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था। साथ ही वह वहां पर किराए पर कमरा लेकर रहता था। जहां किराए के कमरे में सोमवार रात उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जानकारी मिली तो परिजन उसके अस्थाई निवास पर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही वास्तविकता उजागर होगी। मृतक के तीन भाई हैं। गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा आदि लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# चीनी मिल अधिकारियों ने किसानों को जागरूक किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- किसानों से उन्नत प्रजाति का गन्ना बोने की अपील की

**अमृत विचार :** त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल के अधिकारियों की टीम ने क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को उन्नत प्रजाति का गन्ना बोने की सलाह दी है।

वरिष्ठ सलाहकार डॉ. एसके पांडेय ने किसानों को बताया कि वर्तमान में को. 0238 में लाल सड़न आने की वजह से गन्ना प्रजाति में बदलाव आवश्यक है। इसके लिए नई प्रजातियां को. 0118, को. 15023, को. 98014, कोलख 1401 आदि की बुआई करें। इस अवसर पर मिल उपाध्यक्ष वी. वेकटरथनम ने बताया कि त्रिवेणी चीनी मिल ने 22 जनवरी तक खरीदे गन्ने का एरियर सहित भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हमुल हसन ने बताया कि गन्ना बीज सुरक्षित कराकर वितरित किया गया। गन्ना महाप्रबंधक टीएस यादव ने किसानों से चीनी मिल में साफ-सुथरा, ताजा और जड़ पत्ती रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नई प्रजाति का गन्ना बुआई से पूर्व हेक्सास्टाप एवं भूमि उपचार के लिए टाइकोडरमा का उपयोग जरूर करें। चीनी मिल से टाइकोडमा पर 75 प्रतिशत एवं हेक्सास्टाप पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक सुनील बालियान, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक आतोष कुमार द्विवेदी, सुमित चौधरी आदि थे।

### सपाइयों ने मतदान के लिए जागरूक किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जनपद के सेक्टर 19 सुमालखेड़ा बूथ संख्या 201 व 202 पर जन पंचायत पखवाड़ा कार्यक्रम कर जनता को लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए जागरूक किया। विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष नवीन यादव, राकेश दानव, आनंद प्रकाश, खुर्शीद प्रधान, शहजाद आदि मौजूद रहे।




निरीक्षण के दौरान डीसी, विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को ऊनी कैप वितरित किए

संवाददाता, कांठ

- डीसी मुरादाबाद ने किया प्राथमिक विद्यालय मुख्तयारपुर नवादा का निरीक्षण

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय मुख्त्यारपुर नवादा द्वितीय में डीसी मुरादाबाद तेजपाल सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक-कक्षाओं मे पठन- पाठन में व्यस्त पाये गये। उनके द्वारा विद्यालय के भौतिक परिवेश, स्वच्छता एवं रख रखाव की प्रशंसा की गयी। विद्यालय में पंजीकृत सभी छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा गरम कैप का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक अभिषेक विश्नोई द्वारा उन्हें छात्र उपस्थिति हेतु किए गए प्रयासों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नेहा सिंह, प्रेरणा चाहल, सुनीता रानी उपस्थित रही।

### आश्रम के महंत को दी जान से मारने की धमकी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली के ग्राम फरीद नगर निवासी शिव शक्ति संन्यास आश्रम के महंत कुसुम गिरी एवं सोमेश्वर गिरी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उन्होंने विगत संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा गांव के राकेश पाल, मोन्टीपाल, प्रेमवती से मिलीभगत कर आश्रम की भूमि में खंभे लगवा दिए थे। जांच करने कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे तो राकेशपाल, मोन्टीपाल एवं प्रेमवती ने गालीगलौज करने के साथ बिजली के खंभे हटवाने पर जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।




महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं विद्यालय की प्रधानाचार्या। ● अमृत विचार



महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते शिक्षक और छात्राएं। ● अमृत विचार

# पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, छजलैट

- राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर में छात्रों ने रखा दो मिनट का मौन

**अमृत विचार:** मंगलवार को राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर कांठ रोड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता रानी ने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी बच्चों को देश की आजादी में गांधी जी के त्याग, समर्पण के बारे में विस्तार से बताया और उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए गांधी जी ने कई आंदोलन किए। इसमें सत्याग्रह और खिलाफत आंदोलन, नमक सत्याग्रह, डांडी यात्रा आदि शामिल है। उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अहिंसा के सिद्धांत अपनाया। उन्होंने कहा कि हमें महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर उनके बताए गए पद चिन्हों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्र एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### अहिंसा और मानवता के पुजारी थे महात्मा गांधी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मंगलवार को इंडियन पब्लिक जूनियर हाई स्कूल ग्राम ढकिया जुम्मा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य मोहम्मद तय्यब अली ने कहा कि गांधीजी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने हमेशा ईमानदारी के साथ अहिंसा, इंसानियत और सच्चाई के रास्ते को अपनाया। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अहम योगदान दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद इकराम, अध्यक्ष हसमत अली, सुरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, शिवम, प्रिंस कुमार गौतम, नगमा परवीन, शादमा, रेशमा, महक, अमरीन, पूजा आदि का सहयोग रहा।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप से पति को किया दोषमुक्त

**काशीपुर,अमृत विचार:** न्यायिक मजिस्ट्रेट/तृतीय एसीजे की अदालत ने दहेज की मांग को लेकर पत्नी के साथ मारपीट और उसे प्रताड़ित करने के आरोपी पति को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया है।

तीन नवंबर, 2018 को एक महिला ने काशीपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका विवाह 28 फरवरी, 2017 को मोहल्ला नई बस्ती, विजयनगर निवासी अजय कुमार से हुआ था। आरोप था कि विवाह के बाद से ही अजय दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न करता था। आरोप यह भी था कि 10 दिसंबर, 2017 को उसके पति ने मारपीट की और उस पर मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी अजय के खिलाफ 12 मई 2019 को कोर्ट में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली ने की।

# बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाएं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर नगर के डीएसएम इंटर कॉलेज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें छजलैट ब्लॉक के विद्यालयों ने हिस्सा लिया।

बैठक में एचईओ उमेश कुमार ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 1 फरवरी को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें पुनः 5 फरवरी को दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को बैनर तथा रिपोर्टिंग फॉर्म का वितरण किया। डीएसएम इंटर कॉलेज के अलावा श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठंगी, पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ, राजकीय इंटर कॉलेज मुंडा खेड़ी, कुसुम देवी इंटर कॉलेज भीकनपुर, भगवत सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय नसीरपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचावली, धर्म सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय चेतरामपुर, राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर, आर के इंटर कॉलेज मघपुरी, जीत इंटर कॉलेज सैफुल्लापुर के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। डीएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुमार देव अवस्थी ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि 1 फरवरी को शत प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाने में सहयोग करें। इस अवसर पर महेंद्र कुमार, मसूद हुसैन, संजीव कुमार आदि का सहयोग रहा।



बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बैठक आयोजित
- 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाने का आह्वान

### सामुदायिक शौचालय में लगा है गंदगी का अंबार

**कांठ, अमृत विचार:** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत कांठ में महिला और पुरुषों के लिए सामुदायिक शौचालय बनाए गए थे। जो साफ-सफाई की बाट जोह रहे हैं।

सरकार की योजना के अनुसार पिछले बजट सत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत कांठ में सामुदायिक शौचालय महिला और पुरुषों के लिए बनाए गए थे। उनमें आए दिन या तो ताले लगे रहते हैं या कहीं उनका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इनमें अधिकांश में गंदगी व्याप्त है। स्थानीय निवासी अंकुल का कहना है कि इन शौचालयों का लोगों को कोई फायदा नहीं है। इनमें कुछ में ताला लटका रहता है तो अधिकांश में सफाई नहीं होती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष से इन सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई व प्रतिदिन खुलवाने की मांग की है।

# अभिशाप नहीं है कुष्ठ रोग, इलाज संभव

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व शिक्षिकाओं द्वारा बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव एवं कुष्ठ उन्मूलन के संबंध में छात्रों को जानकारी दी गई।

बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में कुष्ठ पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में पैरामेडिकल वर्कर अनिल सैनी ने बताया कि 13 फरवरी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ द्वारा कुष्ठ पखवाड़े का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं है। इसका उपचार संभव है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में दिखना चाहिए। शुरू में ही उपचार शुरू होने पर विकलांगता से बचा जा सकता है। बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने बताया कि यह छुआछूत का रोग नहीं है। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्या सुनीता, शिक्षा देवी, अंजना शर्मा, नीरज यादव, रिंकल चौहान, खालिदा तबस्सुम, दिग्विजय सिंह चौहान के अलावा अनीता सिंह आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देतीं स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

### कुष्ठ आनुवांशिक रोग नहीं, जागरुकता जरूरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सीएचसी ठाकुरद्वारा एवं ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें संस्था के प्रमुख द्वारा उपस्थित लोगों को जिलाधिकारी की अपील सुनाई गई। पीएमडब्ल्यू कुलवंत सिंह ने बताया कि कुष्ठ आनुवांशिक रोग नहीं है। यहं साथ रहने खाने से नहीं फैलता। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सैनी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, ब्लॉक लेखा प्रबंधक आशू गुप्ता, बीसीपीएम लीलावती, नरेश सिंह, शोएब खान, आशीष शर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, अभिषेक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा पलटने से महिला सहित पांच घायल, एक गंभीर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे लोगों की ई-रिक्शा पलट गई। जिससे महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। चीख-पुकार मचने पर लोगों ने घायलों को ई रिक्शा के नीचे से निकाल कर तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर उसके परिजन काशीपुर ले गए।

उत्तराखंड के थाना जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी महेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह, उनकी पत्नी रेखा देवी, राकेश देवी पत्नी जय सिंह सहित पांच लोग ठाकुरद्वारा के गांव कमालपुरी स्थित गांव में ई-रिक्शा से रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। कमालपुरी चौराहे पर मार्ग पर बने गति अवरोधक पर अचानक ई रिक्शा असंतुलित हो पलट गई। जिसमें महेंद्र सिंह, राकेश देवी, रेखा देवी सहित पांच लोग घायल हो गए। जिसमें इंदर सिंह की हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### ठाकुरद्वारा में 15 लोगों को कुत्तों ने काटकर जख्मी किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कुत्तों ने अलग-अलग स्थानों पर 15 लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। परिवार वालों ने इनका सरकारी अस्पताल में उपचार कराया है। खाईखेड़ा निवासी अरुण कुमार, असलेमपुर निवासी मोनिका, मंडैया मीरपुर निवासी राजेंद्र सिंह, सुल्तानपुर निवासी चरन सिंह, नगर निवासी कुमारी चाहत, शकुंतला, सुल्तानपुर दोस्त निवासी महबूब आलम, रतूपुरा निवासी आशा, वार्ड

पीडीए पखवाड़ा

विधानसभा क्षेत्र के काजीपुरा, पठंगी और अकबरपुर स्याहली आदि गांवों में किया आयोजन

# पिछड़े और गरीबों को उनका हक सपा ही दिलाएगी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** कांठ विधानसभा के अनेक ग्रामों में समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक (पीडीए) पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने सपा की नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

मंगलवार को कांठ विधानसभा के ग्राम काज़ीपुरा ,ग्राम पठंगीं और अकबरपुर स्याहली में पीडीए पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़े में सरकार के जनविरोधी कार्यक्रम, बेरोजगारी, जातिगत जनगणना और पीडीए पर चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव में गरीबों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को बराबरी का हक व रोजगार दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी को जिताने का संकल्प लिया।

इस दौरान विधायक कमाल अख़्तर ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जबकि सत्ताधारी भाजपा संविधान और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बीजेपी देश को गुलामी की ओर ले जाना चाहती है। बिहार में मुख्यमंत्री रहते कर्पूरी ठाकुर ने जिस प्रकार पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया। उसी तरह से अखिलेश यादव आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। पीडीए के दबाव में ही भारत सरकार को जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देना पड़ा। उन्होंने कहा कि देश की एकता, भाईचारा और एकता का तानाबाना तोड़ने का काम भाजपा कर रही है। पीडीए ही लोकसभा चुनाव में एनडीए को हरायेगा। इस मौके पर वीर सिंह, राजपाल, अतिकुर्रहमान, महिंद्र सिंह, फ़ुरक़ान, सुलेमान, सईद, जुल्फ़िकार, हरपाल सिंह, कृपाल सिंह, बाबू राम, चेतन, हबीब शाहिद, वाहिद आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित सपा विधायक व अन्य। ● अमृत विचार



एक-दूसरे को मिठाई खिलाते लोग। ● अमृत विचार

# डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाने पर खुशी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खलील कुरैशी के आवास पर मौजूदा संभल सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित करने पर मिठाई बांटी और खुशियां मनाई।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का राजनीति से काफी पुराना रिश्ता है। मौजूदा समय में संभल से समाजवादी पार्टी से सांसद हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर से उन पर भरोसा जताया है। इससे कार्यकर्ताओं में खुशी है। उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान से परवेज़ अली, खलीक कुरैशी,राशीद मेम्बर, सालिम खान, तौसीफ खान, सद्दाम पाशा, दानिश, बब्बन, आमिर, गुड्डु, इरफान, हसन, शाकिर, विजय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कब्रिस्तान के पास बने गेट के पत्थर सही कराए जाएं

**हसनपुर, अमृत विचार :** सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष युसूफ कुरैशी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कब्रिस्तान के पास बने गेट के पत्थर सही कराने की मांग की है। नगर में हजरत शाह विलायत रहमतुल्लाह के मजार के पास बड़ा कब्रिस्तान है। मजार के पास बड़ा गेट है। इस पर पालिका ने लाल पत्थर लगवाए हैं। आए दिन यह पत्थर टूटकर गिर रहे हैं। इससे कभी भी हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। इस बारे में कई बार नगर पालिका से शिकायत की। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां से कई गांवों के लोग गुजरते हैं। इसलिए इन पत्थरों को शीघ्र लगवाया जाए, ताकि कोई हादसा न हो सके।

### घर में घुसकर महिला को पीटने में तीन पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** पुराने विवाद के चलते महिला को घर में घुसकर पीट दिया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के नौनेर गांव निवासी लल्लू खां व बाबू के बीच पुराना विवाद चला आ रहा है। सोमवार को भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। उस समय वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों को समझाकर विवाद शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद बाबू अपने साथियों के साथ लल्लू खां के घर में घुस गया तथा उसकी पत्नी रहीसा को पीटकर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### युवती ने परिवार वालों से जताया जान का खतरा

**गजरौला, अमृत विचार :** प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज करने वाली युवती ने मायके पक्ष से खुद की जान को खतरा जताया है। युवती ने इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर पुलिस से शिकायत भी की है। शहर के एक मुहल्ले के निवासी युवक के संभल जिले की बहजोई निवासी युवती से प्रेम संबंध हैं। कुछ दिन दोनों ने परिजनों की मर्जी के बिना कोर्ट मैरिज भी कर ली। फिलहाल युवती प्रेमी के साथ ही रह रही है। इस बीच युवती के मायके वाले कुछ लोगों को साथ लेकर युवक के घर पहुंचे और हंगामा किया। मौजूद लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। हालांकि युवती व युवक तब घर पर नहीं थे। युवती ने अपनी मर्जी से युवक के साथ कोर्ट मैरिज करने की बात कही है।

# ठंड से ठिठुरे लोग, सूर्यदेव के दर्शन से मिली राहत

## मंगलवार को पूरे दिन छाया रहा घना कोहरा, स्कूल जाने में बच्चों को हुई परेशानी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** कड़ाके की ठंड में मंगलवार सुबह आसमान में घना कोहरा छाया रहा। दोपहर को सूर्यदेव के दर्शन के बाद लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। इसके चलते सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों को हुई। छात्र-छात्राएं सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल-कॉलेज में पहुंचे।

मंगलवार की सुबह लोग सोकर उठे तो चारों तरफ कोहरे की घनी चादर फैली थी। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। रफ्तार भी बेहद कम रही। बच्चे भी ठंड में कांपते हुए स्कूल गए। चिकित्सकों ने अभिभावकों को बच्चों के कपड़ों पर ध्यान देने की सलाह दी है। उनका कहना है कि गर्म कपड़ों से शरीर को ढके रहें। सोमवार की रात ही आसपास में घना कोहरा था। इसके चलते कुछ ही दूरी पर भी नजर नहीं आ रहा था। सड़क पर दौड़ रहे वाहनों की लाइट से अनुमान लग रहा था कि कोई सामने से कोई वाहन आ रहा था। कोहरे की वजह से लोगों को सफर पूरा करने में भी दोगुना समय लगा। न्यूनतम पारा सात डिग्री तक पहुंच गया है। ठंड की वजह से बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा।



गजरौला में ठंड के बीच जातीं छात्राएं। ● अमृत विचार



हसनपुर में कोहरे के बीच गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

### पुरवा हवा से बदला मौसम का मिजाज, ठंड बरकरार

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** गंगेश्वरी व दढ़ियाल क्षेत्र में कोहरे की धुंध के साथ गलन भरी ठंड की रफ्तार एक दिन के लिए थमी। मंगलवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। एक दिन तीखी धूप के बाद सोमवार और मंगलवार को सुबह से ही बादल छा गए। इसके बाद कोहरे की हल्की धुंध छाने से हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई। मौसम का मिजाज देख अन्नदाता एक बार फिर सहम गया है। पुरवा हवा के साथ आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया है। पुरवा हवा दिन भर लोगों को ठंड का एहसास कराती रही। कभी पछुवा तो कभी पुरवा हवा से पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कुछ दिन पूर्व हुई बूंदाबांदी के बाद से मौसम का मिजाज एकाएक बदला हुआ है।

### ठंड से छूटी कंपकंपी, कोहरे ने किया परेशान

**हसनपुर, अमृत विचार :** कई दिनों से चल रही सर्द हवा ठिठुरन बढ़ा रही है। मंगलवार सुबह से ही शीतलहर चलने के कारण लोगों की कंपकंपी छूट गई। आसमान में पूरे दिन कोहरा छाया रहा। दोपहर के बाद सूर्य देव के दर्शन तो हुए मगर धूप खास असर नहीं दिखा सकी। सर्दी का असर बाजारों में भी दिखाई दिया।

### घने कोहरे व ठंड से परेशानी

**बुरावली, अमृत विचार :** क्षेत्र में मंगलवार को घना कोहरा छाया रहा। इससे लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए। 12 बजे तक लोग घरों में ही रहे। लोगों ने अलाव के सहारे ठंड से निजात पाने की कोशिश की। कोहरे व ठंड में ठिठुरते हुए बच्चे स्कूल पहुंचे। कोहरे का असर यातायात पर भी रहा। मंगलवार सुबह अत्यधिक कोहरा होने की वजह से हाईवे पर वाहनों की गति धीमी रही। दिनभर चली हवा ने लोगों को ठंड का अहसास कराया।



सीसी रोड का उद्घाटन करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

# विधायक ने गांव शीतला सराय में किया सीसी रोड का उद्घाटन

संवाददाता, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव शीतला सराय में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने 550 मीटर रोड व नाला निर्माण का उद्घाटन किया। इस सड़क के निर्माण में विधायक निधि से लगभग 50.6 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

मंगलवार को गांव शीतला सराय में ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही हैं। प्रत्येक तबके को विकसित करना ही सरकार की प्राथमिकता है।

उनकी विधानसभा के अधिकांश गांवों में सभी जर्जर मार्गों को दुरस्त कराया जा चुका है। बाकी पर भी काम चल रहा है। उनका प्रयास है कि सड़क, पानी, बिजली आदि मूलभूत सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलता रहे।

इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को गांव की कुछ समस्याएं भी बताईं। विधायक ने जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# किशोरी को हरियाणा ले गया युवक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** एक युवक किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर हरियाणा ले गया। परिजनों की शिकायत पर हरियाणा पहुंची पुलिस ने किशोरी को बरामद करके आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमी पर किशोरी से दुष्कर्म का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रेमी व उसके साथी के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के एक मुहल्ला में रहने वाले व्यक्ति की बेटी का प्रेम प्रसंग जनपद संभल के हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बेतला निवासी सतपाल सिंह से चल रहा था। छह जनवरी को सतपाल सिंह किशोरी को लेकर भाग गया। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं लगा। तब परिजनों ने सतपाल सिंह के खिलाफ अपहरण के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**▸▸ पुलिस ने किशोरी को बरामद कर युवक व उसके साथी को भेजा जेल**

पुलिस व परिजन तभी से दोनों की तलाश में जुटे थे।

इस बीच पुलिस को प्रेमी युगल की लोकेशन हरियाणा के जिला पंचकूला में मिली। पुलिस टीम ने पंचकूला जिले के थाना व कस्बा पिंजौर क्षेत्र की चावला कालोनी में एक घर से किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने सतपाल का सहयोग करने वाले उसके गांव के ही अमरपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। किशोरी के प्रेमी पर दुष्कर्म करने का भी आरोप है। अदालत में बयान दर्ज कराने के बाद किशोरी परिजनों की सुपुर्दगी में दे दी गई है।

### दहेज की खातिर महिला को घर से निकाला

**अमरोहा, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने महिला के साथ मारपीट की। विरोध पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना गजरौला क्षेत्र के गांव पाल निवासी राजपाल सिंह की बेटी डॉली की शादी दो साल पहले नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गालिबबाड़ा निवासी मदनपाल सिंह से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल में डॉली को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। विरोध पर मारपीट की जाती थी। दहेज की मांग पूरी कराने से इनकार करने पर ससुराल वालों ने डॉली को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके में पिता के साथ रह रही पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पति मदनपाल, ब्रह्मपाल, रामपाल, सतपाल सिंह, बबीता व अलका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## स्टेशन पर मिले बालक को परिजनों को सौंपा

**गजरौला, अमृत विचार :** मंगलवार को मुजफ्फरनगर का 11 वर्षीय बालक किसी तरह रेलवे स्टेशन पहुंच गया। अकेला बच्चा देख जीआरपी ने पूछताछ की। इसके बाद जीआरपी ने बच्चे को उसके परिजनों को सौंप दिया।

मुजफ्फरनगर के लद्देवाला मुहल्ला निवासी मोहम्मद नईम का 11 वर्षीय पुत्र जैद किसी ट्रेन से गजरौला रेलवे स्टेशन पहुंच गया। जैद रेलवे स्टेशन के वेटिंग हाल में बैठा था। अकेला देख जीआरपी ने जैद से पूछताछ की। उसने बताया कि वह अकेला घर से आया है। जीआरपी ने मुजफ्फरनगर पुलिस से संपर्क करके बालक के परिवार वालों के बारे में जानकारी की। जीआरपी के इंचार्ज श्यामबाबू ने बताया कि वहां की पुलिस की मदद से बच्चे को उसके परिवार वालों को सौंप दिया गया। उसके पिता नईम व मां वसीना बच्चे को लेने रेलवे स्टेशन आए थे।

# बच्चों को निपुण बनाने में योगदान दें शिक्षक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को न्याय पंचायत रुखालू के अंतर्गत आने वाले संकुल केन्द्र पिपलौती खुर्द के शिक्षकों की बैठक प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर के प्रांगण में हुई। इसमें विभागीय बिंदुओं सहित बच्चों को निपुण बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। आपरेशन कायाकल्प के तहत अवशेष पैरामीटर को जल्द पूरा कराने पर जोर दिया गया।

बैठक में एआरपी विकास राहुल ने कहा कि सभी शिक्षकों को रोजना छात्र-छात्राओं का मोबाइल द्वारा निपुण असेसमेंट का कार्य अनिवार्य रूप से करना है। छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत रूप से निपुण बनाना है। जो विद्यालय अभी निपुण घोषित नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र ही अध्यापकों द्वारा निपुण घोषित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर के अंतर्गत जो कार्य अपूर्ण रह गए हैं उन्हें अध्यापकों को ग्राम प्रधान एवं सचिव से मिलकर जल्द पूरा करना है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि निपुण एवं कायाकल्प से संबंधित सभी बिंदुओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करें और शासन की चल रही विभागीय योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉकाध्यक्ष रामवीर सिंह और संचालन संकुल शिक्षक संजय सिंह ने किया। इस मौके पर संकुल शिक्षक संजय सिंह, मदनपाल, युसूफ खान, अजय सागर, प्रमोद कुमार, किरनपाल सिंह, मनीष कुमार, सत्येंद्र सिंह, राशिद अली, योगेंद्र कुमार, अमीउरनिशा, सुमबुल व रितु शामिल रहे।



बैठक में शामिल शिक्षक। ● अमृत विचार



दंगल की शुरुआत कराते अतिथि। ● अमृत विचार

# दंगल में जम्मू के जावेद गनी ने जीती 25,000 रुपये की कुश्ती

संवाददाता, ढक्का

**अमृत विचार :** दरगाह हजरत बाबा बंदगीपीर पर चल रहे 531वें उर्स में तीसरे दिन कव्वाल अबरार वारसी ने कलाम पेश किया।

उर्स में चल रहे दंगल में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर दंगल की शुरुआत कराई। पहली कुश्ती शाहनवाज व जावेद के बीच हुई। इसमें जावेद पहलवान विजयी रहे। दूसरी कुश्ती अलफाज व फहीम के बीच रही। छह मिनट की कुश्ती अलफाज पहलवान ने जीती। तीसरी कुश्ती रिहान व गुड्डू के बीच हुई। इसमें रिहान पहलवान ने कुश्ती जीती। चौथी कुश्ती जम्मू कश्मीर के जावेद गनी और रुड़की के काला के बीच हुई। जावेद गनी ने 25,000 हजार रुपये की कुश्ती अपने नाम की।

इस मौके पर कमेटी के सदर शोएब चौधरी, सेक्रेटरी नईम चौधरी, गजेब चौधरी, शाकिर अली नईम, अरशद फरीदी, अकील अहमद, अखलाक मियां, साजिद अहमद शामिल रहे। रेफरी शेर अली व बलधारी रहे।

# भूमाफिया ने काट दिए आम के 10 पेड़, चार पर एफआईआर

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जनपद में आम के हरे बाग उजाड़ने का सिलसिला जारी है। गांव बीलना में 150 पेड़ काटने के बाद भूमाफिया ने अवैध प्लाटिंग के लिए अब नौगावां तगा में भी 10 पेड़ काट दिए। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव नौगावां तगा निवासी एक व्यक्ति का आम का बाग है। बताया जा रहा है कि बाग आबादी के पास होने पर कुछ लोग वहां प्लाटिंग की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार रात माफिया ने बाग में पेड़ों का कटान शुरू कर दिया। 10 पेड़ ही काटे गए थे कि किसी ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी। सूचना पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी राजीव वर्मा अपनी टीम व पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए। उस समय भी लोग पेड़ काट रहे थे। वन विभाग और पुलिस की टीम को देख पेड़ काट रहे मजदूर भाग गए। टीम को बाग में आम के कटे हुए 10 पेड़ मिले। जांच में अमरोहा शहर कोतवाली के मुहल्ला शिवद्वारा निवासी हिलाल उर्फ बब्बू, नौगावां सादात के मुहल्ला बगला निवासी तकी इमाम, मुहल्ला हातावाला के अख्तर अली व बाग स्वामी निहू का नाम सामने आया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इससे पहले भी नौगावां सादात क्षेत्र के गांव बीलनी में भी माफिया ने आम के 150 पेड़ काट लिए थे।

**▸▸ इससे पहले भी गांव बीलनी में काटे गए 150 आम के पेड़**

# महिलाओं ने घेरी खनन निरीक्षक की गाड़ी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खनन निरीक्षक की गाड़ी को ग्रामीण महिलाओं ने घंटों तक रोके रखा। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। भाजपा नेता महेश खड़गवंशी ने ग्रामीणों को समझाकर खनन अधिकारी की गाड़ी निकलवाई।

क्षेत्र के गांव घंसूरपुर में महिलाओं ने खनन निरीक्षक सुरेंद्र सिंह की गाड़ी का घेराव कर लिया। महिलाओं का कहना था कि गाड़ी की चपेट में आने से एक भैंस व बच्चा बाल-बाल बचे हैं। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने खनन निरीक्षक की गाड़ी लगभग दो घंटे तक रोके रखी। खनन निरीक्षक ने पुलिस को सूचना दी। इस बीच मौके पर पहुंचे भाजपा नेता ने ग्रामीणों को समझाकर खनन निरीक्षक की गाड़ी वहां से निकलवाई। खनन निरीक्षक ने घेराव की घटना से इनकार किया गया है। जबकि प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि खनन निरीक्षक की गाड़ी का घेराव करने की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।



खनन निरीक्षक की गाड़ी का घेराव करते ग्रामीणों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

## स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने को प्रेरित करता है धनौरा महोत्सव : प्रवीण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** धनौरा महोत्सव में आयोजित होने वाले धनौरा महोत्सव क्रिकेट कप का रामलीला मैदान पर विधिवत शुभारंभ हुआ। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी सोमवीर सिंह ने संयुक्त रूप से टूर्नामेंट का टॉस उछालकर शुभारंभ किया।

रामलीला मैदान में टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि धनौरा महोत्सव स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का और प्रेरित करने का अवसर देता है। चौधरी सोमवीर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय संस्कृति, भाईचारा व खेल भावना सुदृढ़ होती है।

वाईएमएस अकेडमी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। राहुल क्लब गजरौला ने बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 213 रन बनाए। जबकि वाईएमएस अकेडमी 122 रन पर ही ढेर हो गई। राहुल क्लब ने वाईएमएस अकादमी को मात दी। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष गीतेश अग्रवाल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला मंत्री सोनू सिंह गुर्जर ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। धनौरा महोत्सव के अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान, नरेंद्र कटारिया, सभासद प्रशांक त्यागी, चौधरी शिवराज सिंह, डॉ. योगेंद्र गौड़, लकी चौधरी व प्रियंक कुमार आदि शामिल रहे।

**आयोजन** अंजुमन-ए-इमामिया के संयोजन में हुआ आल इंडिया मनकबती मुशायरा

# अच्छा इंसान बनने की सीख देती है मौला अली की जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** हजरत अली की यौमे विलादत पर अंजुमन-ए-इमामिया नौगावां सादात के संयोजन में बस्ती स्थित इमाम बारगाह हाजी रजी हसन में ऑल इंडिया मनकबती मुशायरे का आयोजन किया गया। जश्ने मौलूदे काबा शीर्षक से सजी महफिल में देश के अलग-अलग शहरों से पहुंचे शायरों ने अपने कलाम पेश कर दामाद-ए-रसूल की खूबियां, मर्तबा और अजमत को बयां किया।

सोमवार की रात मौलाना अफजाल हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित मनकबती मुशायरे की शुरूआत नवाब आलम जैदी ने की। मोहम्मद ईसा ने तिलावत कलाम-ए-पाक तो अरमान हैदर साहिल ने नात-ए-पाक पेश कर मुशायरे की शुरुआत की। आलिमेदीन मौलाना सफदर ने हजरत अली की जिंदगी पर तकरीर की। कहा कि हजरत मौला अली की जिंदगी हमें अच्छा इंसान बनने और लोगों के साथ हमदर्दी से पेश आने की सीख देती है। मुशायरे में ताज कानपुरी, शरर नकवी लखनवी, चंदन फैजाबादी, शम्स तबरेज झारखंड, मौलाना फाजिल जरवाली, जौहर शिकारपुरी, मौलाना दिलशाद इलाहाबादी, कुमैल आगरा, फरमान रंगीन पूरी, नौशा अमरोहवी, हैदर किरतपुरी, कौसर कैरानवी समेत अन्य शायरों ने अपना कलाम पेश किए। संचालन मनाजिर हसन फतेहपुरी ने किया। इस दौरान नदीम अब्बासी जैदी समेत काफी संख्या में बस्ती के लोग शामिल रहे।



मुशायरे में कलाम पेश करते शायर व मंच पर मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक: 348/न.पा.परि.ह./2023-24 दिनांक: 30.01.2024

### ई-टेण्डरिंग अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार से निर्माण कार्य हेतु ई-निविदायें दिनांक 06.02.2024 से दिनांक 14.02.2024 समय दोपहर 01:00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 15.02.2024 को ही अपरान्ह 03:00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओं की उपस्थिति में https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-टेण्डरिंग से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि सूचना वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्व अध्ययन कर लें।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E-bid reference No. | 348/न.पा.परि.ह./2023-24 | | |
| 2 | Tender Release | | 30.01.2024 | |
| 3 | | Tender Download/ Uploaded | 06.02.2024 | दोपहर 12 बजे |
| 4 | Close for Bid | | 14.02.2024 | दोपहर 01 बजे |
| 5 | Bid Opening | Technical | 15.02.2024 | अपरान्ह 03 बजे |
| 6 | Bid Opening | Financial | 17.02.2024 | अपरान्ह 03 बजे |
| 7 | Bid Opening Palace | Financial | | नगर पालिका परिषद हसनपुर / जिला मुख्यालय अमरोहा। |

1. वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग डाक्यूमेन्ट ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।
2. निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है वह निविदा नहीं डाल सकेंगे।
3. निविदा के साथ मांग गये किसी भी प्रमाण पत्र को ई-टेण्डर उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड नहीं किये जाने / मूल प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ संलगन कर टैण्डर बॉक्स में निविदा खोले जाने वाली दिनांक 14.02.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक नगर पालिका हसनपुर कार्यालय/जिला मुख्यालय अमरोहा में जमा करनी होगी। निर्धारित समय के उपरान्त कोई भी निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. ई-निविदा शुल्क/ 2 प्रतिशत धरोहर राशि की डी.डी./ एफ.डी.आर./ एन.एस.सी./ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, हसनपुर के पक्ष में बंधक होनी अनिवार्य है। एवं इसकी स्कैन कॉपी ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करनी होगी तथा मूलरूप से धरोहर राशि की एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. एवं निविदा शुल्क डी.डी. के रूप में नगर पालिका परिषद हसनपुर कार्यालय में जमा करना होगा। न जमा करने की स्थिति में निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हसनपुर (अमरोहा)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हसनपुर (अमरोहा)

# दुष्कर्म में दो देवरों को 20-20 साल की सजा

## नौ साल पहले हुई थी घटना, आरोपी ननदोई की हो चुकी है मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पति से विवाद होने के बाद शहर में मौसी के पास रहने वाली भाभी से घर में घुस कर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने दो देवरों को 20-20 साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषियों पर 33,500 रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोनों दोषी देवर जमानत पर थे। सजा सुनाने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा एक आरोपी ननदोई की मौत हो चुकी है।

शहर के एक मुहल्ले में रहने वाली युवती की शादी मुरादाबाद के थाना व कस्बा कुंदरकी के मुहल्ला नुरुल्ला में हुई थी। पति से विवाद के चलते वह शहर में ही रहने वाली मौसी के घर आकर रहने लगी थी। 24 जनवरी 2015 की दोपहर वह घर में अकेली थी। तभी उसके देवर नदीम व कय्यूम तथा ननदोई वजीरुद्दीन आए और तीनों ने तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तब पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने 13 मार्च 2015 को तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ दिन बाद आरोपियों को जमानत मिल गई थी। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ईश्वर सिंह की कोर्ट में हुई। केस की सुनवाई के दौरान आरोपी ननदोई वजीरुद्दीन की मौत हो गई। मंगलवार को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने सगे भाई नदीम व कय्यूम को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेश नागर ने मजबूत पैरवी करते हुए दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की वकालत की। कोर्ट ने दोनों भाइयों को 20-20 साल के कारावास की सजा सुनाई और 33,500 रुपये जुर्माना लगाया है।

### एक नजर

#### गन्ना सेंटर पर तौल का काम हुआ धीमा

**अमरोहा, अमृत विचार :** ठंड का असर गन्ना क्रय केंद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। जहां तौल का कार्य धीमा हो गया। इसके कारण चीनी मिलों को भरपूर गन्ना नहीं मिल पा रहा है। जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ठंड के कारण किसान गन्ने को लेकर केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण केंद्रों पर तौलाई का कार्य धीमा हो गया है। पूरे दिन में एक ट्रक ही सेंटर से चीनी मिलों को भेजा जा रहा है। गन्ना केंद्रों से चीनी मिलों को भरपूर गन्ना नहीं मिल पा रहा है। इस कारण चीनी मिल लक्ष्य के अनुसार पेराई नहीं कर पा रही हैं। जिला गन्ना अधिकारी का कहना है कि जनवरी में चीनी मिल लक्ष्य के अनुरूप पेराई नहीं कर सके। इस बार जनपद की चीनी मील समय से पहले ही बंद हो सकती हैं।

#### पंचायत घर में चोरी

**बुरावली, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी ग्राम पंचायत गंगाचोली के पंचायत भवन में सोमवार की रात खिड़की का सरिया काटकर चोर अंदर रखा बैट्रा व इनवर्टर चोरी करके ले गए। चोरों ने फर्नीचर को तोड़ दिया। सुबह को प्रधान व ग्रामीणों को चोरी की जानकारी हुई। ग्राम प्रधान रामपाल सिंह ने हसनपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो युवती अपने प्रेमियों संग फरार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जनपद के रजबपुर और नौगावां सादात थाना क्षेत्र से दो युवतियां अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। एक युवती ने शादीशुदा प्रेमी की खातिर परिजनों से बगावत की। जबकि दूसरी युवती परिजनों को चकमा देकर मेले से प्रेमी के साथ भाग गई। पुलिस ने दोनों युवतियों के परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी तीन दिन पहले परिजनों के साथ पास के गांव में मेला देखने गई थी। इस दौरान वह लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं लगा। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**परिजनों ने दोनों युवकों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

उधर नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी का प्रेम प्रसंग जनपद बिजनौर के थाना शिवाला कलां क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर निवासी शादीशुदा युवक बंटी से चल रहा था। 19 जनवरी की रात युवती के परिवार के लोग खाना खाकर सो गए थे। रात में किसी समय उनकी बेटी घर से चली गई। सुबह बेटी को गायब देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने रिश्तेदारी में उसकी काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। दो दिन बाद बंटी ने फोन करके युवती को दो दिन में घर भेजने की बात कही, लेकिन अभी तक घर नहीं भेजा। तब युवती के पिता ने बंटी के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पारिवारिक कलह में महिला ने फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

**गजरौला, अमृत विचार :** पारिवारिक कलह के चलते महिला ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। शोर शराबा होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने फंदे पर लटके शव को नीचे उतारा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस बीच उसके मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए।

गांव मोहम्मदाबाद निवासी जाकिर का कई दिन से पत्नी नाजरीन से विवाद चल रहा था। सोमवार की शाम भी किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। मंगलवार को फिर से झगड़ा हो गया। इसी बात से नाराज नाजरीन ने कमरे में जाकर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद ससुराल वालों ने कमरे में देखा तो उसका शव फंदे पर लटका देख होश उड़ गए। शोर शराबा होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस के अलावा तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र सिंह ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी।

## सार संक्षेप



पंचायत को संबोधित करते भानु प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### भानु गुट की पंचायत में गूंजा छुट्टा पशुओं का मुद्दा

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के गांव गांगटकोला के आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनसभा हुई। इसमें किसान, मजदूर व युवाओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान छुट्टा गोवंशीय पशुओं का मुद्दा भी उठा। किसानों ने किसान आयोग के गठन की मांग की। छुट्टा गोवंश से निजात दिलाने, गन्ने मूल्य कम से कम 600 रुपये प्रति क्विंटल करने, हसनपुर तहसील के तहसीलदार को बदलने, ग्रीन गलियारों में अधिग्रहीत की जा रही किसानों की जमीन को रोकने अथवा मुआवजा 25 लाख रुपए प्रति बीघा दिलाने तथा युवाओं को रोजगार दिलाने की मांग की गई। इस मौके पर जयपाल सिंह गुर्जर, वीरेंद्र सिंह गुर्जर प्रधान, सोनू नागर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री गिरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा गुरजिंदर कौर, भोला मावी, अर्शी देवी, समर सिंह सरदार, क्रांति दल जिलाध्यक्ष कोमल शर्मा, मंजू चौधरी, राजीव त्यागी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुमित त्यागी, सोमपाल सिंह, तहसील उपाध्यक्ष मुस्तकीम अली, नूर मोहम्मद, अनिल प्रधान, ब्रह्म सिंह भडाना, नेहा शर्मा, मनोज नागर, पूर्व प्रधान धर्मवीर सिंह शामिल रहे।

### नगर पालिका की लापरवाही से लग रहे कूड़े के ढेर

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की लापरवाही से शहर में कूड़े के ढेर लग रहे हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन फिर भी सफाई नहीं दिख रही है। स्वच्छता के मामले में पालिका कागजों में स्वच्छ नजर आ रही है। लेकिन धरातल पर हाल-बेहाल है। स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण के लिए वाहन भी लगे हैं। बावजूद इसके मंगलवार को रेलवे स्टेशन रोड पर कूड़े के ढेर लगे दिखाई दिए। इनसे उठ रही बदबू से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गंदगी की वजह से मच्छर भी पनप रहे हैं। ईओ गार्गी त्यागी ने बताया कि कूड़ा रोजाना उठ रहा है। लेकिन शहर के सभी रास्तों पर रोजाना झाड़ू लगना काफी मुश्किल है। यदि कूड़ा पड़ा होने की शिकायत मिलती है तो संबंधित सफाईकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



नगर में लगे कूड़े के ढेर। ● अमृत विचार

### नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने की अपील

**अमरोहा, अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यालय में कामकाजी बैठक हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री ठाकुर हरीश सिंह रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने की। मुख्य अतिथि ने विधानसभा संयोजक, मंडल संयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक तथा पन्ना प्रमुख बना कर सत्यापन करने का काम पूर्ण करने तथा इसे अतिशीघ्र जिला कार्यालय पर जमा कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर मंडल पर एक व दो फरवरी को मंडल की बैठक कर लें। पन्ना कमेटी सत्यापन करना भी महत्त्वपूर्ण है। इस दौरान जिला प्रभारी सतपाल सिंह पाल ने केंद्र तथा प्रदेश की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की कार्यकर्ताओं से अपील की। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी राजीव सिसोदिया, लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी, शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढिल्लो, धनौरा विधायक राजीव तरारा, निवर्तमान विधायक कमल सिंह मलिक, पूर्व सांसद चौधरी कवर सिंह तवर, ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लो, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश त्यागी, ऋषिपाल सिंह, डॉ. केएस सैनी, तिलक राज चौहान, रमेश कलाल आदि शामिल रहे।

# गोशाला के निरीक्षण में मिली अव्यवस्था

संवाददाता, मुबारिजपुर



गौशाला का निरीक्षण करते विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र गांव गुरैठा खादर में वृहद नंदी बिहार गोशाला का मंगलवार को विधायक महेंद्र सिंह सिंह खड़गवंशी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्थाएं व बीमार गोवंश देख उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदारों की फटकार लगाते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि गोशालाओं में अवस्थाओं का अंबार है। भुगतान होने के बाद भी अभी तक ठेकेदार ने गोशाला का निर्माण पूरा नहीं किया। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान विधायक ने गोवंशों को सही समय पर खानपान देने के निर्देश दिए। गोशाला में जगह-जगह गोबर के ढेर, गंदगी, जल भराव व इधर-उधर विचरण करते गोवंशों को देख उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने मौजूद कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए जल्द व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विधायक ने बीमार गोवंशों के इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम को गोशाला में मौजूद रहने के लिए कहा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक से शिकायत करते हुए कहा कि गोशाला के गोवंश पास के गांव में पहुंच कर तांडव मचा रहे हैं। किसानों की फसल चौपट हो चुकी है। उन्होंने इसे रुकवाने की मांग की।

**विधायक ने जताई नाराजगी, जल्द व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश**

**मौजूद कर्मचारियों को लगाई फटकार, ग्रामीणों ने की शिकायत**

# 9200 रुपये आया घर का बिजली बिल, ठीक कराने को चक्कर काट रही महिला

**गजरौला, अमृत विचार:** बिजली विभाग द्वारा गलत बिल जारी करने के मामले अभी भी जारी हैं। मंगलवार को बिजलीघर में शिकायत करने पहुंची महिला ने बताया कि उसका एक माह का बिल नौ हजार रुपये आया है। जबकि उसके घर में बिजली के उपकरण भी कम हैं।

क्षेत्र के सलेमपुर गोंसाई गांव निवासी करेसना के घरेलू बिजली का कनेक्शन का दिसंबर में 1295 रुपये बिल आया था। जनवरी में उसका बिल 9200 रुपये आया। करेसना अपने पौत्र लकी के साथ बिजली विभाग के कार्यालय पहुंची तथा बिल ठीक करने की मांग की। पीड़िता ने बताया कि वह एक सप्ताह से बिजली विभाग के चक्कर काट रही है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी।



पालिकाध्यक्ष का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष को किया सम्मानित

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में हुए भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर नगर को अयोध्या की तरह सजाने से खुश होकर व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि जब भगवान राम रावण का वध करके वापस आये थे तो पूरी अयोध्या नगरी ने उनका स्वागत किया था। 22 जनवरी को भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा उस समय के अनुसार भगवान राम की अयोध्या वापसी ही है। इसकी खुशी पूरे देश को है।

पालिकाध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायंगे। विकास को ही प्राथमिकता दी जायेगी। इस अवसर पर व्यापार सुरक्षा फोरम के प्रदेशाध्यक्ष अनिल जैन, अजय गोयल, मयंक अग्रवाल, श्याम सुंदर वर्मा, गौरव रस्तोगी, अमित अग्रवाल शामिल रहे।



ऑफर लेटर लिए अभ्यर्थियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# 168 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गजरौला में कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने फीता काटकर की। अध्यक्षता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य केडी मिश्र ने की।

वृहद रोजगार मेले में जनपद व अन्य जनपदों के प्रतिष्ठित आठ अधिष्ठानों व विभागों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कुल 287 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें से 168 अभ्यर्थियों का चयन रोजगार के लिए किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को विधायक और नोडल प्रधानाचार्य तथा सचिन आर्या ने ऑफर लैटर वितरण किए गए। इस मौके पर जिला कौशल प्रबन्धक कृष्ण कुमार साहू, डीपीएम योगेंद्र कुमार और त्रिवेंद्र कुमार शामिल रहे।

# बैंकों पर पार्किंग नहीं होने से दिक्कत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर स्थित सभी बैंक की शाखाओं के पास वाहनों के लिए पार्किंग नहीं है। इसके कारण बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के वाहन बैंकों के सामने सड़क पर ही खड़े होते हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कत होती है। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर में अधिकांश बैंक शाखाएं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में हैं। यहां व्यापारियों के यहां आने वाले ग्राहकों के भीड़ रहती है। बड़े वाहनों में माल का लदान भी होता है। बैंकों में पहुंचने वाले ग्राहक भी वाहन को बाजार में ही खड़ा कर देते हैं। स्टेट बैंक, एचडीएफसी, पंजाब नेशनल बैंक एवं सिंडिकेट बैंक आसपास ही हैं। यहां दोनों ओर वाहन खड़े होने से जाम लग जाता है। आंबेडकर पार्क के नजदीक स्थित भारतीय स्टेट बैंक पर भी दिन में यही स्थिति रहती है। यही हाल राजपूत कॉलोनी का है। यहां भी पंजाब नेशनल बैंक की शाखा है।

गजरौला मार्ग पर सिंडिकेट बैंक की शाखा के बाहर भी यही स्थिति है। इन बैंकों की निजी पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग सड़क पर ही की जाती है। इससे राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सभी बैंक शाखाएं किराए के भवनों में हैं। भवन स्वामी बैंकों से किराए के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं। मगर वह पार्किंग की व्यवस्था नहीं करते। पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित का कहना है कि उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जल्द इस समस्या का हल निकाला जाएगा।



भारतीय स्टेट बैंक के बाहर सड़क किनारे खड़े वाहन। ● अमृत विचार

# राष्ट्रीय चेतना के संवाहक हैं जयशंकर प्रसाद : यतीन्द्र

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध छायावादी महाकवि, कथाकार, नाटककार व मूर्धन्य लेखक जय शंकर प्रसाद की जयंती के अवसर पर जय शंकर प्रसाद लोकचेतना एवं युगबोध उन्नायक विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जनपदीय इकाई ने किया। इस अवसर पर साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष डा. यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि महाकवि जयशंकर प्रसाद युग, दिशा और राष्ट्रीय चेतना के संवाहक व मानवीय संवेदनाओं के प्रणेता छायावादी महाकवि थे।

महाकवि जयशंकर प्रसाद के कवि, कथाकार एवं नाटककार सहित विभिन्न व्यक्तित्व एवं कृतित्व विशेषताओं को इंगित करता हुआ भारतीय साहित्य परिषद की विचार गोष्ठी का आयोजन गुरुद्वारा मार्ग स्थित कटारिया लाइब्रेरी में हुआ। यहां उनकी अमर कृति कामायनी पर विस्तृत चर्चा की। उनके प्रसिद्ध नाटक ध्रुवस्वामिनी व विभिन्न रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए परिषद के जिलाअध्यक्ष ने कहा कि जयशंकर प्रसाद के साहित्य में राष्ट्रीय जागरण, युग बोध, मानवीय संवेदनाएं तथा सामाजिक सुचिता का मार्मिक वर्णन किया गया है। उनका विपुल साहित्य हिंदी साहित्य संपदा का स्वर्णिम गौरव है। विभिन्न वक्ताओं ने महाकवि जयशंकर प्रसाद की कविताओं का वाचन भी किया। इस मौके पर डॉ. अशोक शास्त्री, प्रभात अग्रवाल, अजय चौहान, गिरिराज सिंह, सतवीर त्यागी, विनय शर्मा, दीपक चौहान शामिल रहे।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


**कार्यक्रम** शहादत दिवस पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि

# अन्याय के विरुद्ध निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा : सचिन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आजादी के महानायक व अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गांधी प्रतिमा से अन्याय, जुल्म अहंकार के विरुद्ध न्याय की हुंकार भरते हुए कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्मारक तक जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया और शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी के संयुक्त नेतृत्व में प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई।

इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी व प्रदेश सचिव तथा अमरोहा प्रभारी अनीश विशाल अंसारी शामिल हुए। महासचिव ने कहा कि जुल्म, अन्याय और अहंकार के विरुद्ध भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनपद के सभी ब्लॉक क्षेत्र में निकाली जा रही है। यह यात्रा भारत के लोगों को जब तक न्याय का हक नहीं मिल जाता जब तक जारी रहेगी।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह लगातार देश के अंदर लोकतंत्र और प्रजातंत्र की हत्या कर रहे हैं। आज देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके धनबल के आधार पर जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को तोड़ने का काम कर रहे हैं। जनता सब कुछ देख रही है। प्रदेश सचिव अनीश विशाल अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लोगों के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया है।

इस मौके पर शमीम अय्यूब, अब्दुल सत्तार सैफी, राजकुमार अरुण, नरेंद्र चौधरी, आसिम साबरी, वाहिद अली सैफी, मानव त्यागी, हरिओम पुष्कर, मयंक गुर्जर, सुभाष यादव, अनवर हुसैन, मनोज कटारिया, सरदार इन्द्र सिंह, छूनन्न भारती, राजपाल सैनी, शकील चौधरी, आबिद खां, उवैद आलम, अकरम अली, राजा,फैजान खां, तालिब ईदरिसी, मोहसीन अली, शमीम अब्बासी, इंतेजार नकवी, वाशित अंसारी, मंगल गुर्जर, इकराम जेडी, मेराजुल जफर, जाहिर आलम आदि कांग्रेसी शामिल रहे।



शहर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# हजरत अली की जिंदगी पर डाली रोशनी

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा फाउंडेशन की ओर से जश्ने जमुरिया और जश्ने मौलुदे काबा के तहत कार्यक्रम किया गया।

इसमें मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर दिल्ली के डिप्टी मेयर मोहम्मद इकबाल रहे। कार्यक्रम का आगाज तिलावते कुरआन से कारी जुल्फिकार ने किया। नाते पाक का हदिया रिजवान अमरोहवी ने पेश किया। मौलाना सैयद इमाम हैदर जैदी ने हजरत अली अलैहिस्सलाम इब्ने अबू तालिब की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए इस्लाम की अहमियत को समझाया। महमान-ए-खुसूसी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की बहुत जरूरत है। हजरत अली अलैहिस्सलाम के अदल और इन्साफ की मिसाल कहीं नहीं मिलती। इस दौरान कुछ नौजवानों को सम्मानित भी किया गया।

## एक नजर

### सचिवालय पर ताला देख ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** विकासखंड असमोली के गांव गुमसानी में सचिवालय पर ताला लटका देखकर मंगलवार को सुबह 11 बजे ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने नियमित रूप से सचिवालय खुलवाने की मांग उठाई ताकि विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान धीरज सिंह, राजीव राघव, गुडडू पाल सिंह, मोती सिंह, नन्हें सिंह, विष्णु पाल सिंह, डालचंद्र सिंह, किशनपाल सिंह आदि रहे।

### मामूली बात पर दो पक्षों में हुई मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला डेरा सराय निवासी अल्तमश की बहन मिया सराय निवासी सीमा के बेटा पैदा हुआ था। सोमवार की देर शाम अल्तमश मिया सराय पहुंचा और भांजा पैदा होने की खुशी में पटाके फोड़ने लगा। आरोप है कि सीमा के देवर फहीम व नदीम ने विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। नौबत मारपीट तक पहुंच गई। विवाद होने की सूचना पर अल्मतश की भाभी सायमा पत्नी नदीम मौके पर पहुंची। नदीम व फहीम ने सायमा के साथ भी मारपीट की। जिसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

### महिला की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत, शिनाख्त नहीं

**संभल, अमृत विचार :** छह दिन से जिला अस्पताल में भर्ती महिला की सोमवार की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। वृद्धा का शव 18 घंटे तक जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा रहा। गुन्नौर थाना क्षेत्र से कई दिन पहले मिली एक घायल अज्ञात वृद्ध महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में भर्ती कराया गया था। लेकिन वृद्धा ने अपना नाम पता नहीं बताया था। जिससे महिला की पहचान नहीं हो सकी। हालत गंभीर होने पर वृद्धा को जिला अस्पताल रेफर किया गया। तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो जिला अस्पताल से वृद्धा को डॉक्टर ने मुरादाबाद रेफर कर दिया। वहां से 23 जनवरी को वापस जिला अस्पताल भेजा गया। सोमवार की देर रात दस बजे के आसपास वृद्ध महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# अंडरपास को आरपार की लड़ाई का ऐलान

## भाकियू असली की महापंचायत में गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण रोकने की चेतावनी दी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली की महापंचायत में अंडरपास निर्माण को लेकर आरपार की लड़ाई का ऐलान किया गया। कहा गया कि अंडरपास हर हाल में बनवाया जाएगा। अगर अधिकारियों ने जल्द ही कोई निर्णय नहीं लिया तो गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण रुकवा दिया जाएगा। महापंचायत के बाद किसानों का धरना जारी रहा।

भारतीय किसान यूनियन असली की ओर से गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर गांव भटौला और हिसामपुर के बीच अंडरपास निर्माण की मांग की जा रही है। जिसे लेकर गांव भटौला में धरना चल रहा है। मंगलवार को धरनास्थल पर महापंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें एक दर्जन से अधिक गांवों के किसान जुटे। किसानों को संबोधित करते हुए भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि अंडरपास निर्माण की मांग जायज है। अंडरपास बन जाने से ही किसानों और क्षेत्र के लोगों को सहूलियत मिल सकती है। इसलिए हर कीमत पर अंडरपास बनवाया जाएगा। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि 26 जनवरी को उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन से संबंधित पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। जिलाध्यक्ष ने पत्र को पढ़कर सुनाया। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि यूपीडा और सीडीएस के अधिकारियों एवं प्रशासन ने अंडरपास को लेकर जल्छ ही निर्णय नहीं लिया तो किसान हाईवे पर गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य रुकवा देंगे। इस दौरान चौधरी संजीव गांधी, दिलशाद, राहिद, जयवीर सिंह यादव, रामवीर सिंह यादव, सुरेश सैनी आदि रहे।



भाकियू असली की महापंचायत को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह। ● अमृत विचार

### महापंचायत में जुटे कई गांवों के किसान

**संभल अमृत विचार :** भाकियू असली की महापंचायत में गांव हिसामपुर, भटौला, भदरौला, सारंगपुर, भमौरी पट्टी, रायपुर, अझरा, मूसापुर, खग्गूपुर आदि के किसान जुटे। महापंचायत संपन्न होने के बाद धरना जारी रहा। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि अंडरपास निर्माण की मांग जायज है। यह मुद्दा किसानों के हित में उठाया जा रहा है। जब तक अंडरपास का निर्माण शुरू नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा।

### दीवार के मलबे में दब कर ग्रामीण घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में बनाए गए टांड के नीचे से लकड़ी का बल्ला हटाते समय अचानक से गिरी दीवार के मलबे में दबकर ग्रामीण घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस के चालक ने ग्रामीण को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

थाना क्षेत्र के गांव चमरुआ निवासी अजय सिंह के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। मंगलवार की सुबह नौ बजे अजय सिंह दीवार में बने टांड के झूले को खोलने के लिए नीचे लगी लकड़ी के बल्ले को हटा रहे थे। अचानक से मकान की दीवार भरभराकर जमीन पर गिर गई और दीवार के मलबे में दबकर अजय सिंह घायल हो गए। दीवार गिरने की आवाज को सुनकर परिजन व मुहल्ला के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने दीवार का मलबा हटाकर अजय सिंह को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर चालक एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा और घायल अजय सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।



हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम। ● अमृत विचार

## घने कोहरे में आपस में भिड़े चार वाहन, बचे चालक

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में घने कोहरे के चलते सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक में डीसीएम की टक्कर लगने के बाद तीन कारें आपस में टकरा गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन से हटवाकर खराब ट्रक को सड़क से हटवाया। गनीमत रही कि इस हादसे में वाहन चालकों की जान बाल बाल बच गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी चालक इस्तेकार ने बताया कि मंगलवार की सुबह मुहल्ला के ही परिचालक बब्बू के साथ दिल्ली से डीसीएम में सब्जी लादकर संभल मंड़ी समिति आ रहा था। सुबह साढ़े बजे इस्तेकार डीसीएम लेकर जैसे ही नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर मंडलाई बाईपास के पास पहुंचा। सड़क पर खराब ट्रक खड़ा हुआ था। घना कोहरा होने की वजह से डीसीएम ने ट्रक में टक्कर मार दी। जिसके बाद डीसीएम के पीछे चल रही तीन कारें भी आपस में टकरा गईं। टक्कर की आवाज को सुनकर ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर मौके पर इकठ्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन बुलाकर खराब ट्रक को सड़क से हटवाया।

## जागरूकताः कार्रवाई हुई तो पंजीकृत होने लगे ई रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भले ही वर्षों से नियम की अनदेखी कर अवैध ई रिक्शा सड़कों पर फर्राटा भरते रहे लेकिन जब अधिकारियों ने सख्ती की तो चालकों में जागरूकता आ गई। एक महीने के आंकड़ों पर गौर करें तो 170 ई रिक्शा पंजीकृत हुए हैं। अब सड़कों पर पंजीकरण वाले ई रिक्शों की तादाद अच्छी खासी दिख रही है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने अवैध ई रिक्शों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें 92 ई रिक्शा सीज किए गए। इस कार्रवाई का नतीजा यह रहा कि चालक अब वैध ई रिक्शा संचालन करने के लिए जागरूक हुए हैं। एजेंसी से खरीदने के बाद नियमानुसार परिवहन विभाग में ई रिक्शों का पंजीकरण कराया जा रहा है। आंकड़े को देखा जाए तो जनवरी में ही 170 ई रिक्शा पंजीकृत हुए तो अब वैध ई रिक्शों की संख्या 2820 पहुंच गई है। शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में पंजीकरण के बाद नंबर प्लेट वाले ई रिक्शा दिखाई दे रहे हैं।

**नियमानुसार**

- अब वैध ई रिक्शों की संख्या बढ़कर 2820 हो गई है
- एक महीने में ही 170 ई रिक्शा परिवहन विभाग में हुए पंजीकृत



## सत्यापन कर जल्द पूरा करें मतदेय स्थल बनाने का काम

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** जनपद में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्तावों को लेकर चर्चा की। वहीं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी सुझाव मांगे। अधिकारियों को मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी करने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव को लेकर समीक्षा की। एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व मतदेय स्थलों की पुनः जांच किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनपद में दो मतदेय स्थल प्राइमरी पाठशाला एतकादपुर भटपुरा व सलारपुर क बढ़ रहे हैं। पांच मतदेय केंद्रों के भवन परिवर्तन हो रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के सदस्यों से भी मतदेय स्थलों के बारे में सुझाव प्राप्त किया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो केंद्र राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि द्वारा बताए गए हैं उनका शीघ्र सत्यापन कर रिपोर्ट प्रेषित किया जाए। डीएम ने कहा कि जनपद में कोई भी केंद्र न छूटने पाए। अगर कोई केंद्र छूटता है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज चंदौसी में एक नया बूथ बनवाए जाने तथा यारा फर्टिलाइजर के पास स्थित बूथ का निरीक्षण कर डीएवी बबराला में बूथ बनाने की संभावना को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने बैठक में मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्तावों को लेकर की चर्चा

### मंत्री ने दिया रेल लाइन के विस्तार का आश्वासन

**संभल अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की चौधरी सराय में कैंप कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि संभल से गजरौला होकर दिल्ली तक रेल लाइन विस्तार को लेकर पूर्व में अधिकारिता एवं सामाजिक न्याय मंत्री भारत सरकार रामदास अठावले से वार्ता हो चुकी है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा है कि रेल मंत्री से बात कर रेल लाइन विस्तार इसी बजट में करा देंगे। बैठक में हरपाल सिंह सागर, मोसीन खां, मोहम्मद फैज, इरशाद खां, भीकम सिंह भारती, मोहम्मद इकराम खां, मनोज कुमार, रेखा गौतम, फूलजहां, परवेज आदि रहे। अध्यक्षता हेमलता वर्मा ने की।

### आईटीआई में अप्रेंटिस मेला आज

**संभल, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में बुधवार सुबह 10 .30 से अप्रेंटिस मेले का आयोजन होगा । यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा ने दी।

## पोस्टर बनाकर जगाई सड़क सुरक्षा की अलख

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने हिस्सा लेकर प्रतिभा दिखाई।

सड़क सुरक्षा संयोजक सचिन कुमार ने पोस्टर पर उकेरी गई जानकारी के बारे में प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम, साफिया ने द्वितीय और अलीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ.राष्ट्रवर्धन और प्रमोद कुमार रहे। प्राचार्य डा. प्रभा शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने से हादसे को टाला जा सकता है। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।





प्राचार्य डा. प्रभा शर्मा की मौजूदगी में यातायात जागरूकता के पोस्टर दिखाती छात्राए।

### नियमों के उल्लंघन पर 70 वाहनों का चालान

**संभल अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों द्वारा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने पर 70 वाहनों का चालान किया। दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों एवं परिचालकों को नियमों की जानकारी दी। कहा कि ओवरस्पीडिंग और स्टंट न किया जाए। न ही नशे में वाहन चलाएं। डिपर का प्रयोग करने की बात कही। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता, प्रभारी यातायात अनुज मलिक आदि रहे।

## गांव चलो अभियान में महत्वपूर्ण होगी मंडलअध्यक्षों की भूमिका

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कार्यशाला में जिला प्रभारी ने नए मतदाताओं से संपर्क करने को कहा

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार कॉलोनी में स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर गांव चलो अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला हुई। जिसमें मंडल अध्यक्षों को अभियान सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यशाला में अभियान के संयोजक योगेंद्र त्यागी ने गांव चलो अभियान बारे में जानकारी देते हुए भाजपाइयों को जिम्मेदारी और प्रवास के बारे में बताया। समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए कहा। कहा कि सभी मंडलों में कार्यशाला होगी, जिसके लिए संयोजक बना दिए गए हैं। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि मंडल अध्यक्षों की अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हमारा बूथ तक का कार्यकर्ता हमेशा समाज के साथ खड़ा रहता है। हमें क्षेत्र के सभी सामाजिक विकास, एनजीओ, समाज हित में कार्य कर रहे लोगों तक अपनी पहुंच रखनी है। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि गांव चलो अभियान पार्टी का महत्वपूर्ण अभियान है। इस दौरान अंजू चौधरी, पंकज गुप्ता, चंद्रसेन राणा, सुरेश सैनी, धीरेन्द्र यादव, वीरेंद्र यादव, प्रभात शर्मा, राखी सिरोही, संध्या गर्ग, बबीता शर्मा, देवेंद्र सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, मुकुल रस्तोगी, दानिश अली, चरन सिंह, तेजपाल सैनी, रिफिल चौधरी, संजय सांख्यधर, शिखर गोयल, अखिलेश अग्रवाल, कुलदीप चाहल, सौरभ गुप्ता, देवेंद्र यादव रहे। संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया।

### माता-पिता की हत्या करने वाले वकील को फांसी की सजा

**बरेली, अमृत विचार :** मीरगंज के बहरोली में संपत्ति विवाद में बुजुर्ग माता-पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले वकील दुर्वेश कुमार को परीक्षण में दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने उसे फांसी और 13 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनीति कुमार पाठक ने सजा के प्रश्न पर तर्क दिया कि दुर्वेश कुमार ने सभ्यता, संस्कृति, संस्कार और मानवता की सीमा से परे जाते हुए अपने ही माता-पिता की तीन-तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी। 13 अक्टूबर 2020 को सुबह लगभग 6 बजे पिता लालता प्रसाद पर पूजा करते समय दुर्वेश ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और फिर लाश घसीटकर कमरे में ले जाकर चादर से ढक दिया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनांक 23.11.2023 को किसी काम से अगवानपुर जा रही थी रास्ते में जाते समय मेरा थैला कहीं गिर गया। जिसमें मेरा आधार कार्ड, पैन कार्ड, हाईस्कूल व बी.एस सी. के सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र रखे थे। काफी तलाशने पर नहीं मिला। **कुसुम पाल पुत्री श्री धर्मपाल सिंह महलकपुर निजामपुर सिविल लाइन, जिला मुरादाबाद मो. 8630765920**

**केंद्रीय बजट** — केंद्र सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट से हर वर्ग को उम्मीदें

# इनकम टैक्स में बढ़े छूट, जीएसटी का हो सरलीकरण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा एक फरवरी को पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट से हर वर्ग को उम्मीदें हैं। खासकर इनकम टैक्स में छूट की सीमा बढ़ाए जाने की उम्मीद नौकरीपेशा के साथ ही मध्यम वर्ग के लोग को हैं।

व्यापारियों द्वारा जीएसटी के सरलीकरण की मांग उठाई जा रही है और उम्मीद भरी निगाह से केंद्र सरकार की तरफ देख रहे हैं। किसानों को अपने उत्पाद के उचित दाम मिलने की आशा है तो गृहिणियां पुरुषों की अपेक्षा टैक्स में ज्यादा छूट दिए जाने और रसोई का बजट संतुलित रहने को लेकर उम्मीद लगा रही हैं।

अमृत विचार ने बजट को लेकर कई वर्ग के लोगों से बातचीत तो उन्होंने अपनी उम्मीदें इस तरह जाहिर की।



इस बजट में इनकम टैक्स में छूट की सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे बड़े वर्ग को राहत मिल सकेगी। सीनियर सिटीजन को राहत दिए जाने का प्रावधान बजट में हो। हाईकोर्ट बैंच स्थापना के लिए बजट में व्यवस्था होनी चाहिए।

**-प्रदीप कुमार गुप्ता एडवोकेट,** पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन



इनकम टैक्स में छूट की सीमा पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये होनी चाहिए। जीएसटी का सरलीकरण किया जाए क्योंकि एक-दो बिल मिस होने पर व्यापारियों का उत्पीड़न होता है। व्यापारियों को राहत दी जानी चाहिए।

**-अवधेश वार्ष्णेय,** अध्यक्ष केमिस्ट एसोसिएशन



इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ाने का स्वागत किया जाएगा। दुर्घटना बीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया जाए। जीएसटी की विसंगतियां दूर करने के साथ ही नेचुरल मैंथा को प्रोत्साहन देने का प्रावधान होना चाहिए।

**-नरेंद्र अग्रवाल** जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल संभल



केंद्र सरकार के बजट से किसानों को बड़ी उम्मीदें हैं। सरकार को किसानों की जिंसों के दाम सही रखने चाहिए ताकि उन्हें राहत मिल सके। साथ ही, किसानों के उत्पाद खरीदने के लिए बजट जारी होना चाहिए।

**-चौधरी संजीव गांधी,** प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाकियू असली



केंद्र सरकार के बजट में एजुकेशन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। एजुकेशन हासिल करना हर भारतीय का अधिकार है। साथ ही, नौकरीपेशा लोगों को इनकम टैक्स में ज्यादा छूट दिए जाने की जरूरत है।

**-प्रोफेसर आबिद हुसैन,** एमजीएम कॉलेज



महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा टैक्स में ज्यादा छूट मिलनी चाहिए। सीनियर सिटीजन की तरह ब्याज ज्यादा दिया जाए। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल का यह बजट देश और महिलाओं के हित में आएगा।

**-प्रीति गौड़,** गृहिणी

### चोरी के आरोपियों को लेकर संभल पहुंची बिलारी पुलिस

**संभल, अमृत विचार:** मुरादाबाद जिले में चोरी के मामले में शामिल दो आरोपियों को लेकर मंगलवार को बिलारी पुलिस हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन में सर्राफ की दुकान पर पहुंची। कहा जा रहा है कि आरोपियों ने दुकान पर चोरी का जेवर बेचा था जिसे बरामद करने पुलिस आई थी।

सरायतरीन में बिलारी पुलिस के साथ आए दोनों आरोपियों ने अपना चेहरा रुमाल से ढक रखा था। अचानक से पहुंची मुरादाबाद पुलिस को देखकर बाजार के लोग दंग रह गए। बाजार में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। पुलिस काफी देर तक सर्राफ से पूछताछ करने के बाद वापस चली गई।

कहा जा रहा है कि आरोपियों ने चोरी का जेवर सर्राफ को बेचने की बात बताई थी। हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि चोरी होने के मामले में पुलिस दो लोगों को साथ लेकर जांच पड़ताल करने आई थी। यहां से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।



## एक नजर

### स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी में तीन दिवसीय भारत स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन जिला संगठन आयुक्त मीनू सिंह व ट्रेनिंग कॉउंसलर अजीत कुमार ने बच्चों को झंडा फहराना, बांधना, पीटी-6 के व्यायाम, स्काउट गाइड की वर्दी, तंबू लगाना, सीटी के संकेत, हाथ मिलाना आदि विषयों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, चंद्रपाल, प्रेम नारायण, आदि मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना पुलिस ने एससी एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना इंचार्ज मोहित कुमार काजला ने बताया कि एससी एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट में इमरान निवासी औरंगपुर सिलेटा काफी समय से वांछित था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# बंद कमरे में हीटर जलाकर सो रहा सिपाही हुआ बेहोश

## बैरक का दरवाजा तोड़ने में हेड कांस्टेबिल जख्मी, सिपाही अस्पताल में कराया भर्ती

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना परिसर में बनी बैरक में सिपाही हीटर जलाकर सो गया। मौके पर पहुंचे साथियों ने जब सिपाही को जगाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इस पर साथी सिपाहियों ने बैरक का दरवाजा तोड़ा तो देखा सिपाही चारपाई पर अचेत अवस्था में पड़ा था। उसे उपचार के लिए एंबुलेंस से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बैरक का दरवाजा तोड़ने में हेड कांस्टेबिल घायल हो गया। जिसका उपचार सीएचसी में कराया गया है।

बनियाठेर थाना परिसर में सिपाहियों के आराम करने के लिए बैरक बनी हुई है। सोमवार की रात सिपाही लक्ष्मण अपनी बैरक में ठंड अधिक होने के कारण हीटर जलाकर आराम कर रहा था। रात दस बजे थाना में तैनात हेड कांस्टेबिल यशराज ने मोबाइल पर बात करके लक्ष्मण सिंह को बुलाया। इस पर सिपाही ने कुछ समय बाद आने की बात कही। जब काफी समय बाद सिपाही थाने में नहीं पहुंचा तो हेड कांस्टेबिल यशराज बैरक पर पहुंच गए। दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उन्होंने अन्य सिपाहियों को मौके पर बुलाया। खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला, तो सिपाहियों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे में देखा तो सिपाही लक्ष्मण चारपाई पर अचेत हालत में पड़ा था और पास में हीटर जल रहा था। बेहोश सिपाही को एंबुलेंस से मुरादाबाद के साईं हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

> बंद कमरे में सिपाही हीटर जला कर आराम कर रहा था। सूचना मिलने पर सिपाही को अचेत अवस्था में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
> **-मोहित कुमार काजला**, प्रभारी, थाना बनियाठेर

### हीटर और अंगीठी जलाते समय खुले रखें खिड़की और दरवाजे

**चंदौसी, अमृत विचार :** सर्दी का मौसम है। लोग घरों में भी हीटर और अंगीठी जला रहे हैं। सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरविंदर सिंह ने बताया कमरे में हीटर और अंगीठी जलाते समय खिड़की और दरवाजे खुले रखें। एक घंटे बाद अंगीठी को कमरे से बाहर कर दें। सर्दी के दिनों में पानी कम पीया जाता है। बंद कमरे में हीटर और अंगीठी जलाने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जिससे दिमाग की नसें कमजोर हो जाती हैं।

# घर में घुस कर छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष की सजा

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

▸▸ **अदालत ने 4500 रुपये अर्थदण्ड भी लगाया**


**अमृत विचार:** घर में घुस कर छेड़छाड़ के एक आरोपी को चार वर्ष का कारावास व 4500 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला वर्ष 2018 में थाना गुन्नौर क्षेत्र का है।

पीड़िता निवासी पीरबहादुर थाना गुन्नौर जिला संभल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 14 मई 2018 की शाम करीब सात बजे वह घर में खाना बना रही थी। उसी समय उसे अकेला पाकर मोहल्ले का ही वीरेंद्र कुमार पुत्र अशर्फी लाल घर में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर हथियार दिखा कर नीचे गिरा लिया और जबरदस्ती करते हुए कपड़े फाड़ दिए। शोर सुन कर मोहल्ले के लोग आ गए और उसे छुड़ाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार वीरेंद्र और उसके भाई दुर्गपाल के खिलाफ धारा 452, 323, 354ख, 506 आईपीसी व 3(2)5क, 3(1) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया और साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

अभियोजन पक्ष से शालिनी विशेष लोक अभियोजक ने दलीलें पेश कीं। मंगलवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रागिनी ने अभियुक्त वीरेंद्र को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कारावास एवं तीन हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 20 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जबकि धारा 323, 506 आईपीसी व धारा 3(2)5क, 3(1) एससी/एसटी एक्ट में दोष मुक्त कर दिया है। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

# 94 साल के डा. बर्क फिर चुनाव के मैदान में, सपा ने बनाया उम्मीदवार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**



डा. शफीकुर्रहमान बर्क, सांसद।

**अमृत विचार:** देश के सबसे उम्रदराज सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क एक बार फिर से संसद में जाने के लिए चुनाव मैदान में उतरना तय हो गया है। टिकट की पहली ही सूची में समाजवादी पार्टी ने डा. शफीकुर्रहमान बर्क को संभल सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया है। डा. बर्क को पार्टी से टिकट मिलने की खबर पाते ही संभल में समर्थक खुशी से झूम उठे।

संभल लोकसभा सीट पर डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर शानदार जीत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद उनकी ज्यादा उम्र के चलते तमाम सपा नेता इस बात के कयास लगा रहे थे कि इस बार पार्टी उन्हें टिकट नहीं देगी। इसी के चलते संभल सीट से सपा का टिकट मांगने वालों की लंबी फेहरिस्त थी। संभल के सपा विधायक इकबाल महमूद भी लोकसभा टिकट की दावेदारी कर रहे थे। मंगलवार को समाजवादी पार्टी ने लोकसभा टिकट को लेकर 16 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की तो सपा के टिकट की उम्मीद लगाये बैठे पार्टी नेताओं को जोर का झटका लगा। 16 उम्मीदवारों की सूची में डा. शफीकुर्रहमान बर्क का नाम पहले नंबर पर लिखा था। डा. बर्क ने चौधरी चरण सिंह के साथ लोकदल से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। इसके बाद मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी बनाई तो डा. बर्क भी समाजवादी पार्टी के फाउंडर मेंबर थे। डा. शफीकुर्रहमान बर्क संभल विधानसभा सीट से चार बार विधायक चुने गये। एक बार वह प्रदेश सरकार में मंत्री भी बने।

### खुशी से झूमे समर्थक हुई आतिशबाजी

**संभल, अमृत विचार :** डा. शफीकुर्रहमान बर्क को फिर से संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया तो मंगलवार शाम को तमाम समर्थक उनके दीपा सराय स्थित आवास पर जुटे। यहां उनके पौत्र कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इसके बाद सांसद बर्क के आवास के बाहर जमकर आतिशबाजी की गई।



न्यू सत्यम एकेडमी में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सम्मानित मेधावी। ● अमृत विचार

# भाजपा महिला मोर्चा ने मेधावियों को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

▸▸ **परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त कर परिवार व विद्यालय नाम करें रोशन**

**अमृत विचार:** भाजपा महिला मोर्चा ने न्यू सत्यम एकेडमी में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी सिरोही ने छात्र-छात्राओं को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सरकार की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं। जिसका लाभ लेकर हमारे बच्चे अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। कहा कि हमारे बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं। इसलिए वह मन लगाकर पढ़ाई करें और परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर आशा गोस्वामी, किरन शर्मा, प्रधानाचार्य सतीश चंद्र गंगवार, श्वेता मनचंदा, कोमल कुमारी, मानसी डुडेजा, कनक वार्ष्णेय, अद्रिका, रुद्रांश वार्ष्णेय, स्तुति, पार्थ, शुभ, तारा शर्मा, वैष्णवी वार्ष्णेय, शिखर वार्ष्णेय आदि रहे।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल राष्ट्रपिता को किया नमन

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालते जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर मौलागढ़ स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पार्क से गांधी स्मारक फव्वारा चौक तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर पैदल मार्च करते हुए कांग्रेसी फव्वारा चौक पहुंचे। जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसी के साथ 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से शुरू हुईं प्रादेशिक ब्लॉक स्तरीय यात्राओं का समापन हो गया।

जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है।

वह गोडसे की विचारधारा के सामने गांधी की विचारधारा को कभी हारने नहीं देगा। नगराध्यक्ष मुनेश कुमार जोशी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस गांधी जी के विचारों को मारने की कोशिश करती हैं लेकिन देश की जनता के दिलों में गांधी जी के विचार हमेशा थे हैं और रहेंगे। इस अवसर पर दुष्यंत कुमार सिंह, आरिफ तुर्की, संतोष सैनी, तौकीर अहमद, सुनील शर्मा, सरदार बलबीर सिंह, मो. अब्बास, पवन गिरी, आसिफ अल्वी, रोहित सैनी, रामगोपाल, आरिफ कुरैशी, संजय, अकील अहमद, सुधीर गुप्ता, साहू बृजमोहन, मीनल जेदी, कासिम जेदी, वसीम, अय्यूब भाई, सुब्हान मुस्तफा, अनवर खान आदि रहे।

▸▸ **कांग्रेसियों की न्याय यात्रा का फव्वारा चौक गांधी स्मारक पर हुआ समापन**

### संभल में कांग्रेसियों ने निकाली न्याय यात्रा

**संभल, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने संभल के वार्ड स्तर पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर आपसी भाईचारे का आह्वान किया। शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत नवाब गार्डन के पीछे से हुई। यात्रा मस्जिद से होकर जाटवों वाला तिराहा, हरिजन बस्ती, दतावली रोड पर पहुंची। वहां से संभल-बहजोई मार्ग पर उम्मेदराय इंटर कॉलेज, चामुंडा मंदिर होते हुए वापस मेदुका वाली मस्जिद पर समाप्त हुई। कांग्रेसियों ने रघुपति राघव राजा राम गीत गुनगुनाया। यात्रा समापन के बाद कांग्रेसी चंदौसी पहुंचे। जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुशीर खां तरीन, आरिफ तनवीर, दाऊद पाशा, अकील अहमद, मोहम्मद जुबैर, तफसीर आदि रहे।



राष्ट्रपिता की पुण्य तिथि मनाते समिति के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि व महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती फव्वारा चौक स्थित गांधी प्राथमिक विद्यालय में मनाई गई। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

मुख्य वक्ता व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि सत्य, अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ब्रिटिश शासन की गुलामी से भारत को अहिंसा के आधार पर आजादी दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई। पाकिस्तान के विभाजन से नाराज नाथूराम गोडसे ने 30 जनवरी 1948 को गोली मार कर गांधी जी की हत्या कर दी। मिश्र ने कहा कि निबंधकार, नाटक कार, कहानी कार, महान कवि जयशंकर प्रसाद छायावादी युग से स्तम्भ थे।



संभल में उर्स के समापन पर उमड़े अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# मौलाना अख्तर मियां वारसी का उर्स संपन्न, सजी महफिल

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** सूफी संत हज़रत मौलाना अख्तर हुसैन वारसी का सालाना उर्स परम्परागत रस्मों के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान कव्वाली की महफिल सजी।

मंगलवार को नगर के चौधरी सराय हज़रत दादा फखरूद्दीन मियां की दरगाह स्थित हज़रत सूफी मौलाना अख्तर हुसैन साहब वारसी के आस्ताने पर उर्स मुबारक में कुरआने करीम की तिलावत, ज़िक्रे रसूले पाक व औलिया इकराम की शान बयान की गई। नातख्वां ने नातो मनकबत के नज़राने पेश किए। इसके बाद महफिले शमा हुई जिसमें कव्वालों ने सूफीया कलाम पेश कर शमा बांधा। कुल शरीफ में अमन शांति, भाईचारे व अखण्डता के लिए दुआ की गई। सैकड़ों की तादात में अकीदतमन्दों ने उर्स की रसुमात ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आलम हुसैन वारसी, खालिद हुसैन वारसी, इल्यिास वारसी, तंज़ीम वारसी, नसीम वारसी, मोहम्मद रफी वारसी, फखरे आलम वारसी आदि रहे।

**केंद्रीय बजट** | **चुनावी बजट होने पर लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद**

# मोदी सरकार के अंतरिम बजट पर टिकीं सब की निगाहें

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करेंगी। संभवतः मोदी सरकार का यह चुनावी बजट होगा।

खास बात ये है कि दो माह बाद लोकसभा चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। चुनाव नजदीक होने पर इस बार लोगों में आशा जगी है कि इस बार सरकार सभी वर्गों के लिए अंतरिम बजट में राहत अवश्य देगी।

जहां एक ओर किसान स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू कर लागत के अनुसार फसलों का भुगतान होने की उम्मीद जता रहे हैं। वहीं व्यापारी जीएसटी में राहत दिए जाने और स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने की आशा में हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलने की उम्मीद भी कर रहे हैं। देश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा तो रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। साथ ही नौकरीपेशा व मध्यम वर्ग के लोगों को टैक्स में और छूट मिलने की उम्मीद है।



> देश के आठ करोड़ खुदरा व्यापारी चुनावी वर्ष के इस बजट से अपने लिए राहत की आशा रखते हैं। जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपये का स्वस्थ्य बीमा प्रदान किया जाना चाहिए। देश का जीएसटी संग्रह अब प्रति माह 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। स्वास्थ्य बीमा का लाभ अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी में पंजीयन लेने को प्रेरित करेगा। जिससे सरकार को मिलने वाले राजस्व में और अधिक व्रद्धि होगी। हम आशा करते हैं की 10 लाख रूपये तक की आय पूर्ण कर मुक्त घोषित की जाएगी और व्यापारियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा।
> **-राजीव वार्ष्णेय**, व्यापारी



> सभी सरकारें चुनावी घोषणाओं को चुनाव के बाद पूरा नहीं करतीं। यूरिया का कट्टा 50 किलो के स्थान पर 45 किलो का कर दिया गया है लेकिन दाम कम नहीं किए गए। ऐसे तो किसान की लागत और भी बढ़ गई है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार का अंतरिम बजट पेश होने जा रहा है। सरकार लागत के अनुसार मूल्य तय करे। स्वामी नाथन रिपोर्ट को लागू करे। जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित दाम मिल सकेगा।
> **-ब्रजपाल सिंह**, किसान



> इस बार केंद्र सरकार का अंतरिम बजट चुनावी बजट होना चाहिए। चूंकि देश का इंफ्रास्ट्रकचर मजबूत हो। इसके लिए सरकार गंभीर है। तो इस बार के बजट में इंफ्रास्ट्रकचर को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वहीं सरकार को टैक्स में छूट देनी चाहिए। इमानदार कर्मचारी को टैक्स में छूट मिलने से राहत मिलेगी। इस बार आशा करते हैं कि केंद्र सरकार का अंतरिम बजट जनता को राहत देने वाला होना चाहिए।
> **-राजेश गुप्ता**, शिक्षक



> सरकार हर बार अपने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखती है। लेकिन मध्यम वर्गीय लोगों को बजट में कोई लाभ नहीं मिलता। जबकि रसोई से लेकर घर की सभी घरेलू वस्तुओं पर काफी महंगाई है। सरकार को चाहिए कि इस बार मध्यम वर्गीय लोगों के लिए सौगात दे। जिससे मध्यम वर्गीय व्यक्ति अपने परिवार का भरण पोषण ठीक प्रकार से कर सके। हालांकि इस बार चुनावी बजट होने से मध्यम वर्गीय में भी उम्मीद की किरण जगी है।
> **-मुकेश वार्ष्णेय**, नागरिक

## सार-संक्षेप



सिरसी में कुल शरीफ के मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### दादा मखदूम की मजार पर हुआ कुल शरीफ

**संभल/सिरसी अमृत विचार :** सिरसी में सैय्यद जमालुद्दीन दादा मखदूम की वफात के मौके पर मजार पर सोमवार को देर रात कुल शरीफ हुआ। कुल शरीफ में सिरसी के मौलानाओं ने शिरकत की। अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान चौधरी सामीन रजा, जमन अब्बास, हिलाल, शमीम हैदर, शोजब, वफा अब्बास, मौलाना इकरार रजा, मौलाना मेहजर अली, मौलाना शमीम, मौलाना हुसैन अब्बास, मौलाना मीसम सिरसीवी आदि रहे।

### जनैटा को हरा कर नरौली की टीम फाइनल में

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली के अलावरपुर रोड पर स्थित मैदान में मलिक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को नरौली और जनैटा गांव की टीमों के बीच मैच खेला गया। जनैटा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 15.1 ओवर 136 रन बनाकर आलआउट हो गई। जवाब में जीत का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी नरौली की टीम ने 13 ओवर में ही 06 विकेट खोकर 137 रन बना कर मैच जीत लिया और फाइनल में प्रवेश कर लिया। नरौली की ओर से शानदार आलराउंडर प्रदर्शन करते हुये कौशिक मैन ऑफ द मैच रहे। कौशिक ने 54 रन बनाए और 03 विकेट भी लिए। अंपायरिंग नाजिम व पवन ने की। इस दौरान मेंहदी हसन, नूरूल हसन, सारिक मलिक, कासिम मलिक, जीशान मलिक आदि मौजूद रहे।

### शूटिंग में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेता सम्मानित

**बहजोई, अमृत विचार :** शूटिंग रेंज बहजोई में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विजेताओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता जिला खेल कार्यालय ने आयोजित की थी। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने किया। प्रतियोगिता में 74 खिलाड़ियों में भाग लिया। जिसमें सिटिंग- पिस्टल यूथ में आलिया मलिक ने प्रथम, जीविका ने द्वितीय, कुलजीत सिंह ने तृतीय जबकि स्टैंडिंग राइफल यूथ में प्रज्ञान गर्ग प्रथम, आयुष्मान द्वितीय व आयन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ओपन पिस्टल में अरुण कुमार ने प्रथम, अजेन्द्र चाहल ने द्वितीय व गौरव पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ओपन राइफल में गौरव ने प्रथम, सत्यपाल सिंह ने द्वितीय व आशुतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### पुलिस ने चलाया ऑपरेशन प्रहार, 22 आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर जनपद के थानों की पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार चलाकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को भागदौड़ की। अभियान के तहत 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिले में ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के सभी थानों की पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए काम किया। अभियान के सार्थक परिणाम सामने आये हैं। पुलिस ने 19 वारंटी और तीन वांछित सहित 22 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संभल व हयातनगर थाना पुलिस ने पांच-पांच जबकि असमोली थाना पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किये हैं। कैलादेवी व धनारी पुलिस ने दो-दो जबकि बहजोई, गुन्नौर, बनियाठेर, नखासा व ऐंचोड़ा कंबोह पुलिस ने एक-एक आरोपी को पकड़ा है। एसपी ने बताया कि अभियान 31 जनवरी तक चलेगा।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**संभल/सौंधन अमृत विचार :** रामनिवास स्मारक इंटर कॉलेज सौंधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके जीवन पर प्रकाश डाला गया। कहा गया कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने अपने विद्यार्थी काल मे सीखा था कि हमेशा बड़ों के आदर्श का पालन करना चाहिए न कि उनकी अनदेखी करनी चाहिए। उन्होंने भारत देश को अंग्रेजों से मुक्त कराने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन किया। आंदोलन में उनका साथ सभी भारतीयों ने दिया। इस दौरान प्रबंधक ओमकार सिंह, प्रधानाचार्य रामभरोसे राणा, सीनू गौतम आदि मौजूद रहे।

### कांटे व बांट पर मोहर लगवाने को शिविर की तिथि बढ़ाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में बेहटा साहू वाले मार्ग पर माप-बांट अधिकारी की ओर से 15 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मगर दुकानदारों के कम पहुंचने पर दो दिन शिविर बढ़ा दिया गया है। मंगलवार को कस्बा नरौली पहुंचे माप बांट के वरिष्ठ निरीक्षक विपिन कुमार सिंह ने कहा कि बेहटा साहू वाले मार्ग पर अवनीश कुमार की दुकान पर विधिक विज्ञान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 16 जनवरी से शिविर आरंभ किया गया था। लेकिन इस बार कम दुकानदारों ने मोहर लगवाई है। इसलिए शिविर दो दिन बढ़ा दिया गया।



बनियाठेर के गांव गुमथल में भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर किया इंद्र का घमंड चूर

**बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में स्थित शिव मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कथा वाचक सुधीर कुमार शास्त्री ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि भगवान ने इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया और लोगों को गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना सिखाई। भगवान भी उसी का साथ देता है जो सच्चे मन से उसकी आराधना करता है। किसी को सताता नहीं है और दूसरे की मदद करता है। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

### घर पर गोली लगने से लहूलुहान मिला ग्रामीण

**बहजोई, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण लहू लुहान हालत में घर के कमरे में पड़ा मिला। पुलिस ने घायल ग्रामीण को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया। पुलिस ग्रामीण द्वारा आत्महत्या करने को लेकर फायर किए जाने की बात कह रही है। बहजोई के गांव राजपुर निवासी सुरजीत अपने घर के कमरे में बैठा हुआ था। अचानक घर वालों को फायर की आवाज सुनाई दी तो वह सुरजीत के कमरे में पहुंच गए। जहां पर सुरजीत लहू लुहान हालत में पड़ा हुआ था। सुरजीत को देखकर परिजनों में हड़कंप पहुंच गया। आनन फानन में सुरजीत को उपचार को गांव के लोग तथा उसके परिजन उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले आए।

### श्री साईं मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**संभल अमृत विचार :** नगर में श्री साईं मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार को मनाया जाएगा। जिसमें सुबह हवन में आहुतियां दी जाएंगी। जिसके बाद भंडारा होगा और शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर के चीनू राधू ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### शिकायतों के निस्तारण में लापरवाह विभागों को नोटिस

**बहजोई, अमृत विचार :** आइजीआरएस पोर्टल पर डिफॉल्टर तथा असंतोषजनक प्रार्थना पत्रों को लेकर डीएम मनीष बंसल ने जिला स्तरीय अधिकारियों को फटकार लगाई। आधा दर्जन से अधिक विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी किया। वहीं शिकायत डिफाल्टर होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्ट्रेट स्वागत में आयोजित बैठक में डिप्टी कलेक्टर नीतू सिंह ने डिफाल्टर व असंतोषजनक फीडबैक को डीएम को अवगत कराया। डीएम ने असंतोषजनक फीडबैक वाले विद्युत विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन, डूडा विभाग, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी व उप कृषि निदेशक विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क-वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

## संपादकीय

# प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण' का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बदल रही है भारतीय खेती


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही, साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों, आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था, परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले, वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

निर्माण, मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण, इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है, परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया, ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी, मछली पालन, दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था, जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली, नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है, परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

## व्यंग्य

# लात और हैसियत


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

किसी को लतिया देना, हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो, मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम, हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है, पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना, फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा, करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की, उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी, जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है, वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है, उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े, आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है, पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं, जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा, पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से, जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

# लोक संस्कृति का आधार है बोली


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है, लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है, उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है, पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं, कोई छिपाव नहीं, कोई औपचारिकता नहीं, अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है, क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है, कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है, कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है, वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले, तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी, बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था, तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है, जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते, नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है, वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान की आजादी


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति, उपग्रह प्रक्षेपण, कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते।

वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है, आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं, आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों, उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

**-फेसबुक वॉल से**

# बापू और गोडसे


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है, रोष भी, जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया, पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनप्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था, किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी, तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली, उनके भाई मौलाना शौकत अली, मौलाना अबुल कलाम आजाद, डॉ. मुख्तर अहमद अंसारी, बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों, वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे, मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था, क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल, जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं, उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।

# क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है, उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा, अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए, अशक्त हो जाए, ह्वील चेयर पर चलें, तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है, जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है, लेकिन एमपी, एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है, वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।

सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें



**किरनवती**
ग्राम प्रधान



**सुभाष कुमार**
सचिव

निवेदक : ग्राम पंचायत बहजोई देहात, बहजोई

---

**गणतंत्र दिवस** के अवसर पर प्रबन्ध समिति
**इंटरमीडिएट कालेज, बहजोई**
जनपद – संभल
की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


| | | |
|---|---|---|
| वीरेन्द्र कुमार<br>अध्यक्ष | विकास वार्ष्णेय<br>प्रबन्धक | डा. संजय वार्ष्णेय<br>प्रधानाचार्य |
| लवमोहन वार्ष्णेय<br>उपाध्यक्ष | अजय कुमार<br>उप प्रबन्धक | रजत कुमार वार्ष्णेय<br>कोषाध्यक्ष |

**: सदस्यगण :**
जयप्रकाश जे.पी., दिलीप कुमार प्रिंस, राकेश कुमार
कृष्ण गोपाल बजरंगवली, अवनेश कुमार, यशबर्धन, सुधीर कुमार

नोट– विद्यालय में सी.सी.टी.वी. कैमरे से सुसज्जित कमरों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था।

---

सभी जनपद वासियों को
**गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



धीरजपाल यादव
जिलाध्यक्ष



रंजीत सिंह
जिला मंत्री



सुभाष जैनवाल
मंडलाध्यक्ष मुरादाबाद



धर्मेन्द्र कुमार
जिला कोषाध्यक्ष



विजयपाल
जिला सम्प्रेक्षक



चिरंजीलाल मौर्य
जिला प्रवक्ता

निवेदक : उ0प्र0 पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, संभल

---

सभी जनपद वासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनायें



**इस्तकार आलम**
ग्राम प्रधान



**मोहम्मद असलम**
सचिव

निवेदक : ग्राम पंचायत मिर्जापुर, बहजोई

---



**भूप राम वर्मा**
अधिशासी अधिकारी

**गणतंत्र दिवस के राष्टीय पर्व पर**
**नगर वासियों को हार्दिक बधाई**

**जल बचाओ – जीवन बचाओ**
**जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत**



**राजेश शंकर 'राजू'**
अध्यक्ष

**नगर पालिका परिषद बहजोई जन सामान्य से निम्न अपील की जाती है –**

1. पानी का दोहन कम से कम करना है।
2. जल बहुमूल्य है, जल को फालतू ना बहने दें।
3. जल का उपयोग आवश्यकतानुसार कर टोंटी को बन्द कर दें।
4. पालिका के बकाया करों को समय पर जमा करायें।
5. मार्गों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न किसी को करने दें।

**समस्त सभासद गण :–** श्रीमती संतोष देवी, बीना देवी, धर्मपाल, शिवानी गुप्ता, अंकित कुमार, दर्शन कुमार, फरहाना, नितिन कुमार, नवीन प्रकाश, मो. जीशान, नईम बी, विपिन कुमार, हिमांशु गुप्ता, ललतेश, संजय, मुन्नी, जितेन्द्र यादव, शिवम गुप्ता, टिंकू कश्यप, प्रियंका, जैनव, क्षमा शर्मा, दीपमाला पाठक, अरविन्द कुमार, एवं समस्त कर्मचारी गण।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहजोई–संभल**

## एक नजर

### जफर इकबाल बने बसपा के नगर अध्यक्ष

**नहटौर, अमृत विचार :** बसपा के कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने जफर इकबाल को नहटौर नगराध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। चामुंडा मंदिर मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में बसपा के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ पिंटू ने कहा कि उनकी पार्टी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के एजेंडे पर काम करती हैं। लोकसभा चुनाव में परिवर्तन का दौर हैं। बसपा को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। इस दौरान जफर इकबाल को नगराध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर नाजिम अल्वी, लखवीर सिंह, नरेश कुमार, अकील माहगीर, सुबहान अंसारी आदि मौजूद रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**रेहड़, अमृत विचार :** पुलिस ने दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार करके संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक किशोरी के साथ दो किशोरों ने दुष्कर्म किया था। किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

# पिछड़ी जनजाति की उन्नति के लिए है पीएम जनमन योजना

## जनजातीय समूहों की स्थिति में सुधार करना ही मूल उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** मंगलवार को जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम जनमन योजना की तैयारियों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत रूप से आच्छादित करने के निर्देश दिए। कहा कि पीएम जनमन योजना विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही है।

पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। उन्होंने सभी एमओआईसी को जिले के आकांक्षिक ब्लॉकों के अंतर्गत चिन्हित गांवों में रहने वाले बुक्सा जनजाति के लोगों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति बुक्सा जाति प्रवासी गांव में शासन द्वारा संचालित विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बुक्सा समुदाय के गावों का सर्वे कर उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। कहा कि शासन की सभी योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने के लिए आधार पंजीयन बेहद जरूरी है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजय कुमार गोयल, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी तथा सभी एमओआईसी मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी एके अग्रवाल। ● अमृत विचार



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मंच पर मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में परिणय सूत्र में बंधे 378 जोड़े

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत नगर में 378 नव विवाहित जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए।

मंगलवार की दोपहर धामपुर मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 378 बेटे-बेटियों का विवाह रीति-रिवाज के साथ कराया गया। बीडीओ, कोतवाली देहात ॠषिपाल सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख तृप्ति राजपूत, भाजपा नेता ठाकुर विकास राजपूत ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कि भाजपा सरकार ने निर्धन लोगों को हर तरह की मदद पहुंचाने का कार्य किया है। पहले जहां अनाज व मकान फ्री में दिए गए, वहीं विवाह भी सरकार द्वारा कराए जा रहे हैं।

इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण अतुल कुमार, पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, अरविंद गहलौत, कर्मेंद्र कुमार, एआर कोऑपरेटिव राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे। नव विवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान भी दिया गया।

## सार संक्षेप

### भाकिमसं मोर्चा के इरफान अंसारी बने जिलाध्यक्ष

**बिजनौर, अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद शाहआलम ने नहटौर के मुहल्ला ईदगाह निवासी इरफान अंसारी को जिलाध्यक्ष व नूरूलहक अंसारी को जिला मंत्री नियुक्त किया हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान राशिद, शाहिद, रिहान सलीम, अताऊला, जाहिद, नफीस, फैसल, फईम, गालिब, वसीम, वकील आदि मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र के साथ इरफान नुरूलहक।

### इलाज में लापरवाही में पांच चिकित्सकों समेत सात पर रिपोर्ट

**चांदपुर, अमृत विचार :** सीजेएम अभिनव यादव ने इलाज में लापरवाही बरतने तथा आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद उसका लाभ न देते हुए नकद धनराशि जमा कर इलाज करने के मामले में पांच चिकित्सकों सहित सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश प्रभारी निरीक्षक को दिए हैं। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी मोहम्मद जाहिद निवासी ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र कहा कि पेट में दर्द होने वह उसने पत्नी को एम पारस हैल्थ केयर के प्रबंधक डा. रिजवान इलाही को दिखाया। चिकित्सक ने कुछ टेस्ट कराने के बाद आपरेशन की बात कही। आरोप लगाया कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद उससे 35,000 रुपये जमा करा लिए। डा. शबनम निजाम ने आप्रेशन किया। इसके बाद उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर डा. रिजवान इलाही, मोहम्मद हाजी इरशाद व पार्टनर मोहम्मद समर इलाही ने उसे यह जानते हुए भी मुरादाबाद में ऐसे अस्पताल में रेफर कर दिया जहां आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिला। मुरादाबाद केअस्पताल में भी उससे 25,000 रुपये जमा कराने के बाद इलाज किया। इसके बाद पीड़ित ने अपनी पत्नी को बिजनौर स्थित बीना प्रकाश अस्पताल में दिखाया। वहां दोबारा आपरेशन करने के बाद उसकी पत्नी को आराम मिला। वादी का आरोप है कि आरोपी डा. रिजवान इलाही, डा. शबनम निजाम, मोहम्मद हाजी इरशाद, मोहम्मद समर इलाही, डा. नमरा कमर, डा. नाजरीन ने हमसाज होकर उसकी पत्नी का गलत इलाज किया। जिसके कारण उसकी पत्नी की हालत बिगड़ी गई। उसे आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद इसका लाभ नहीं दिया गया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



देश को कुष्ठ रोग से मुक्त करने की शपथ लेते लोग। ● अमृत विचार

### कुष्ठ रोग से देश को मुक्त करने की ली शपथ

**नगीना, अमृत विचार :** जनता को कुष्ठ रोग से मुक्त करने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में मंगलवार को वार्ड 11 में सभासद के पति आफताब मुल्तानी ने वार्ड वासियों को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। कहा कि किसी भी व्यक्ति को सफेद दाग या त्वचा में कोई परेशानी हो तो वह वार्ड सभासद, बीएलओ या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखा सकते हैं। उन्होंने वार्ड वासियों को शपथ दिलाई कि कुष्ठ रोग से देश को मुक्त करना है। इस मौके पर गुलजार अहमद, भूरे, इरफान, परवेज, अतीक, अहमद अमीर, मेहताब अहमद, मोहम्मद असलम महबूब, गौसिया मधु, शोएब आदि मौजूद रहे।

### शहीद दिवस पर दी देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

**बिजनौर, अमृत विचार :** शहीद दिवस के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को कलेक्ट्रेट परिसर में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। देश की आजादी के लिए लाखों देशवासियों ने प्राणों की आहुति दी हैं। हमें भी देश के प्रति अपने कर्तव्यों व दायित्वों का ईमानदारी से पालन करते हुए सेवा करनी चाहिए। यही शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते अब्दुल मन्नान। ● अमृत विचार

### अमरोहा के सांसद का किया स्वागत

**किरतपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली और नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट से समाजवादी के संभावित प्रत्याशी पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार चेयरमैन अब्दुल मन्नान के घर पहुंचे। जहां उनका कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। चेयरमैन ने बताया कि यह राजनीति कार्यक्रम नहीं था। कुंवर दानिश अली से उनके पुराने रिश्ते हैं। इस दौरान कोई राजनितिक चर्चा नहीं हुई। हम समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही हैं, पार्टी हाईकमान जिसे टिकट देगा उस प्रत्याशी का चुनाव तनमन धन से लडाएंगे। इस मौके पर मोहम्मद फैजान, मोहम्मद शादान, मोहम्मद रमजान, ताहिर राणा, मोहम्मद आकिल, मुन्नू मकरानी, सभासद लाला कुरैशी, सभासद मोहम्मद रहीश, आदिल जैदी आदि मौजूद रहे।

# आत्महत्या करने गंगा बैराज पर पहुंची महिला को बचाया

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

▸▸ वीडियो बनाकर किया वायरल पति व पुलिस पर लगाए आरोप

**अमृत विचार :** पति से परेशान महिला आत्महत्या करने गंगा बैराज पहुंची। इसके बाद उसने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसमें महिला ने पति पर दूसरी शादी करने और पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को जिम्मेदार बताकर आत्महत्या करने की बात कही। वीडियो का संज्ञान लेकर पहुंची पुलिस ने उसे समझा-बुझाकर सकुशल बचा लिया।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक मिनट 27 सेकंड का वीडियो वायरल हुआ। इसमें महिला खुद को ग्राम फरीदपुर दरगो निवासी कविता बता रही है। वह गंगा में कूदकर आत्महत्या करने की बात कह रही है। महिला वीडियो में कह रही है कि मैं मरने वाली हूं। अपनी जान दे दूंगी। मैं बहुत ही परेशान हूं। मैं अब अपने आप को बहुत ही दर्दनाक मौत देने वाली हूं। पुलिस मेरी लाश बैराज से उठा कर ले जाए। वह कह रही है मैं पांच माह से बहुत परेशान हूं। पति ने दूसरी शादी कर ली है। मैंने थाने में सूचना भी दी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मेरी मौत के जिम्मेदार मेरा पति, पुलिस और ससुराल वाले होंगे। पुलिस ने काउंसलिंग के बाद महिला को परिजनों को सौंप दिया। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि महिला के खिलाफ भी उसके ससुराल वालों ने केस दर्ज कराया है। महिला उस केस में कोई कार्रवाई नहीं चाहती है। उसे आश्वासन दिया गया है कि उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले में अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दो वक्त की रोटी खाना ही जीवन नहीं : मनोज

**धामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर की दिलशाद कालोनी में संविधान जागरुकता विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजिन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार रहे। लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान को लेकर विचार रखे।

मुख्य अतिथि पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने कहा कि इस समय समाज की विचारधारा गलत होती जा रही है। हमारे समाज को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। दो वक्त की रोटी खाना ही जीवन है तो ऐसे जीवन जीने से क्या फायदा। कार्यक्रम में डॉ. जावेद, कौशल सिंह, सुनील कुमार, नईम अहमद, गजराज सिंह, शमशेर सिंह, मुख्तार अंसारी, महेश कुमार, मुकेश कुमार, सौरभ सिंह, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी को मजबूत करने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 26 जनवरी से जिले के सभी ब्लाकों में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिला मुख्यालय पर समापन किया गया। इसमें जिले के कोने-कोने से कांग्रेसी जिला कांग्रेस कार्यालय पर इकट्ठा हुए।

इसके बाद जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी एवं शहर अध्यक्ष मीनू गोयल के नेतृव में न्याय यात्रा रामधुन गाते हुए मुख्य डाक घर चौक, शम्भू दयाल चौक, घंटाघर, पुरानी तहसील चौक, शम्भा बाजार, जैन मंदिर, डा. मदन मोहन चौक होते हुये गांधी पार्क पर पहुंची और गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मीनू गोयल ने यात्रा को सफल बनाने लिए सभी का धन्यवाद किया। आशा व्यक्त की कि कांग्रेसी भविष्य में भी एकजुटता के साथ पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना योगदान देंगें तथा राहुल गांधी को मजबूत करेंगे। देश-प्रदेश से भाजपा को उखाड़ फेंकने का कार्य करेंगे। कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते रहेंगे।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालते कांग्रेसी ● अमृत विचार

▸▸ जिला मुख्यालय पर हुआ कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का समापन

यात्रा में जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव नजाकत अल्वी, पूर्व प्रदेश सचिव सुधीर पाराशर, पूर्व मंत्री ओमवती देवी, हाजी नसीम अंसारी, आरके सिंह, मीनाक्षी सिंह, मुस्तकीम राईन, कमलेश भुईयार, मोहम्मद सलीम अहमद, मेराज सिद्दीकी, खुर्शीद अनवर कासमी, मोहम्मद निजामुद्दीन, शमीम कुरैशी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# आजम खां सीतापुर जेल से कर सकते हैं रामपुर में लोकसभा के प्रत्याशी का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। हालांकि अभी तक रामपुर से किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि आजम खां सीतापुर जेल से ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकते हैं। इसे लेकर सपाइयों में चर्चा तेज हो गई है। सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कहा कि रामपुर सीट पर फैसला आजम खां करेंगे।

मंगलवार शाम लोकसभा चुनाव-2024 के लिए सपा प्रत्याशियों की एक सूची तेजी से वायरल हुई। इसमें काफी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। लेकिन रामपुर से अभी तक किसी भी प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया गया है। जब इस बारे में कुछ सपाइयों से जानकारी ली गई, तो उन्होने बताया कि आजम खां के हस्तक्षेप के बाद ही रामपुर में प्रत्याशी का नाम घोषित किया जाएगा। माना जा रहा है कि आजम खां के बिना प्रत्याशी के नाम की घोषणा पर कोई फैसला नहीं लिया जाएगा। अब भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उनके बिना रामपुर में टिकट का ऐलान नहीं कर सकते हैं। हालांकि आजम खां और उनका बेटा 18 अक्टूबर से दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सीतापुर और हरदोई जेल में सात साल की सजा काट रहे हैं। लेकिन अखिलेश यादव उनसे मिलने अभी तक नहीं गए हैं। जबकि कुछ नेता उनसे मिलकर आ चुके हैं। अब भी पार्टी में उनका कद बरकरार है।

### एमएलए के टिकट की भी जेल से ही हुई थी घोषणा

सीतापुर जेल से आजम खां की ओर से सांसद प्रत्याशी की घोषणा करना कोई बड़ी बात नहीं है। इससे पहले भी आजम खां विधानसभा के चुनाव के दौरान सीतापुर जेल में बंद थे, जहां उन्होने खुद ही शहर विधान सभा सीट के लिए चुनाव में प्रत्याशी बन गए थे। उन्होने इस दौरान भारी मतों से जीत हासिल की थी।

> रामपुर में लोकसभा प्रत्याशी के नाम की घोषणा पूर्व मंत्री आजम खां की ओर से घोषित की जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां पूरी हैं और गांव-गांव लोगों तक सपा का संदेश पहुंचाया जा रहा है।
>
> -वीरेंद्र गोयल, सपा जिलाध्यक्ष

## पिकअप से टकराकर ट्रक के नीचे घुसी बाइक

**मिलक, अमृत विचार :** पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सामने से आ रहे ट्रक के नीचे फंस गई। हादसे में फर्नीचर कारीगर दो भाई घायल हो गए। ट्रक का टायर फट गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में लोगों ने घायलों को सीएचसी भिजवाया।

क्षेत्र के गांव नगला उदई निवासी रिहान व इमरान फर्नीचर का कार्य करते हैं। रठौंडा चौराहे पर उनकी दुकान है। मंगलवार सुबह दोनों भाई काम करने बाइक से केमरी जा रहे थे। सिहारी गांव के पास पिकअप ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक सामने से आ रहे ट्रक के नीचे फंस गई। ट्रक बाइक को करीब 50 फिट तक घसीटता हुआ ले गया। ट्रक का टायर फटने के बाद चालक ने ट्रक रोका। इसके बाद लोगों ने बाइक को ट्रक के नीचे से निकाला।

# दुकान के मालिक ने ही चुराया था सात लाख रुपये का सोना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ कर्जदारों से बचने को उठाया कदम दुकान स्वामी समेत दो गिरफ्तार

**अमृत विचार:** सराफा कारीगर की दुकान से सोना चुराने का मंगलवार दोपहर पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने दुकान मालिक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। मालिक ने पुलिस को बताया कि कर्जदारों से बचने को उसने चोरी की थी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मछली बाजार निवासी बाबुल मलिक ने सराफा बाजार में किराये पर दुकान ले रखी है। शुक्रवार रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। उसने पुलिस बताया था कि रात किसी समय चोर मौका पाकर उसकी दुकान का ताला तोड़कर कई ग्राम सोना चुराकर ले गए थे। सुबह उसने देखा तो दुकान के ताले टूटे पड़े थे। उसने पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। बाद में उसने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस लगातार चोरों को तलाश रही थी। पुलिस ने शक होने पर दुकान मालिक यासीन मलिक और उसके साथी फैज को गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर यासीन मलिक ने बताया कि वह काफी लोगों का कर्जदार हो चुका था। उससे निपटने के उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंगलवार को सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने घटना का खुलासा किया। पुलिस को दोनों के पास से 140 ग्राम सोना मिला। सोने की कीमत लगभग सात लाख रुपये बताई गई है। पुलिस को एक स्कूटी भी मिली है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# आज आ सकता है डूंगरपुर के एक मामले में फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ सपा नेता आजम खां समेत सात लोग हैं आरोपी

**अमृत विचार:** सीतापुर जेल में दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां के खिलाफ डूंगरपुर मामले में बुधवार को फैसला आ सकता है। इसमें आजम खां समेत सात लोग आरोपी हैं। इससे पहले चार मामलों में फैसला आ चुका है।

सपा शासनकाल में डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पर पहले से कुछ लोगों के मकान थे। सरकारी जमीन बताकर तीन फरवरी 2016 की सुबह मकानों को तोड़ दिया गया था। इसके करीब एक साल बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया था। भाजपा की सरकार आने पर डूंगरपुर के बाशिंदों ने 25 जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने बस्ती में आसरा आवास बनाने के लिए उनके घरों को जबरन खाली कराया था।

उनके साथ मारपीट और लूटपाट की गई थी। इन मुकदमों में पहले आजम खां नामजद नहीं थे, लेकिन विवेचना के दौरान जो आरोपी गिरफ्तार किए थे। मकान गिरवाने और लूटपाट करने के मामले में सेवानिवृत्त सीओ आले हसन खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां,सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान, बरकत अली ठेकेदार, फिरोज खां सहित सात लोग शामिल हैं। इन मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में चल रही है। इनमें एक मामला रूबी पत्नी करामत अली की ओर से दर्ज कराया गया था, जिसमें सुनवाई पूरी हो चुकी है। अब इस मामले में बुधवार को फैसला आ सकता है।

## अधिकारी योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण करें

**हापुड़, अमृत विचार :** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक विकास भवन सभागार में सांसद लोकसभा क्षेत्र मेरठ-हापुड़ राजेन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरकार की तमाम योजनाओं की समीक्षा की गई।

सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने अधिकारियों से योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि शासन से स्वीकृत योजनाओं को व्यवहार में लाकर लोकार्पण और शिलान्यास करा लें। प्रधानमंत्री आवास योजना में बने मकानों के लाभार्थियों को शीघ्र चाभी दिलाएं। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं पर सांसद के निर्देशों के अनुरूप काम करें। अधिकारियों से जनसुनवाई में अधिक समय तक बैठने तथा शिकायतकर्ता को गंभीरतापूर्वक लेने के लिए कहा।

# दो बार मिड टर्म में उपस्थित न होने पर नहीं मिलेगा परीक्षा का अवसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बरेली कालेज में प्राचार्य ने बैठक के बाद लिया निर्णय जरूरत पर लगेगा जुर्माना

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में मिड टर्म में दो बार उपस्थित न होने पर छात्र को परीक्षा का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके लिए छात्र जिम्मेदार होगा। यदि छात्र को मौका भी दिया गया तो उससे जुर्माना लिया जाएगा। यह निर्णय प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने मंगलवार को बैठक में लिया। अगली प्रवेश प्रक्रिया से पहले कालेज प्रास्पेक्ट्स में मिड टर्म, वोकेशनल परीक्षा की सभी शर्तें और नियमावली छापी जाएंगी।

प्राचार्य ने सभी विभाग प्रभारियों, चीफ प्राक्टर ,डीएसडब्ल्यू, स्थापना प्रभारी, मीडिया प्रभारी, प्रवेश नियंत्रक और मिड टर्म प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में स्नातक पंचम सेमेस्टर में अनिवार्य पेपर इंडस्ट्री प्रशिक्षण, सर्वे और प्रोजेक्ट की परीक्षा का डीएसडब्ल्यू और परीक्षा नियंत्रक बीनम सक्सेना ने खाका पेश किया। जिसमें बताया गया कि सभी विभाग प्रभारियों और शिक्षकों का परीक्षा में रहना और समय पर मूल्यांकन अनिवार्य होगा। अतिरिक्त शिक्षक भी लगाए जा सकते हैं। मिड टर्म परीक्षा में सिर्फ दो बार छात्रों को मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी गैरहाजिर रहने वाले विद्यार्थियों की जिम्मेदारी खुद होगी।

जरूरत पड़ने पर जुर्माना लगाकर मौका दिया जाएगा। मिड टर्म परीक्षा की व्यवस्था के लिए धनराशि के लिए सचिव प्रबंध समिति से निवेदन किया जाएगा। परीक्षा की सूचना 10 दिन पहले सभी माध्यमों से दी जाएगी। बैठक में प्राचार्य ने स्नातक सम सेमेस्टर और विषम सेमेस्टर की कक्षाएं भी संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा बोर्ड ऑफ स्टडीज के संज्ञान के बगैर नए-नए प्रश्नपत्र को सीधे परीक्षा में शामिल करने पर कई शिक्षकों ने नाराजगी जताई।

कॉलेज के करीब तेरह सौ कला स्नातक और एक हजार विज्ञान स्नातकों की इस कंपल्सरी परीक्षा के लिए विषय चयन के बारे में सभी विभागों को जानकारी दे दी गई है। बैठक में प्रो. एनबी सिंह, प्रो. पंपा गौतम, प्रो. सदरे आलम, प्रो. नूरुल हक, प्रो. वीपी सिंह, प्रो. स्वदेश सिंह मौजूद रहे।






## आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है भाजपा: अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। ये विचार समाजवादी पार्टी मुख्यालय के लोहिया सभागार में में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को व्यक्त किए। अखिलेश ने अपने कार्यकर्ताओं को चेताया कि सन् 2022 का परिणाम सबको निगाह में रखना चाहिए। जनता ने तो सपा के पक्ष में फैसला कर लिया था लेकिन प्रशासनिक धांधली कर, मतदाता सूची में गड़बड़ी करके जनता के निर्णय से खिलवाड़ किया गया। हमें इसलिए हर स्तर पर 2024 के चुनाव को गम्भीरता से लेना है।

# महिलाओं को रोजगार देने में बरेली प्रथम

## लखनऊ पीछे, आजीविका का दावा, स्वयं सहायता समूह को नहीं बांट पाए ऋण

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**



**सीएम डैशबोर्ड में बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप 5 में**

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रदेश में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गठित स्वयं सहायता समूह खोखले साबित हुए। मिशन ने महिला समूहों का गठन तो खूब किया, लेकिन उन्हें चलाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं दिला पाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक बात करें तो समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज यानी ऋण दिलाने में बरेली पहले स्थान पर है। जबकि अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप-5 में हैं। लेकिन राजधानी लखनऊ 38वें स्थान पर है। यह प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सामने आई है। जो पारदर्शिता के साथ मिशन के कार्य और लापरवाही बता रही है। दिसंबर में राजधानी को खराब प्रगति पर डी ग्रेड श्रेणी में रखा गया है। यहां 2892 समूह को क्रेडिट लिंकेज कराने का लक्ष्य था जिसमें 1,147 समूह का लक्ष्य ही हासिल हुआ। इससे जिले की प्रगति 39.66 प्रतिशत है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह कार्य जिले के हैं। वहां के अधिकारियों को ही प्रगति सुधारनी है।

**...तो नहीं चल रही विभागों की आंकड़ेबाजी :** दरअसल, इस वर्ष मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लागू हुआ था। इसमें विभागों द्वारा लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति ऑनलाइन फीड की जाती है। डैशबोर्ड विभागों की वेबसाइट के साथ शासन से लिंक है। इसलिए इसमें प्रगति के फर्जी आंकड़े या फिर एडवांस विभाग नहीं भर पा रहे हैं। जो नीचे कुछ और ऊपर कुछ भेजते थे। इसलिए ज्यादातर विभागों की सही प्रगति अब सामने आ रही है।

### गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर फिसड्डी

स्वयं सहायता समूहों का गठन करना और उन्हें ऋण दिलाने का कार्य बरेली, अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत ने बेहतर किया है। इससे इन जिलों को टॉप-5 पर रखा गया है। जबकि सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर सबसे खराब प्रगति पर बॉटम में रखे गए हैं। इनके अलावा अन्य जिलों की भी प्रगति बेहद खराब है। लखनऊ की खराब प्रगति का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने संज्ञान लिया है और बुधवार को बैठक रखी है। मिशन इस खराब प्रगति का कारण नवंबर से चल रही कर्मियों की हड़ताल बता रहा है। तो वहीं बैंकों द्वारा रुचि न लेने का भी हवाला दिया जा रहा है।

**टॉप जिलों का प्रतिशत**

बरेली - 96.74, अंबेडकर नगर - 89.98, बलिया - 87.36, मथुरा - 83.56 और बागपत - 78.42

**फिसड्डी जिलों का प्रतिशत**

गोंडा - 10.3, सीतापुर - 10.91, बाराबंकी - 11.80, संभल - 11.92 और हमीरपुर - 11.96

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद की सुनवाई 22 फरवरी को

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई में सीपीसी की धारा 151 के साथ पठित आदेश VII नियम 11(डी) के तहत वर्तमान वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाए गए। इसके बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की सहमति से पोषणीयता पर सुनवाई सुनिश्चित की गई, जिससे कोर्ट के लिए मूल मुकदमों पर आगे बढ़ना आसान हो सके। इसके साथ ही कोर्ट ने हिंदू पक्ष को आगामी 6 फरवरी तक उन मामलों पर अपनी आपत्तियां दर्ज करने का निर्देश दिया, जिन पर अभी तक आपत्तियां दर्ज नहीं हुई हैं, कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। आवेदनों की सुनवाई आगामी 22 फरवरी को सुबह 11:30 बजे से होगी।

## सार-संक्षेप

### बरेली के सुभाष चंद्र व अमरोहा के पवन कुमार राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य अध्यापक पुरस्कार-2023 के लिए प्रदेश के 13 माध्यमिक शिक्षकों को चुना गया है। राज्य पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों में दो निजी स्कूलों के और 11 सरकारी व एडेड स्कूलों के हैं। लखनऊ से बीकेटी इंटर कॉलेज के रवींद्र कुमार को पुरस्कार मिलेगा। सरकारी और एडेड कॉलेज के राजेश कुमार त्यागी (मेरठ), चंद्रमणि सिंह (वाराणसी), पवन कुमार त्यागी (अमरोहा), सुभाष चंद्र मौर्य (बरेली), केशवर प्रसाद सिंह (सुल्तानपुर), रवींद्र कुमार (लखनऊ), ऋषिपाल सिंह (अमरोहा), डॉ. निखिल जैन (आगरा), डॉ. रामशंकर पांडेय (अमेठी) और लालमन (चित्रकूट) को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं निजी स्कूलों के भूपेंद्र कुमार सिंह (अलीगढ़) और अनिल कुमार मिश्र (कानपुर) का चयन हुआ है। पुरस्कारों के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि निजी स्कूलों के शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाएगा लेकिन एडेड और राजकीय शिक्षकों की तरह सेवा विस्तार और अन्य लाभ नहीं दिए जाएंगे।

### पीडीए को ही हथियार बना चुनाव में उतरेगी सपा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सपा प्रत्याशियों की जारी सूची से यह भी साफ होता दिखता है कि, पार्टी पीडीए को ही चुनावी हथियार बनाकर चुनावी संघर्ष में उतरने तैयारी में है। पार्टी ने जिन 16 प्रत्याशियों की मंगलवार को घोषणा की, उनमें दो खास नामों पर चर्चा की जा सकती है। इन प्रत्याशियों में अपने तीखे बयानों से चर्चा में रहने वाले सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का नाम हैं तो वहीं, दलित नेता अवधेश प्रसाद का नाम है। दलित नेताअवधेश प्रसाद को सपा ने उसी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा सीट) से मैदान में उतारा है जहां श्रीराम का मंदिर बनाकर भाजपा पूरे देश में अपने लिए महौल बनाने में जुटी है। डा. शफीकुर्रहमान बर्क के बयानों के कारण सपा को कई बार असहज स्थिति से गुजरना पड़ा है। कभी मायावती की तारीफ तो कभी मुसलमानों को लेकर आक्रामक बयान देकर भी बर्क के कारण सपा निशाने पर रही है। इन सभी के बाद भी बर्क ने सपा की पहली ही सूची में स्थान बना लिया है।

### सपा नेता आशुतोष सिंह पार्टी से निष्कासित

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मंगलवार को निष्कासित कर दिया। उन्होंटने सपा कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगाया था जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को पलटूराम लिखा गया था। सपा के कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह ने संतकबीरनगर निवासी आशुतोष सिंह को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

### एक तारीख तक होगा संविदा बिजली कर्मियों का भुगतान

**लखनऊ, अमृत विचार :** अब प्रत्येक माह की एक तारीख तक संविदा बिजली कर्मियों का वेतन का भुगतान किया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने इस सिलसिले में सभी वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निर्देश के बाद वितरण कंपनियों ने भी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश सुनिश्चित कराने को कहा है। कारपोरेशन के निर्देश में कहा गया है कि वितरण कंपनियों की ओर से हर हाल में महीने की 25 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियों को धनराशि अवमुक्त की जाय। माह के अंत तक आउससोर्स एजेंसियां आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खाते में मजदूरी की धनराशि स्थानांतरित करें। आगामी माह की चार तारीख तक आउससोर्स एजेंसियां संविदा कर्मियों के ईपीएफ आदि अंशदान का भुगतान सुनिश्चित करेंगी। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन समेत वितरण कंपनियों के कार्यालयों व उपकेंद्रों पर काफी संख्या में संविदा कर्मी कार्यरत हैं।

# बसपा सांसद अतुल राय को मिली अंतरिम जमानत

**विधि संवाददाता, लखनऊ**



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित रेप पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आत्मदाह के मामले में बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। अंतरिम जमानत की अवधि 22 मार्च 2024 तक होगी।

न्यायालय ने अंतरिम जमानत की शर्तें अधिरोपित करते हुए कहा कि इस दौरान अतुल राय को देश के भीतर ही इलाज कराना होगा व वह कोई रैली अथवा पब्लिक मीटिंग में भी भाग नहीं लेंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। अभियुक्त की ओर से खुद के गंभीर रूप से बीमार होने का हवाला देते हुए कहा गया कि वह 27 जुलाई 2019 से जेल में बंद है और इस दौरान तमाम गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो चुका है लेकिन सुविधाएं न होने के कारण उसका इलाज नहीं हो पा रहा है। इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर कथित रेप पीड़िता व उसके साथी को आत्महत्या को उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की रिपोर्ट लिखाई थी।

## अखिलेश के करीबी ने सपा से दिया इस्तीफा

**मैनपुरी, एजेंसी :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा का दामन छोड़ दिया। उन्होंने सपा में पारिवारिक कलह अधिक होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। शहर के स्टेशन रोड निवासी मनोज यादव दो दशक से सपा से जुड़े रहे हैं। वे 2016 में सपा के टिकट पर घिरोर के ब्लॉक प्रमुख भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली थी। वे पर्दे के पीछे से ही सपा की मदद कर रहे थे। उन्हें अखिलेश यादव का बेहद करीबी माना जाता है।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**महात्मा गांधी की शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव: मुख्यमंत्री**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि प्रस्तुत की।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर बापू को याद किया। उन्होंने अपने एक्सि हैंडल पर लिखा, मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू के विचार एक भारत-श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्ण्यनाथ।

**मुख्यमंत्री ने की गोमती की पूजा-अर्चना :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को शहीद स्मारक में आयोजित शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया, फिर गोमती की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में कलाकारों ने रघुपति राघव राजाराम.... भजन का पाठ भी किया। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, विधायक योगेश शुक्ल व जयदेवी आदि मौजूद रहीं।

# चुनाव से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**




**पूजा यादव बनीं सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर शासन स्तर पर हो रहे तबादलों के क्रम में मंगलवार को भी 84 आईपीएस अफसरों को बदल दिया गया। दो दिन पहले भी 65 पुलिस अफसरों के तबादले हुए थे। दरअसल, चुनाव आयोग ने एक ही जगह पर 30 जून 2024 को तीन साल का कार्यकाल पूरा कर रहे अफसरों को 31 जनवरी से पहले इधर से उधर करने का आदेश दे रखा है। इस तबादले में हाल ही प्रमोशन पाए अफसरों को नई तैनाती मिली है। सूची के अनुसार अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर अंकिता शर्मा का पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट में हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है।

शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक संतोष कुमार मीणा को अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर, अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, पुनीत द्विवेदी को अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश, शिवा सिंह को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर, रोहन पी कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, संजय सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी गोरखपुर, वैभव कृष्ण को पुलिस उपमहानिरीक्षक वीआईपी सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी को पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना सूचना मुख्यालय लखनऊ, पूनम को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा और सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर भेजा गया है।

इसी तरह राठौर किरीट कुमार हरि भाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ, शैलेश कुमार यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, शफीक अहमद को पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, राधेश्याम को पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ, राजकमल यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, राकेश पुष्कर को पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, कुलदीप नारायण को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसटीएफ मेरठ, शहाब रशीद खान को पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी-112, अशोक कुमार चतुर्थ को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ तथा प्रदीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ बनाया गया है।

तबादला सूची के मुताबिक अखिलेश कुमार निगम को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, कुंतल किशोर को पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं लखनऊ, मनीराम सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक मानवाधिकार लखनऊ, राहुल राज को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ, प्रमोद कुमार तिवारी को पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, कल्पना सक्सेना को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, पूजा यादव को सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, आनंद कुमार को सेनानायक को 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, डॉ दुर्गेश कुमार को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर और राजधारी चौरसिया को पुलिस अधीक्षक प्रशासन मुख्यालय लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है।

इसी क्रम में बबीता साहू को सेनानायक 27वी वाहिनी पीएसी सीतापुर, कमला प्रसाद यादव को पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक उत्तर प्रदेश लखनऊ, रामसेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, सुरेंद्र नाथ तिवारी को पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, मोहम्मद तारीख को पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार मुख्यालय महानिदेशक लखनऊ, पंकज कुमार पांडे को सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, दयाराम को सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, सर्वानंद यादव को सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, कमलेश दीक्षित को सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, सलमान ताज पाटील को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, विद्यासागर मिश्रा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, तेज स्वरूप को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, डॉ महेंद्र पाल सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ और श्याम नारायण सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

## विपक्षी भी मोदी की सरकार बनाने में कर रहे सहयोगः राजभर

**लखनऊ, अमृत विचार:** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा है कि विपक्ष भी केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग कर रहा है। कुछ नेता करीब आकर तो कुछ नेता दूर से ही सहयोग करने में जुटे हैं। नीतीश कुमार एनडीए में आकर अब करीब से साथ दे रहे हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी दूर से ही सहयोग कर रहे हैं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में राजभर ने सवाल किया कि दिनभर भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अखिलेश भाजपा के बड़े नेताओं के पास गुलदस्ता लेकर क्यों जाते हैं? सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बारे में राजभर ने कहा कि वह इस समय दुखी हैं। क्योंकि, उनके हिसाब से सपा नहीं चल रही है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने यहां कहा, पश्चिमी उप्र. में राजभर की सभाओं में उमड़ रही भीड़ को देख अखिलेश घबरा गए हैं। भाजपा का लक्ष्य यूपी से सभी सीटें जीतने का है।

## वर्ग पहेली-328

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| 6 | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| | ■ | 8 | | | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली - 327 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | ■ | ■ | 3 शि |
| ■ | यू | ■ | 4 जी | ■ | ली |
| ■ | 5 स | रा | व | गी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 6 घ | 7 म | क | ना | ■ |
| ■ | ■ | सू | ■ | ■ | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | ■ | ड़ा |

## सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 8 | | |
| | | 1 | 5 | | | | | 7 |
| | 3 | | | 8 | | 9 | | 4 |
| | | 5 | 2 | | | 7 | | 8 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 2 | | 9 | | | 6 | 1 | | |
| 7 | | 3 | | 9 | | | 8 | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### सुडोकू - 44 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**वृष** – आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मिथुन** – आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क** – आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**सिंह** – आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**कन्या** – आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

**तुला** – आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**धनु** – आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**मकर** – आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

**कुंभ** – आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन** – आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- तकदीर का तमाशा – सुबह : 10.00
- रंग – रात : 07.00

**Sony Max**
- सेटर्स – सुबह : 10.46
- केजीएफ : चेप्टर 2 – रात : 09.02

**Sony Pix**
- मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 09.54
- स्पाइडर मैन 2 – रात : 08.45

**Zee Cinema**
- आवारापन – सुबह : 10.30
- रावणासुर – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- दस – सुबह : 09.53
- मोतीचूर चकनाचूर – रात : 10.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 840।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### मोदी दो फरवरी को वाहन क्षेत्र की कंपनियों को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो फरवरी को 'भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी' के प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तीन दिन की यह वाहन प्रदर्शनी एक फरवरी को यहां भारत मंडपम में शुरू होगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य वैश्विक बाजार में भारत की ताकत को प्रदर्शित करना है।

### सोने के आयात पर बढ़ा शुल्क वापस लेने की मांग

**मुंबई।** रत्न एवं आभूषण उद्योग ने सोने के आयात पर बुनियादी सीमा शुल्क (बीसीडी) में की गई बढ़ोतरी को अंतरिम बजट में वापस लेने का अनुरोध करते हुए एक तर्कसंगत कर संरचना लागू करने की मांग की है। उद्योग निकाय ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा-आभूषण उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब सात प्रतिशत का योगदान देता है।

# डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार

## अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी


केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं



का शुभारंभ किया गया है।

शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा-इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे।

### किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता



**जबलपुर (मप्र)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा–जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था।

अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

### जी-सोनी विलय: एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

**मुंबई।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

# ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

▸▸ **पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

नई दिल्ली, एजेंसी

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा-ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 74,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050–48,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजनाओं में बदलाव पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और दवा सहित कुछ क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि शीर्ष अधिकारियों से बदलावों की मंजूरी लेने के लिए मंत्रिमंडल टिप्पणी (नोट) को अंतिम रूप दिया गया है। बदलावों से इन क्षेत्रों को अधिक कंपनियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस योजना की घोषणा 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसमें दूरसंचार, 'व्हाइट गुड्स', चिकित्सकीय उपकरणों का विनिर्माण, मोटर वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और दवा शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक जैसे कुछ क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अन्य का प्रदर्शन अभी तक उतना अच्छा नहीं रहा है। सरकार ने अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक और दवा समेत आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

### सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में भी 300 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

▸▸ **रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 802 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ



21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।



# हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

## भारत जोड़ो-न्याय यात्रा: पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

पूर्णिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। • एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

### विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी



नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत मर जाएगा"। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

### बलात्कार पीड़िता को मिली 23 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में एक बलात्कार पीड़िता की 23 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दे दी और राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल को इस उद्देश्य के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की सलाह भी दी है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पीड़िता एक समस्या का सामना कर रही थी और 21 सप्ताह के बाद जब उसकी गर्भावस्था का पता चला तो वह एक दर्दनाक स्थिति में थी। देश के कानून के अनुसार 20 सप्ताह या उससे अधिक पुरानी गर्भावस्था को अदालत की अनुमति के बाद ही समाप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने मामले की सुनवाई करते हुए दक्षिण कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया।

# जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

**उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर



में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

### शुआट्स के कुलपति और अन्य को धर्मांतरण मामले में प्राप्त गिरफ्तारी से संरक्षण बढ़ा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण, दुष्कर्म और अनैतिक तस्करी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहार लाल और संस्थान के कुछ अन्य अधिकारियों को प्राप्त गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मंगलवार को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय की एक पूर्व संविदा कर्मचारी ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चार नवंबर, 2023 को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कुलपति की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

## एक नजर

### राष्ट्रपति, मोदी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

### मणिपुर में गोलीबारी में दो व्यक्तियों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में मंगलवार को एक शिविर पर अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर लमशांग इलाके में कडांगबंद गांव के पास स्थित शिविर में हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 33 वर्षीय एन. माइकल और 23 वर्षीय एम. खाबा के रूप में हुई है।

## जब तक जीवित हूं, सीएए लागू नहीं होने दूंगी : ममता

**रायगंज (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

## प्रेम प्रसंग में शिक्षक ने 2 सहकर्मियों की गोली मारकर की हत्या

▸▸ **झारखंड के गोड्डा जिले के एक स्कूल में हुई वारदात**

रांची, एजेंसी

झारखंड के गोड्डा जिले में एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने 'प्रेम प्रसंग' को लेकर अपने दो सहकर्मियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर बुरी तरह घायल कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर पोरइयाहाट के चतरा अपग्रेडेड स्कूल में पूर्वाह्न करीब 11 बजे घटी। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया-दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले जिनमें एक महिला थी। वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वे वहां पहुंचे और कमरे को अंदर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

# बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

▸▸ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

### सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

### पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

# संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

**बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी**

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, "संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं।" यह आदेश उपमंडल



अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

